ĀRYABHAṬĪYAM

WITH

SANSKRIT COMMENTARY AND HINDI VYĀKHYĀ

BY

Pt. Shri Baladeva Mishra, *Jotiṣāchārya*

CHIEF EDITOR

Shri S. V. Sohoni, M. A., I. C. S.

PUBLISHED BY

THE BIHAR RESEARCH SOCIETY, PATNA

1296

आर्यभटीयम्

व्याख्योपपत्तिसहितं हिन्दीव्याख्यासंवलितञ्च

व्याख्याकारः

श्रीबलदेवमिश्रो ज्योतिषाचार्यः

प्रधान संपादकः

श्रीश्रीधरवासुदेव सोहोनी, एम० ए०, आइ० सी० एस०

विहार रिसर्च सोसाइटी, पटना द्वारा प्रकाशितम्

LIST OF OFFICE BEARERS

AND

MEMBERS OF THE COUNCIL

OF THE

Bihar Research Society

for the year 1966-67

Patron :

Shri M. A. S. Ayyangar, Governor of Bihar

Vice-Patron :

Pandit L. K. Jha,
Former Chief Justice of Bihar

President :

Kumar Shri Ganganand Sinha

Centre for the Arts

Vice-Presidents :

Justice Shri S. C. Mishra
Shri S. V. Sohoni
Dr. K. K. Datta

Secretary :

Prof. Aniruddha Jha

Jt. Secretary :

Prof. P. N. Sharma

Treasurer :

Dr. B. Upadhyaya

Librarian :

Dr. Madan Mohan Singh

Chief Editor :

Shri S. V. Sohoni

Editor, Indian Numismatic Chronicle :

Shri S. V. Sohoni

विषय सूची

विषयाः	पृष्ठ

निवेदनम्

आर्यभटीयः आर्यभटकृत ज्योतिषग्रन्थः प्रथम पौरूष ज्योतिषसिद्धान्तग्रन्थः परमेश्वरकृत भटदीपिकाटीकासहितः आदौ डा० कर्णेन प्रकाशितः पश्चात् नीलकण्ठकृतभाष्यसहितः एष एव ग्रन्थः त्रिवेन्द्र नगरे मुद्रितो जातः। टीकाद्वयं प्राचीनव्याख्यारूपं गद्यपद्यमिश्रितम्। इदानीन्तनाः पाठकाः नवीनरीत्या क्षेत्रादिसंवलितां सरलया स्वल्पया भाषया निवद्धां व्याख्यां पठितुमिच्छन्ति। गतवर्षे आर्यभटजयंतीमहोत्सवे विहाररिसर्चसोसाइटी प्रबन्धकारकाणां विशिष्टसभ्यानामनुमत्या विशेषतस्तदुपसभापति श्रीश्रीधर वासुदेवसोहोनी महोदयानामाज्ञया मयापि नवीना सोपपत्तिका टीका हिन्दीव्याख्या संवलिता च लिखिता। अहमल्पमतिः। आर्यभटवाक्यरहस्यं ज्ञातुमक्षमस्तथापि पूर्वकथितटीकाद्वयमवलम्ब्य नवीनाचार्याणां गुरूवर महामहोपाध्याय सुधाकरद्विवेदि महोदारचरितानां भिन्नभिन्न ग्रंथस्थटीकाबलमवलम्ब्य च यथामतीयं टीका विरचिता। विहाररिसर्चसमितेराग्रहं विना एतट्टीकालिखने मम प्रवृत्तिर्नाभविष्यत् यतोहि गुरूवरैर्द्विवेदिभिः गणकतरङ्गिण्यां आर्यभटवर्णने लिखितं "अत्र टीकाकाराणां व्याख्या न विश्वासयोग्या"। आर्यभटीयस्य शुद्धपाण्डुलिपि प्राप्तेरभावात् तैरत्र स्वयं व्याख्या न निर्मिता। मन्येऽनया नवीनव्याख्यया आर्यभट कृतिपिपठिषूणां यत्किञ्चिन्मनोविनोदः स्यात्। तथास्य प्रकाशने मुद्रणस्यासौकर्याद्बहुधा त्रुटिर्जाता। मम दृष्टिदोषात् वुद्धिदोषाच्च बहुत्र त्रुटेः संभावना। सर्वास्ताः संशोध्य बुद्धिमन्तः सज्जनाः गाणितिकाः उत्तमां टीकामत्र विधास्यन्तीत्यभिलषति—

पाटलिपुत्रम्
दिनांक १३-४-१९६६

श्रीबलदेवमिश्रः

संपादकीय

आश्विन या कार्त्तिक में मगध का आकाश ताराग्रह और नक्षत्रों से रात्रि में भरा हुआ देखने को जिन्हें सौभाग्य मिला है उन्हें डेढ़ हजार वर्ष पहले उसी आकाश को देखकर ज्योतिष शास्त्र का गंभीर अध्ययन करके भारतीय विज्ञान के इतिहास में अपना स्थान स्थिर रखने वाले विद्वत्शिरोमणि आर्यभट की जीवनी की कल्पना करना कठिन नहीं होगा।

उस समय पाटलिपुत्र एक महान् साम्राज्य का प्रमुख केन्द्र था। उसके समीपवर्त्ती नालन्दा आदि महाविद्यापीठों में विज्ञान और अन्य शास्त्रों की प्रचुर चर्चा होती थी। बड़ी-बड़ी नदियों पर सात समुद्रों और अठ्ठारह द्वीपों से विस्तृत पैमाने पर व्यापार चलता था; और उत्तरापथ के सार्थवाह बड़ी-बड़ी संख्या में अपना आवागमन करते थे। ऐसी परिस्थिति में विदेश के शास्त्रों का भी परिचय यहाँ के विद्वान रखते थे। गुप्त सम्राटों का राजकीय संबन्ध रोम नगरी से पर्याप्त था। कीदर, शक राजा और अन्य कुषाण तथा पारसिक राजाओं से जो राजनैतिक संबन्ध थे उसी का वह परिणाम था। प्रतिवर्ष अभियान होते थे, सीमावाद उठते थे और संग्रामों में प्राण-हानि होती थी। जिसके कारण, प्रत्येक सम्राट को भिन्न-भिन्न देशों में जो वैज्ञानिक प्रगति होती थी उसका समाचार और जानकारी रखना अनिवार्य सा था।

विशेषत: वैद्यक और ज्योतिष शास्त्रों के सम्बन्ध में भारत में प्राचीन काल से ही बड़ी जिज्ञासा जाग्रत थी। जिस प्रकार भारतीय सिद्धान्तों को विदेशों में संचलन दिया जाता था उसकी प्रतिक्रिया में बाहर के भी सिद्धान्त भारतीय विद्वानों के सामने उपस्थापित होते थे और मान्यता पाते थे।

आर्यभटीय ग्रंथ इसी बात का द्योतक है कि यहाँ के एक अत्यन्त मेधावी गणितज्ञ ने समकालीन सिद्धान्तों का सूक्ष्म अध्ययन किया; और उन्हें आत्मसात् करके अपनी परिभाषा में प्रकट किया।

आर्यभटीय के कर्त्ता ने अपने जीवन की प्राथमिक अवस्था में यह ग्रंथ लिखा। इसका स्वरूप बहुत लघु है। चन्द सिद्धान्तों को सीमित संख्या के श्लोकों में निवद्ध करके आर्यभट ने सदा के लिये इस विषय पर अपना प्रभुत्व अंकित किया है। भारत में अत्यन्त अल्प अवधि में गणित करने की प्रथा बहुत प्राचीन काल से जारी रही है। उस प्रथा के आधार पर ग्रंथ-कर्त्ता ने ज्योतिष शास्त्र के लिये वर्णाक्षर और आंकड़ों का समन्वय करके अपनी स्वतंत्र परिभाषा निर्माण की। छोटे आकार का ग्रंथ लिखना और इस परिभाषा की रचना करना इन दोनों बातों में आर्यभट का उद्देश्य यही रहा होगा कि विद्यार्थियों के लिये पठन-पाठन इसी प्रकार सहज-सुलभ हो जाय। बृहत् संहिताकार लिखते हैं कि बड़े-बड़े ग्रंथ उनके काल के पहले संक्षिप्त किये गये: **"मुनिभिः पारंपर्येन संक्षिप्तीकृतम्"**। बृहत संहिता के विख्यात टीकाकार भट्टोत्पल (शक ८८८) ने पूर्ववर्त्तीय ग्रंथों से प्रचुर मात्रा में उद्धरण दिये हैं। उस स्वर्ण युग में भारत बुद्धिमान देशों में अग्रगण्य था; और विद्वत् सभाओं में धार्मिक तत्त्वों के साथ शास्त्रीय सिद्धान्त और विज्ञान की भी चर्चा हुआ करती थी। भिन्न-भिन्न शास्त्रों

पर उनकी परिणत अवस्था दर्शित करने वाले बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गये थे। अपनी गुणगंभीर टीका में भट्टोत्पल ने इस उज्ज्वल परिस्थिति के समर्थक शतसः प्रमाण दिये हैं।

इस पार्श्वभूमि में आर्यभटीय ग्रंथ को देखना चाहिये। उसका संक्षिप्त स्वरूप ग्रन्थ-कर्त्ता के द्वारा समकालीन सिद्धान्तों का जो सूक्ष्म अध्ययन हुआ उसका निदर्शक है। ज्योतिष शास्त्र बार-बार प्रचिति देने वाला शास्त्र है—

बहूनि सन्ति शास्त्राणि,
विवादास्तेषु केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं,
चन्द्राकौं यत्र साक्षिणौ ॥

जब दृष्टिकोण दृक् प्रत्यय का था तब पाटलिपुत्र के एक विद्वान नागरिक ने केवल शास्त्रीय आधार पर पृथ्वी एक गोल है—

यद्वत् कदंबपुष्पग्रंथिः प्रचितः समन्ततःकुसुमैः।
तद्वद्धि सर्वसत्त्वैर्जलजैः स्थलजैश्च भूगोलः ॥

यह भूगोल का सर्वसम्मत सिद्धान्त अपने संक्षिप्त ग्रंथ में स्थापित किया। यह महान् कौतूहल की बात हो जाती है—

वृत्तभपञ्जरमध्ये कक्ष्या परिवेष्टितः खमध्यगतः।
मृज्जलशिखिवायुमयो भूगोलस्सर्वतो वृत्तः ॥६॥

पृथ्वी न केवल गोल आधार की है उसकी दैनन्दिन गति भी है—

अनुलोमगतिनौंस्थः पश्यत्यचलं विलोमगं यद्वत्।
अचलानि भानि तद्वत् समपश्चिमगानि लंकायां ॥ —गोलपाद

यह भी आर्यभट के ग्रंथ में लिखा हुआ है।

यह कहना कठिन है कि पृथ्वी-प्रदक्षिणा सूर्य की चारों ओर होती है यह बात आर्य-भट को मालूम थी या नहीं।

आर्यभटीय बहुत संक्षिप्त ग्रंथ होने पर भी उसमें दुर्बोधता नहीं आई है। सिद्धान्तभूत महत्त्व के विषयों का प्रतिपादन करने के हेतु से उसकी इस प्रकार रचना की गई। व्यवहार में काम लाने के लिये वह ग्रंथ नहीं लिखा गया था। उन्होंने जो सीमित श्लोक रचना की—आर्यभटीय में दशगीतिका भाग के दश श्लोक और आर्याष्टशत भाग के १०८ श्लोक—उनकी संख्या बहुत कम होने के कारण जैसे थे वैसे ही रह गये; और उनमें प्रक्षिप्त ऐसा एक भी श्लोक नहीं मिलता है। इन दोनों भागों के नाम का उल्लेख ब्रह्मगुप्त (शक ५२०) ने स्पष्ट रूपेण किया है।

ब्रह्मगुप्त के खण्डखाद्य ग्रन्थ से, खासकर उसपर वरुण (लगभग शक ९६२) की टीका से अनुमान किया जा सकता है कि आर्यभट ने कुछ विस्तृत करणग्रंथ अवश्य लिखा होगा। वह अभी उपलब्ध नहीं है। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है।

इस विवेचन से यह स्पष्ट होगा कि आर्यभट के पश्चात् ज्योतिष शास्त्र पर लिखने वाले जो पंडित हुए उनको आर्यभट का आर्यभटीय ग्रंथ ही न केवल अध्ययन के लिये मिलता था, आर्यभट के दूसरे ग्रंथ जो वर्त्तमान काल में लुप्त है, उन्हें अवश्य उपलब्ध थे।

अधिकांश अनुवर्त्ती ग्रंथकारों ने आर्यभट को दोष ही दिया है। हो सकता है कि इस संक्षिप्त ग्रंथ को छोड़ आर्यभट के अन्य ग्रंथों को देखकर ही छिद्रान्वेषण की यह प्रवृत्ति इन ग्रंथकारों में हुई होगी। ब्रह्मगुप्त कहते हैं—

> स्वयमेव नाम यत्कृतमार्यभटेन स्फुटं स्वगणितस्य ॥
> सिद्धं तदस्फुटत्वं ग्रहाणादीनां विसंवादात् ॥४२॥
> जानात्येकमपि यतो नार्यभटो गणितकालगोलानां ॥
> न मया प्रोक्तानि ततः पृथक् पृथक् दूषणान्येषां ॥४३॥
> आर्यभटदूषणानां संख्या वक्तुं न शक्यते ... ॥
>
> ब्र० गु० सि० अ० ११

ब्रह्मगुप्त यह भी लिखते हैं कि, "**कालान्तरेण दोष ये अन्यैर्हि प्रोक्ता न ते मया अभिहिताः**"—"जो दूसरों ने दूषण दिया है उसे मैंने नहीं दुहराया है"। परन्तु ब्रह्मगुप्त के पहले और आर्यभट के पश्चात् जो ज्योतिष ग्रंथ हुए उनमें केवल पंच-सिद्धान्तिका में आर्यभट का उल्लेख मिलता है। इससे स्पष्ट है कि जहाँ आर्यभट के विचारों की चर्चा ब्रह्मगुप्त के पहले हुई थी, ऐसे अनेक ग्रंथ वर्त्तमान काल में उपलब्ध नहीं हुए हैं। इस प्रकार भारतीय ज्योतिष शास्त्र की बड़ी हानि हुई है।

ब्रह्मगुप्त के अनुसार आर्यभटीय सिद्धान्तों से ग्रहणादिकों का विसंवाद देखने में आता था—दृक्प्रत्यय सही नहीं था। परन्तु यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। विचार करने पर यह स्पष्ट है कि आर्यभट बहुत महान् ज्योतिर्विद् थे। गुरू तथा बुध इन दो ग्रहों का भगणमान उन्होंने स्वयं निकाला; और पूर्ववर्त्ती ग्रंथों के ग्रह-स्पष्टीकरण में सुधार किया। ब्रह्मगुप्त कहते हैं कि श्रीषेण (शक ४५०) और विष्णुचन्द्र (शक ४५०) इन दो ग्रंथकारों ने आर्यभट के ग्रंथों से स्पष्टीकरण में मन्दोच्च, पात और परिधि की जानकारी ली। ब्रह्मगुप्त छिद्रान्वेषणपटु थे तथापि उन्हें लिखना पड़ा कि, "**वक्ष्यामि खण्डखाद्यकं आचार्यार्यभट तुल्यफलं**"। इतना तो स्पष्ट है कि मूलसूर्यसिद्धांत इत्यादि ग्रंथ होने पर भी आर्यभट के ग्रंथ को ब्रह्मगुप्त के समय प्रधानता मिली। ब्रह्मगुप्त के ग्रंथ आर्यभट के विचारों से कितने तुल्य हैं उसका विचार भूमिका पृ० २२ पर देखा जाय।

प्राचीन पद्धति के प्रचलित ज्योतिष ग्रंथों पर आर्यभट के विचारों का प्रचुर प्रमाण में संस्कार हुआ। आर्यभटोक्त ग्रहगति को लल्ल (लगभग ५६० शक) ने बीजसंस्कार दिया। करणप्रकाश जो शक १०१४ में आर्यपक्ष का करणग्रंथ लिखा गया वह आर्यभटोक्त भगणों पर आधारित ग्रहगति स्थिति को लल्लोक्त बीजसंस्कार दे करके लिखा गया है। इसी प्रकार का दामोदर का करण ग्रंथ शक १३३९ में लिखा गया। ग्रहलाघव में गुरु, मंगल और राहु ये ग्रह करणप्रकाश से लिये गये हैं; और भारत में ग्रहलाघव की मान्यता बहुत प्रदेशों में देखी जाती है।

आर्यभटीय ग्रंथ पाटलिपुत्र में शक ४२१ में आर्यभट ने लिखा। डा० केर्ण को दक्षिण भारत में आर्यभटीय की तीन हस्तलिखित प्रतियाँ मिली थीं जो मलयालम लिपिबद्ध थीं।

सौरमान पंचाग का प्रयोग तामिलनाड और केरल प्रदेशों में होता है जो आर्यपक्ष से सहमत है। बंगाल में आर्य सिद्धान्त बिल्कुल प्रचलित नहीं है। इस परिस्थिति से प्रभावित होकर श्री शंकर बालकृष्ण दीक्षित ने तर्क किया था कि जिस कुसुमपुर के आर्यभट निवासी थे वह कुसुमपुर पाटलिपुत्र नहीं होगा, किन्तु किसी दक्षिण के प्रान्त का कुसुमपुर होगा। इस सम्बन्ध में टीकाकार की चर्चा भूमिका पृ० २ पर देखी जाय।

II

डा० केर्ण का संस्करण दुर्मिल है; और आर्यभटीय के सम्बन्ध में बालबोध तरीके से जानकारी देनेवाला ग्रंथ राष्ट्रभाषा में तो था ही नहीं परन्तु संस्कृत में भी ऐसी कोई रचना सुलभ नहीं थी। कुसुमपुर या पाटलिपुत्र निवासी आर्यभट ऐसे महान वैज्ञानिक के प्रति बिहार रिसर्च सोसाइटी ने अपना उत्तरदायित्व समझकर उनके एकमेव उपलब्ध ग्रंथ का नया संस्करण करने का और प्रतिवर्ष उनकी जयन्ती का उत्सव १३ अप्रील को मनाने का निश्चय किया। इस नव संस्करण का भार पं० श्री बलदेव मिश्र को सौंपा गया।

III

पं० श्री बलदेव मिश्र का जन्म १ नवम्बर १८९६ ई० में सहरसा जिला के सुप्रसिद्ध बनगाँव ग्राम में हुआ। आपकी प्रारंभिक शिक्षा वहीं मातृकुल में हुई। दिनाजपुर जिला की मालदोआर रियासत के राजा श्री टंकनाथ चौधरी से आपको पर्याप्त सहायता मिली; और फलस्वरूप आपकी शिक्षा मिथिला तथा काशी में हुई। आपने ज्योतिष के एक बड़े पंडित श्री गेनालाल चौधरी से भी मिथिला में विद्या प्राप्त की। १९१० ई० में आप वाराणसी के प्रथितयश महमहोपाध्याय पंडित सुधाकर द्विवेदी के शिष्य हुए। अनेक परीक्षाओं में आपने सुचारुरूप से यश पाया, वाराणसी में सम्पूर्ण मध्यमा परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और १९११ ई० में कलकत्ता के ज्योतिषतीर्थ परीक्षा में भी आप प्रथम हुए। १९२० ई० में वाराणसी में आपने ज्योतिषाचार्य की उपाधि पाई।

आप १९२२ ई० से १९३० ई० तक काशी विद्यापीठ में गणित के अध्यापक रहे। १९३६ ई० से १९३९ ई० तक संस्कृत महाविद्यालय, खरखुरा (गया जिला) में आपने अधीक्षक का काम किया। १९४० ई० से १९५१ ई० तक सरस्वती भवन पुस्तकालय, वाराणसी में हस्तलिखितग्रन्थों के सूची निर्माण (केटेलोगर) का काम किया। १९५२ ई० से अभी तक काशी प्रसाद जयसवाल शोध संस्थान में दुर्वोध हस्तलिखितग्रन्थों के वाचन का काम करते आ रहे हैं।

आपकी ग्रंथ-निर्मिति विपुल है। आपने संस्कृत में त्रिकोणमिति लिखी और भास्करीय बीजगणित पर टिप्पणी की है। अपने प्रात: स्मरणीय पूज्यगुरुवर महामहोपाध्याय पंडित सुधाकर द्विवेदी जी के अनेक ग्रंथों का आपने संपादन किया है, उदाहरणार्थ—दीर्घवृत्त, चलन-कलन, चलन-राशि-कलन इत्यादि। आपकी लिखी हुई छै पुस्तकें मैथिली में प्रकाशित हुई हैं। हिन्दी भाषा में आपने छात्र-जीवन नामक ग्रंथ प्रकाशित किया है। आपके अनेक ग्रंथ अभीतक हस्तलिखित रूप में अप्रकाशित हैं जैसे कि भारतीय संस्कृति, वनगाँव का इतिहास, विष्णु-पुराण पर विचार, ज्योतिष के नवरत्न इत्यादि। आपके अनेक लेख संस्कृत, मैथिली, हिन्दी और अँग्रेजी पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं।

१९३३ में ज्योतिष सम्मेलन में सिद्धान्तपक्ष का प्रतिनिधित्व करने के लिये आप इन्दौर गये थे। १९४८ ई० में विजयवाड़ा (मद्रास) ज्योतिष पञ्चाङ्ग सम्मेलन में भाग लिया था। १९५० ई० में दरभंगा नगर में हुई अखिल भारतीय ओरियन्टल कांफ्रेन्स के ज्योतिष विभाग के आप अध्यक्ष रहे थे। पुनः १९५१ ई० में जगन्नाथपुरी में आपने ज्योतिष पञ्चाङ्ग सम्मेलन में अपना पक्ष सम्पन्न किया। १९६० ई० में उज्जयिनी में कालिदास विषयक विद्वात्ता पूर्ण निबन्ध पढ़ा और एक दिन सभापतित्व भी किया।

मनु का निम्नलिखित श्लोक ही आपके जीवन का लक्ष्य है :—

सर्वान् परित्यजेदर्थान् स्वाध्यायस्य विरोधिनः।
यथा तथाऽध्यापयंस्तु सा ह्यस्य कृतकृत्यता ॥

पंडित जी की बुद्धि मूलगामी है। आपका आचरण अत्यन्त शुद्ध तथा स्वभाव सरल-तम है। आपके संभाषण में संस्कृत श्लोकों का आह्वान होता है और आपके संस्कृत साहित्य के अध्ययन का सुन्दर परिचय देता है। संस्कृत एवं गणित आपके अत्यन्त प्रिय विषय हैं। आपमें पौर्वात्य एवं पाश्चिमात्य शिक्षा पद्धतियों का अपूर्व संगम देखने में आता है जिससे आपका विश्लेषण और अभिप्राय सदा ही हृष्ट-पुष्ट पाया जाता है।

पंडित श्री बलदेव मिश्र की भूमिका में निम्नलिखित विषय आये हैं :—

बिहार रिसर्च सोसाइटी की कार्यकारिणी परिषद और व्यक्तिगत रूप से मैं भी पं० श्री बलदेव मिश्र का बहुत आभारी हूँ कि उन्होंने निष्ठापूर्वक इस अनुपम ग्रंथ पर इतनी विद्वत्तापूर्ण टीका संस्कृत और हिन्दी में लिखी; और अनेक पहलुओं पर प्रकाश डाला। जो एक मुनि ने शास्त्र को संक्षिप्त करके वामन रूपी ग्रंथ लिखा उस ग्रंथ पर दूसरे पंडितवर्ग ने बृहद् टीका लिखकर उसका विराट स्वरूप संशोधकों के लिये दिखलाया। इसलिये भारतीय ज्योतिष के इतिहास के सभी जिज्ञासु पं० श्री बलदेव मिश्र के ऋणी रहेंगे। पंडित महोदय द्वारा ज्योतिष विषयक अन्य ग्रंथों का निर्माण होने वाला है। इस ज्ञान संपादन और संवर्धन के लिये वांछित साधन और सहायता मिले और उन्हें दीर्घायु का लाभ हो, यही मेरी प्रार्थना जगन्नियन्ता प्रभु से है।

बिहार रिसर्च सोसाइटी
पटना, १३-४-१९६६

श्रीधर वासुदेव सोहोनी
उपाध्यक्ष तथा मुख्य संपादक

श्रीबलदेवमिश्र ज्योतिषाचार्य

भूमिका

आर्यभट सर्वप्रथम वैज्ञानिक हुए हैं जिन्होंने पृथ्वीचलन को कहा तथा तेइस वर्ष की आयु में आर्यभटीय नामक ज्योतिष का एक ग्रन्थ ५०० ई० में लिखा। वे इसी कुसुमपुर (पुष्पपुर या पाटलिपुत्र या पटना) के निवासी थे। यह सोसाइटी (बिहार रिसर्च सोसाइटी) इसलिये धन्यवादार्ह है कि इसी ने सर्वप्रथम इस नगर के प्रख्यात विद्वान के गौरव का अनुभव कर गत वर्ष से मेष संक्रान्ति, वर्षारम्भ के दिन १३ अप्रील को उनकी जयन्ती मना रही है। इस वर्ष १९६५ में सोसाइटी की ओर से इसकी स्वर्णजयंती के अवसर पर आर्यभट के ग्रन्थ आर्यभटीय को सुन्दर एवं सरल रूप से नवीन संस्कृत तथा हिन्दी टीका के साथ प्रकाशित किया गया है।

आर्यभट को लोग आर्यभट्ट भी कहते हैं। चूँकि अपने ग्रन्थ में उन्होंने अपने को 'आर्यभटः' ही कहा है इसलिये उन्हें आर्यभट के नाम से संबोधित करना ही उचित है। एक खास विशेषता आर्यभट में यह देखी जाती है कि आज से करीब पन्द्रह सौ वर्ष पहले उन्होंने अपना स्थान, अपना जन्मकाल एवं ग्रन्थ लिखने का समय कलियुग के प्रारंभ से दिया।

आर्यभट का स्थान

आर्यभट पटना के थे। उन्होंने पटना का नाम कुसुमपुर लिखा है। उन्होंने लिखा है, "इस कुसुमपुर में अभ्यर्चित (विशेष रूप से पूजित) ज्ञान को आर्यभट कहते है"।[1] पटना का पुराना नाम पुष्पपुर था। कालिदास ने रघुवंश में इस नगर को पुष्पपुर कहा है।[2] रघुवंश के टीकाकार मल्लिनाथ ने इस नगर को अपने समय में पाटलिपुर कहा है। दशकुमारचरित के लेखक दण्डी ने इस नगरी को पुष्पपुरी कहा है। पुष्पपुर का ही दूसरा नाम कुसुमपुर है। क्योंकि पुष्प का पर्याय कुसुम है। पटना का नाम पाटलिपुत्र भी था। जिसके संवन्ध में बहुत सी बातें कही जाती हैं। षट्दर्शन टीकाकार वाचस्पतिमिश्र ने इस नगर को पाटलिपुत्र कहा है।[4] महाभाष्य में 'अनुशोणं पाटलिपुत्रम्' कहा गया है। म० म० पं सुधाकार द्विवेदी गुरूवर ने अपनी लल्लसिद्धांत की भूमिका में कहा है कि

[1] आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम् ।—आर्यभटीय, गणित पाद। १२

[2] अनेन चेदिच्छसि गृह्यमाणं पाणिं वरेण्येन कुरू प्रवेशे।
प्रासादवातायनसंस्थितानां नेत्रोत्सवं पुष्पपुराङ्गनानाम् ॥

—रघु० स० ६, श्लोक २४

पुष्पपुराङ्गनानां पाटलिपुराङ्गनानाम् (मल्लिनाथः)

[3] अस्ति समस्तनगरीनिकषायमाणा शश्वदगव्यपण्यविस्तारितमाणिगणादिवस्तुजात व्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या मगधदेशशेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी।

—दशकुमार चरित, ग्रन्थारंभ

[4] पाटलिपुत्रे पूर्वदृष्टस्य प्रासादस्य माहिष्मत्यामवभासः।
वाचस्पति मिश्र, भामती टोका, ब्रह्मसूत्र शंकरभाष्य।

प्राचीन काल में चीन देश के चरों से चर्चित पुष्पपुरी नगरी में आर्यभट ने वेध करके जिन भगणों को लिखा उसी को लल्ल ने भी अपने ग्रंथ में पठित किया।[१]

उन्होंने अपनी गणकतरङ्गिणी में लिखा है[२] कि आर्यभट ने कुसुमपुर संप्रति पटना नाम से प्रसिद्ध नगर में आर्यभटीय को लिखा। यह उनके मंगल श्लोक से ही ज्ञात होता है। एक और उद्भट[३] श्लोक से यह विदित होता है कि आर्यभट कुसुमपुर में हुए थे।

वायु पुराण में लिखा है कि गङ्गा के दक्षिण तट पर बड़ा नगर कुसुमपुर था।[४] वह पटना ही है।

केवल शङ्करबालकृष्णदीक्षित अपने 'भारतीय ज्योतिष शास्त्र' में लिखते हैं कि कुसुमपुर नामक नगर कोई दक्षिण देश में रहा होगा, क्योंकि आर्यभटीय पुस्तक की पाण्डु-लिपि मालावार प्रान्त में मिली। किसी की पुस्तक किसी प्रदेश में मिलने से वह तद्देशीय नहीं हो सकता। पटना पुष्पपुर कहकर प्राचीन काल से ही प्रसिद्ध है। यहाँ बड़े-बड़े बिद्वान हो गये हैं। बिहार क्या समस्त भारत की राजधानी यह नगर बहुत दिनों तक था। शंकरबालकृष्णदीक्षित ने दूसरे स्थान में लिखा है कि लोग इस कुसुमपुर को वर्तमान पटना कहते हैं। जब वायु पुराण का स्वष्ट वचन है कि गङ्गा के दक्षिण तटपर बड़ा नगर कुसुम संज्ञक कुसुमपुर था तो यह नगर वर्त्तमान पटना ही है। उसी वायुपुराण में राजाओं के वर्णन करते-करते चन्द्रगुप्त का भी नाम आया है जिनके मंत्री चाणक्य थे इससे भी स्पष्ट है कि वह कुसुमपुर पटना ही है।

आर्यभट का माहात्म्य

अपने समय से ही आर्यभट विख्यात होगये हैं। क्योंकि पटने में अपने ज्ञान को उन्होंने अतिपूजित कहा है। पूर्व कथित उद्भट श्लोक में यह कहा गया है कि आर्यभट कलियुग के साक्षात् सूर्यावतार थे। भूगोल के वेत्ता तथा कुलपति थे।

आर्यभट का ही शिष्य प्रथम भास्कर ने एक लघुभास्करीय नामक पुस्तक लिखी है। उसमें लिखा है कि बड़े काल में या बड़े देश में स्पष्टता के लिये जिनका दर्शन होता है अर्थात् जो ज्यौतिषज्ञान को स्पष्ट करने वाले हैं ऐसे आर्यभट सर्वोत्कर्ष से वर्त्तमान है। जिनका यश समुद्र के किनारे को उलङ्घन कर बाहर चला गया है।[५] अर्थात् जिनका यश समुद्रपार

---

[१] प्राचीनचीनचरचर्चितपुष्पपुर्यामापूर्य पर्ययजमार्यभटेन वेधम्।
वद्धं तदेव वरलल्लसुधीसुधौघधाराप्रवाहनिकरेण महत्त्वमाप॥
—सुधाकर द्विवेदी, लल्लसिद्धांत। भूमिका

[२] आर्यभटेन कुसुमपुरे संप्रति पटनानामतः प्रसिद्धे नगरे स्वतन्त्रग्रन्थं व्यरचीति तत्कृतपङ्गलेन गणितपादारंभकेण ज्ञायते। गणकतरङ्गिणी पृ० ५, पंक्ति-८

[३] सिद्धान्तपञ्चकविधावपि दृग्विरुद्धमौढ्योपरागमुखखेचरचारक्लृप्तौ।
सूर्यः स्वयं कुसुमपुर्यभवत् कलौ तु भूगोलवित् कुलप आर्यभटाभिधानः॥

[४] उदायी भविता यस्यास्त्रयस्त्रिंशत्समा नृपः।
स वै पुरवरं राजा पृथिव्यां कुसुमाह्वयम्।
गङ्गाया दक्षिणे कूले चतुर्थेऽब्दे करिष्यति। वायुपुराण ३८८, २८ में ३१८

[५] काले महति देशे वा स्फुटार्थं यस्य दर्शनम्।
जयत्यार्यभटः सोऽब्धिप्रान्तप्रोल्लङ्घि सद्यशः।

देशान्तर में भी फैल गया है। ज्योतिष की गति को जानने में आर्यभट के भिन्न कोई समर्थ नहीं है। अन्य लोग अज्ञान की अधिकता रूप जो अन्धकार है, उस अन्धकार के समुद्र में पड़े हुए हैं। भास्कर प्रथम का समय शक ४३४ है। उनके समय में आर्यभट का यश पराकाष्ठा पर था।

यह एक प्रसन्नता का विषय है कि हमलोग देखते हैं कि आर्यभट के समय में इस देश में विज्ञान का आदर था। ज्योतिष विज्ञान है तथा गणित इसका विषय है।

टीकाकार की कल्पना है कि भारत में दर्शनशास्त्र तथा अन्य शास्त्रान्तर का विशेष आदर ज्योतिष विज्ञान के ह्रास में कारण हुआ है। वर्त्तमान समय में भी भारतवर्ष में अन्य शास्त्र की अपेक्षा ज्योतिष शास्त्र को लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। ऐसी स्थिति में यह विज्ञानशास्त्र कैसे बढ़े। मिथिला में सबसे बढ़कर आदर न्यायशास्त्र का रहा है। दरभंगा के महाराजा के यहाँ पण्डितों के सत्कार में सर्वप्रथम सत्कार न्यायशास्त्रवित् का ही होता था।

भारत में ईश्वर दर्शन के अतिरिक्त एक और बड़ा ध्येय दर्शन शास्त्र का देखा जाता है। वह है 'परमत निरास', विरूद्ध विचार का खण्डन। चार्वाक, बौद्ध, आदि मतों के द्वारा दिए हुए विरुद्ध मत का खण्डन करना।

न्यायसूत्र गौतम मुनि का है, उस पर वात्स्यायन का भाष्य है। उस भाष्य का जहाँ तहाँ खण्डन दिङ्नाग ने अपने ग्रंथ (प्रमाणवाद) में किया है जिसका उत्तर उद्योतकर नामक आचार्य ने वार्त्तिक में दिया है। फिर उसका खण्डन धर्मकीर्त्ति आदि विद्वानों ने किया है और उसका उत्तर वाचस्पति मिश्र आदि दिये हैं। भट्ट कुमारिल ने तन्त्रवार्त्तिक पुस्तक के द्वारा परमत का खण्डन कर वैदिक विचार का स्थापन किया है। इस प्रकार न्यायशास्त्र एवं मीमांसाशास्त्र का यह भी मुख्य उद्देश्य प्राचीनकाल में रहा है कि परमत खण्डन कर वैदिक मत का स्थापन किया जाय। चूंकि वेदशास्त्र ही भारतीयों का धर्मप्राण है इसलिये धर्मरक्षक इन शास्त्रज्ञों के प्रति कृतज्ञता का भाव भारतीयों का स्वाभाशिक है। इसलिये दर्शनशास्त्र, धर्मशास्त्र, आदि का आदर भारत में विशेष रूप से है। ऐसी स्थिति में प्राचीन काल में ज्योतिष शास्त्र भी परममान्य शास्त्र इस देश में था। सर्वप्रथम हमलोग ज्योतिष वेदाङ्ग में लगध मुनि की यह उक्ति पाते हैं कि जैसे मयूर के मस्तक पर शिखा शोभती है और नागों के मस्तक पर मणियाँ शोभती हैं उसी प्रकार वेदाङ्ग शास्त्रों में ज्योतिष सभी शास्त्रों के माथे पर शोभा देती है।[1]

तदनन्तर स्वयं आर्यभट अपनी आर्यभटीय में कहते हैं कि इस कुसुमपुर में मैं अभ्यर्चित ज्ञान को कहता हूँ[2]। इसलिये यह ज्योतिष विज्ञान प्राचीनकाल में अपने समुचित आदर को प्राप्त किया था, ऐसा आभास मिलता है।

नालमार्यभटादन्ये ज्योतिषां गतिवित्तये।
तत्र भ्रमन्ति तेऽज्ञानबहुलध्वान्त-सागरम् ॥

—लघुभास्करीयम् पृ० १७, श्मोक—२-३.
By Bharkara I. ५वीं शताब्दी

[1] यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा।
तद्वद्वेदाङ्गशास्त्राणां ज्योतिषं मूर्ध्नि संस्थितं ॥
—ज्योतिष वेदाङ्ग, प्रारम्भ।

[2] आयभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्।

आर्यभट का समय

तीन युगपाद सत्ययुग, त्रेता और द्वापर के बीत जाने पर अर्थात् कलियुग के आरम्भ से[1] साठवर्ष वाले गुरुवर्ष साठ बार बीत चुका था अर्थात् ३६०० वर्ष बीत चुके थे तब इस ग्रंथ के लिखने के समय में मेरे (आर्यभट के) जन्म से २३ वर्ष बीत चुके थे। अर्थात् ३६००—२३=३५७७ वर्ष कलियुग के बीतने पर उनका जन्म हुआ था। ३१७९ वर्ष कलियुग के बीतने पर शक का आरम्भ हुआ था।[2] इसलिये ३५७७—३१७९=३९८ शक में आर्यभट का जन्म हुआ था। और ४२१ शक में उन्होंने इस आर्यभटीय को लिखा। सम्भवत: उनके समय में शक संबत् का प्रचार नहीं हुआ होगा। इसलिये उन्होंने कलियुग के प्रारम्भ से गणना कर अपने समय को कहा है।

वराहमिहिर ने ४२७ शक में पञ्चसिद्धान्तिका पुस्तक लिखी जिसमें आर्यभट की चर्चा है, तथा ५५० शक में ब्रह्मगुप्त ने ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त नामक पुस्तक लिखी जिसमें अनेक बार आर्यभट की चर्चा है। इसलिये आर्यभट का लिखा हुआ समय विलकुल ठीक है।

आर्यभट के ग्रंथ में अयनांश की चर्चा नहीं है, इसलिये उनके समय में अयनांशाभाव था। रघुवंश के एक श्लोक[3] के वर्णन से टीकाकार समझता है कि कवि कालिदास के समय में भी अयनांश नहीं था। इसलिये आर्यभट और कवि कालिदास लगभग एक ही समय के जान पड़ते हैं। उस श्लोक का अभिप्राय यह है—अगस्त्य-चिह्न अर्थात् मिथुनान्त विन्दु (आशीतिभागैर्याम्यायामगस्त्यो मिथुनान्तग:) के समीप उत्तर अयन से जब सूर्य निवृत्त होते हैं अर्थात् याम्य अयन का प्रारम्भ होता है या उत्तर काष्टा पर जब सूर्य पहुँच जाता है तब उत्तर दिशा आनन्द का उछ्वास लेती है। उस समय में दिन बहुत बड़ा होता है अतएव ताप बहुत बढ़ जाता है। रात क्षीण हो जाती है। उस समय रात-दिन की तरह स्त्री और उसके स्वामी दोनों विरोध क्रिया का अनुभव करते हैं। यहाँ इस शृङ्गारिक श्लेष में ग्रहणीय मुख्य बात तीन हैं; (१) सूर्य मिथुनान्त विन्दु के पास है, (२) उत्तरायण का अंत हो गया है तथा दक्षिणायन प्रवृत्त होने जा रहा है, और (३) दिन सबसे बड़ा और रात सबसे छोटी होती है। ये तीनों बातें यह सिद्ध करती हैं कि उस समय में विषुवद्वृत्त क्रान्तिवृत्त का योग मेषादि में था। उसी स्थिति में मिथुनान्त बिन्दु में सौम्यायन का अन्त होगा और तभी सबसे बड़ा दिन और सबसे छोटी रात होगी। विषुवद्वृत्त क्रान्तिवृत्त का योग मेषादि विन्दु में होने का अर्थ ही अयनांशाभाव है। यह योग विन्दु मेषादि से जितना हटा हुआ रहता है वही अयनांश है। अत: कवि कालिदास के समय में अयनांशाभाव था यह इस वर्णन से विदित होता है।

---

१ षष्ट्यब्दानां यष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादा:।
त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीता:॥ —आर्यभटीय श्लो०

२ शाको नवाद्रीन्दुकृशानु ३१७९ युक्त: कलेर्भवेदब्दगणो व्यतीत:।
—मकरन्द सारणी

३ अगस्त्यचिन्हादयनात्समीपं दिगुत्तरा भास्वति संनिवृत्ते।
आनन्दशीतामिव वाष्पवृष्टिं हिमस्रुतिं हैमवतीं ससर्ज॥
प्रवृद्धतापो दिवसोऽतिमात्रं अत्यर्थमेव क्षणदा च तन्वी।
उभौ विरोधक्रियया विभिन्नौ जायापती सानुशयाविवास्ताम्॥
—रघुवंश १६ सं० ४४,४५

सर्व प्रथम आर्यभट ने ही यह रीति चलाई कि अपने समय तथा स्थान का नाम अपने ग्रंथ में लिखा है। फिर तो उनके अनुकरण में ब्रह्मगुप्त ने अपने पिता का नाम, ग्रंथ लिखने का समय तथा उस समय में अपनी अवस्था को अपने ग्रंथ में लिखा। तदुपरान्त भास्कराचार्य ने अपने पिता का नाम, अपने स्थान का पूर्ण परिचय, ग्रंथ लिखने का समय तथा अपनी अवस्था लिखी। अतः इस उत्तम रीति के प्रादुर्भावक आर्यभट ही हुए हैं।

२३ वर्ष की अवस्था में ग्रन्थ लिखने का कारण

उनके पूर्व ब्रह्मसिद्धान्त ज्योतिष का ग्रंथ था। संभवतः उसमें कालान्तर के कारण कुछ दोष आ गया था अर्थात् उसमें कुछ मिलावट आगई थी। इसीलिये उसे शुद्धकर सुन्दर स्वरूप में उस ज्ञानरत्न को रखना ही उनका उद्देश्य था। उन्होंने ग्रन्थान्त में दो श्लोक दिये हैं—

सदसद्ज्ञानसमुद्रात् समुद्धृतं देवताप्रसादेन।
सद्ज्ञानोत्तमरत्नं मया निमग्नं स्वमतिनावा ।।४९।।

—आ० भ०, पृ० १११।

आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत्।
सुकृतायुषोः प्रणाशं कुरुते प्रतिकंचुकं योऽस्य ।।५०।।

—आ० भ०, पृ० ११२।

अर्थात् "सत् असत् ज्ञान रूप समुद्र में सत् ज्ञानरूप उत्तम रत्न जो छिपा हुआ था उसे ब्रह्मदेवता की कृपा से अपनी बुद्धिरूप नौका के द्वारा मैंने (आर्यभट ने) निकाला।"

"पहले ब्रह्मा का जो सत्ज्ञान था वही आर्यभटीय ग्रन्थ के नाम से प्रकाशित किया जाता है। इसमें छिद्रान्वेषण के द्वारा दोषारोपण करनेवाला अपने पुण्य तथा अपनी आयु का क्षय करेगा।"

इसका अभिप्राय यही है कि ब्रह्मसिद्धान्त में दोष आ गये थे। उन दोषों को हटाकर केवल सत्ज्ञान को ही एकत्रित किया गया है। इसलिये नाम्ना यह आर्यभटीय है वास्तव में यह ब्रह्मसिद्धान्त ही है। आजकल का उपलब्ध ब्रह्मसिद्धान्त आर्यभट के समय का ब्रह्म-सिद्धान्त नहीं है, क्योंकि उसके विषय के साथ इसका ऐक्य नहीं है। इसलिये वह ब्रह्म-सिद्धान्त अन्वेषणीय है।

'षट्त्रिंशदाब्दिकं चर्यं गुरौ त्रैवेदिकं व्रतम्', इस वचन से ३६ वर्ष तक ब्रह्मचर्य अवस्था में रहकर वेदशास्त्र पढ़ने को कहा है। वेद के 'शतं जीवेम शरदः, शतं शृणुयाम शरदः, शतं प्रब्रुवाम शरदः, शतमदीनाः स्याम शरदः" इस वाक्य से शत वर्ष जीऊँ, शत वर्ष तक सुनू, शत वर्ष तक बोलता रहूँ, शत वर्ष तक दीनावस्था में न जाऊँ इससे सौ वर्ष के जीवन की कामना का आभास मिलता है। जीवन में ब्रह्मचर्य,गार्हस्थ्य, वाणप्रस्थ, और संन्यास ये चार अवस्था है। यदि चारों अवस्था को बराबर माना जाय तो भी ब्रह्मचर्यावस्था २५ वर्ष की होती है। अर्थात् २५ वर्ष तक पढ़ना-लिखना चाहिये। ऐसी परिस्थिति में तेइस वर्ष की अवस्था में ही आर्यभट कृतविद्य होकर ग्रन्थकार हो गये। इस तरह की उनकी विशिष्ट प्रतिभा थी।

लोगों की ऐसी भी कल्पना हो सकती है कि कलियुग के ३६०० वर्ष बीतने पर आर्यभट की अवस्था तेइस वर्ष की रही होगी और उन्होंने आर्यभटीय को पीछे लिखा होगा। किन्तु ऐसी आशंका की निवृत्ति "त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीताः" इसमें इह

शब्द से हो जाती है 'इह ग्रन्थलेखनसमये'। इह का यहां यही अर्थ है कि इसी समय में मैंने (आर्यभट ने) इस ग्रंथ को लिखा। चूंकि आर्यभट ने ग्रंथलेखनकाल में अपनी अवस्था लिखी है, इसीके अनुकरण में ब्रह्मगुप्त एवं भास्कराचार्य ने अपने ग्रंथ लिखने के समय में अपनी अवस्था दी है।[१]

बीस-एकइस वर्ष की अवस्था तक कृतविद्य होकर आर्यभट मूल्यवान् ज्ञानसंचय के पीछे पड़े होंगे और तेइस वर्ष की अवस्था में उन्होंने इस अभ्यर्चित ज्ञान को प्रकाश में लाया। लगभग इसी अवस्था में ट्रिनिटी कालेज से एम० ए० परीक्षा में उत्तीर्ण होकर १६६५ ई० में प्लेग के कारण अपने घर पर सर आइजक न्यूटन विचार में मग्न थे तो एकदिन सेव के पेड़ से एक सेव को गिरते देखकर उन्हें पृथ्वी की आकर्षण शक्ति का ज्ञान हुआ था। यह ऐसी अवस्था है जिस समय में ज्ञान संपादन के लिये लोगों के मन में उत्कट इच्छा होती है और नये-नये ज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ करता है। इसी अवस्था में विभिन्न क्षेत्रों के लोग अपने अपने कार्यक्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ होने का प्रयत्न करते हैं। अर्थात् बीस से पचीस वर्ष की अवस्था विशिष्ट ज्ञान संपादन के लिये साधारणतया उपयुक्त मानी गयी है।

प्रतिभा का स्फुरण समस्त विद्या पढ़कर कृतविद्य होने से होता है ऐसी बात नहीं है। प्रतिभावान व्यक्ति जितना ही पढ़ते हैं उसी पर विचार कर उनकी नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा प्रस्फुटित हो जाती है। आर्यभट ने भी इसी अवस्था में आर्यभटीय को लिखा।

न्याय शास्त्र के बड़े विद्वान गङ्गेशोपाध्याय ने अपनी तत्त्वचिन्तामणि नामक पुस्तक के प्रारम्भ में लिखा है :—

अन्वीक्षालयमाकलय्य गुरुभिर्ज्ञात्वा गुरूणां मतं
चिन्तादिव्यविलोचनेन हि तयोः सारं गृहीत्वाखिलम्।
तत्त्वचिन्तामणि—मंगल श्लोक।

अर्थात् गुरुओं से न्यायशास्त्र सीखकर तथा मीमांसा शास्त्र को जानकर चिन्ता विचाररूप जो दिव्य दृष्टि है उससे उन दोनों शास्त्र के तत्त्व को समझ कर (इस ग्रंथ को लिख रहा हूँ)। इस प्रकार का बुद्धिविवेक एक दिव्य दृष्टि है जिसके द्वारा तादृश दृष्टि-सम्पन्न लोग भूत, भविष्य, वर्त्तमान, समीपस्थ, दूरस्थ सभी विषयों का ज्ञान कर लेते हैं। इसी प्रकार उसी बुद्धि से बुद्धिमान आर्यभट ने इस अपूर्व ज्ञान को लिखा होगा।

आर्यभट ने समस्त संसार का विशेषकर भारत का तत्रापि बिहार राज्य का प्रथम वैज्ञानिक होकर जो मुखोज्जल किया है उसके लिये यह देश उनका सदा ऋणी रहेगा। उन्होंने ही भारत के तत्कालीन लोगों में सर्वप्रथय विज्ञान का वीजवपन किया।

आर्यभटीय ग्रंथ की विशेषता

आर्यभट के ग्रंथ का नाम आर्यभटीय है क्योंकि आर्यभट का लिखा हुआ है। आर्यभट के नाम में आर्य शब्द आर्यावर्त्त देश को भी सूचित करता है। चूंकि उनके नाम में आर्य शब्द है इसलिये संभवतः आर्याछन्द में ही उन्होंने इस ग्रंथ को लिखा है। यह ग्रंथ छोटा है फिर भी चार भागों में विभक्त किया गया है। प्रथम भाग में ग्यारह श्लोक हैं और उसका

---

[१] "त्रिंशद्वर्षेण कृतो जिष्णुसुतब्रह्मगुप्तेन', । ब्राह्मस्फुटसिद्धान्त।
रसगुणपूर्णमही १०३६ समशकनृपसमये भवन्ममोत्पत्तिः।
रसगुण ३६ वर्षेण मया सिद्धान्त शिरोमणी रचितः॥ —शि० शि०; गोलाध्याय

नाम गीतिका पाद हैं। इस पाद में युगों का प्रमाण, ग्रहभगणों का प्रमाण, पृथ्वी का चलन मन्दोच्च-शीघ्रोच्च भगण, आदि एक विचित्र संकेत में दिये गये हैं। अक्षरों तथा मात्राओं से अंक बनाये गये हैं। अक्षरों के द्वारा अंकों को जानने का प्रकार यद्यपि सर्वप्रथम जैमिनीय सूत्र के ज्योतिष के फलित ग्रंथ में देखने में आता है तथापि जैमिनि का संकेत और आर्यभट का संकेत भिन्न-भिन्न है। जिस प्रकार अक्षरों में अंक का ज्ञान आर्यभट ने किया है उसी प्रकार ग्रीक लोग भी अक्षरों से अंक का ज्ञान करते थे। आर्यभट के समय में यवनों (ग्रीक) का आना-जाना पटने में था। वराहमिहिर ने ज्योतिष जानने वाले यवनों की बड़ी प्रशंसा की है। उन्होंने बृहज्जातक ग्रंथ में बहुत से यवन शब्दों का उपयोग किया है। वराहमिहिर का ज्योतिष सिद्धान्त ग्रंथ पञ्चसिद्धान्तिका में पौलिश तथा रोमक सिद्धान्त वाह्यदेशीय मालूम पड़ते हैं। चूँकि आर्यभट के समय के थोड़े ही पीछे वराहमिहिर हैं इसलिये आर्यभट को भी यवनों से संपर्क हुआ हो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। अगर अक्षर से अंक का ज्ञान आर्यभट ने यवनों से लिया तो स्वरों से उन्होंने जिन स्थानों या शून्यों का ज्ञान किया है उसका ज्ञान यवनों को भी रहता। परन्तु यवनों को ऐसा ज्ञान नहीं था। इसलिये इस रीति के निर्माण करने वाले आर्यभट ही हैं। इस प्रकार के संकेत में उन्होंने इन वस्तुओं को क्यों रखा इसके संवन्ध में अनेक विचार आते हैं। प्रथम कारण तो यह हो सकता है कि ऐसा विशिष्ट ज्ञान सर्वजनविदित न हो केवल संबन्धी तथा भक्त शिष्य ही इसको जान सके इस दृष्टि से नवीन सकेत में इन भगणों की रक्षा की हो। क्योंकि शास्त्र में लिखा हुआ है कि भक्तों को, शिष्यों को, बहुत दिन तक अपने पास रहने वालों को, गुणज्ञों को, भ्राता, मित्र, लड़के इन्हीं सबों को यह गुप्त विद्या देनी चाहिये। द्वेष करने वाले, कृतघ्न, दुर्जन, दुराचारी, अल्पदिन तक साथ रहने वाले को वह ज्ञान जो ब्रह्मा तथा वशिष्ठ से उपलब्ध हुआ हो एवं जो दिव्य तथा अतीन्द्रिय हो, नहीं देना चाहिये।[१] इस नियम के प्रतिकुल जो चलता है उसकी आयु तथा पुण्य का क्षय होता है। मनुस्मृति में भी लिखा हुआ है कि विद्यादेवी ब्राह्मण के पास आई और उनसे कहा कि "मैं तुम्हारी निधि हूं। गुण में छिद्रान्वेषण करने वाले को मुझे न दो, तभी मैं बलवती रहूँगी"।[२] इसलिये यह प्राचीन परिपाटी थी कि गुह्य विषय सब को न देना। यह बात केवल भारत में ही नहीं अन्य सभी देशों में थी। ग्रीस देश में जब रेखागणित की बड़ी उन्नति हो रही थी तब जिस घर में यह विद्या सिखलाई जाती थी उसके द्वारा पर लिखा हुआ था कि इसमें अभिज्ञ लोग ही प्रवेश करें।

महान् सिकन्दर के वारे में यह बात कही जाती है कि जब वे एशिया महादेश में लड़ाई लड़ रहे थे तब उन्हें मालूम हुआ कि उनके गुरु अरिस्टोटल (अरस्तु) ने एक पुस्तक

---

[१] दिव्यं ज्ञानमतीन्द्रियं यदृषिभिर्ब्राह्मं वशिष्ठादिभि:
पारंपर्यवशाद्रहस्यमवनीं नीतं प्रकाश्यं ततः।
वैतत् द्वेषिकृतघ्नदुर्जनदुराचाराचिरावासिनां
स्यादायुः सुकृतक्षयो मुनिकृतां सीमामिमामुज्झतः।

शिद्धान्त सिरोमणि, पृ० २८१, श्लोक ९।

[२] विद्या ब्राह्मणमेत्याह शेवधिस्तेऽधि-रक्ष माम्।
असूयकाय मां मादास्तथास्यां वीर्यवत्तमा॥

म० स्मृ० २.११४।

प्रकाशित कर दी। इस पर सिकन्दर ने अरने गुरू के पास एक पत्र लिखा कि जिस विद्या के कारण वे लोग अपने को दूसरों से श्रेष्ट समझते हैं, यदि वह ज्ञान सार्वजनिक हो जाय तो उनलोगों की क्या विशेषता रह जायगी। पत्रोत्तर में अरस्तू ने लिखा कि वे उस अपूर्व ज्ञान को प्रकाश में लाये भी हैं और नहीं भी लाये हैं। जिसका अर्थ था कि उसे प्रकाशित होने पर भी उनकी शिष्यपरम्परा ही उसको समझ सकेगी, सब नहीं समझ सकेंगे। इस प्रकार युरोप देश में भी यही परिपाटी थी कि अपूर्व वस्तु अपने ही यहाँ रहे। इस दृष्टि से आर्यभट ने एक विशेष संकेत से उन भगणों की रक्षा की होगी। वर्त्तमान काल में भी उन्नतिशील देश अपनी वैज्ञानिक विधि एवं कार्यक्षेत्र को गुप्त रखने में तत्पर रहता है। दूसरी बात यह है कि बहुत अल्प शब्द में बहुत बड़ा काम हो जाता है। तीसरी बात यह है कि इतने अंकों को प्रकाशित करने का उपाय उस समय तक नहीं था। दश स्थान तक, वृन्द तक स्थान का ज्ञान होने पर भी 'अङ्कस्य वामा गतिः' रीति का उद्भावन नहीं हुआ था। यह इसलिये ज्ञात होता है कि आर्यभट ने २०००० (वीस हजार) व्यास में परिधिमान ६२८३२ को इस प्रकार से लिखा है कि एक सौ चार को आठ से गुण दें तथा वासठ हजार जोड़ दें, इतनी परिधि होती है। पीछे के लोग 'अङ्कस्य वामा गतिः' रीति का ज्ञान होने पर इस संख्या को द्विकाग्न्यष्टयमर्त्तु मितः इतने में ही प्रकाशित किया है। इसलिये बड़ी-बड़ी संख्या को शब्द के द्वारा प्रकाशित करने में कठिनता थी। इसीलिये इस नवीन रीति की कल्पना हुई हो। अथवा जिस किसी कारण से इस नवीन संकेत के द्वारा अंकों का प्रकाशन किया गया हो यह रीति एक अपूर्व वस्तु है। इसलिये संक्षेप में इसका विवरण इस प्रकार दिया जाता है :—

"वर्गाक्षराणि वर्गे ऽवर्गेऽवर्गाक्षराणि कात् ङ्मौ यः।
खद्विनवके स्वरा नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्यवर्गे वा ॥"

—आ० भ०, पृ० १, श्लोक २।

उपर्युक्त एक ही श्लोक में आर्यभट ने सभी अंको को गुथ दिया है। इस श्लोक का साधारण अर्थ तो यही है कि वर्ग स्थान में वर्गाक्षर को, अवर्ग स्थान में अवर्गाक्षर को रखे। क से एकादि संख्या जानें। ङ और म के योग से य होता है। अठारह शून्य स्थान में नौ स्वरों को वर्ग तथा अवर्ग स्थान में रखें। इस प्रकार नौ स्वरों को वर्ग अवर्ग में रखने के अनन्तर पुनः वर्ग अवर्ग में उन्हीं स्वरों को रखें। विशेष अर्थ यह हैं कि व्याकरण शास्त्र में पाँच वर्ग हैं जैसे क, ख, ग, घ, ङ कवर्ग; च, छ, ज, झ, ञ चवर्ग; ट, ठ, ड, ढ, ण टवर्ग; त, थ, द, ध, न तवर्ग; प, फ, ब, भ, म पवर्ग हैं; और य, र, ल, व, श, ष, स, ह इन आठ अक्षरों को अवर्ग कहा है। स्वर यद्यपि १६ हैं तथापि केवल ह्रस्व स्वर का ही ग्रहण है जहाँ दीर्घ भी है जिनकी संख्या ९ हैं, जैसे अ, इ, उ, ऋ, लृ, ए, ऐ, ओ, औ। इन ९ स्वरों से शून्य स्थान का बोध होता है जब ये स्वर वर्गात्मक अक्षरों में मिलते हैं। वर्गाक्षरों में मिलकर वर्ग वाले शून्य अर्थात् शत, अयुत, प्रयुत, इत्यादि का बोध कराते हैं और अवर्गाक्षरों में मिलकर अवर्ग वाला शून्य जैसे दश, सहस्त्र, लक्ष, कोटि आदि शून्य स्थान का ज्ञान कराता है। उदाहरण के लिये क से संख्या का बोध, जैसे क=१, ख=२, ग=३, घ=४, ङ=५, च=६, छ=७, ज=८, झ=९, ञ=१०, ट=११, ठ=१२, ड=१३, ढ=१४, ण=१५, त=१६, थ=१७, द=१८, ध=१९, न=२०, प=२१, फ=२२, ब=२३, भ=२४, म=२५, य=३०, र=४०, ल=५०, व=६०, श=७०, ष=८०, स=९०, ह=१००। ङ=५, म=२५ दोनों के योग से अर्थात् ३० को य कहा है।

नौ स्वर वर्गाक्षर अवर्गाक्षर में मिलकर अठारहों स्थान का प्रदर्शन निम्नलिखित रूप से करते हैं :—

क्+अ=क =१
क्+इ= कि=१००
क्+उ= कु =१००००
क्+ऋ= कृ=१००००००
क्+लृ=क्लृ=१००००००००
क्+ए= के =१००००००००००
क्+ऐ =कै =१०००००००००००००
क्+ओ=को=१००००००००००००००
क्+औ=कौ=१००००००००००००००००

एवं

ख्+अ=ख =२
ख्+इ =खि=२००
ख्+उ =खु =२००००

इसी प्रकार आगे भी। अब अवर्ग अक्षरों में देखिये :—

य्+अ=य =३०
य्+इ=यि=३०००
य्+उ=यु =३०००००
य्+ऋ=यृ=३००००००० इत्यादि,

एवं

र्+अ=अ=४०
र्+इ=रि=४०००
र्+उ=रु=४००००० इत्यादि।

यहाँ ह्रस्व दीर्घ स्वर के कारण कोई संख्याभेद नहीं होता है, जैसे कि=१०० या की=१०० तथा संयुक्ताक्षर में प्रयुक्त स्वर दोनों व्यंजन का स्वर समझा जाता है, जैसे ख्यु से खु. यु. का बोध होता है।

आर्यभट ने व्यासपरिधि का संबन्ध जितना सूक्ष्म लिखा है यह देखकर आश्चर्य होता है। इतनी बात तो उन्होंने स्पष्ट लिखी है कि वृत्तपरिधि के षष्ठांश की पूर्णज्या वृत्त-व्यासार्ध के तुल्य होती है। व्यासार्ध को छै से गुणा करने पर त्रिगुण व्यास होगा। उससे वृत्तपरिधिमान बड़ा होगा क्योंकि पूर्णज्या से चापमान बड़ा होता है। पूर्णज्या सरल रेखा है और उसका चाप वक्र रेखा है जो सरल रेखा से अधिक है। तब उन्होंने परीक्षा करके देखा तो २०००० व्यास में ६२८२४ परिधि प्राप्त किया। इस प्रकार इतने पहले इस संबन्ध को इतनी सूक्ष्मता के साथ कहा। त्रिभुज-चतुर्भुज के फलानयन में एक आयाम रेखा लम्ब रेखा का साधन करके उसके बल से फल साधन उन्होंने किया। पाटीगणित के एक प्रश्न के उत्तर करने में जो रीति है वह बिना वर्गसमीकरण जाने हुए नहीं हो सकती है। इसलिये उन्हें वर्गसमीकरण का ज्ञान था ऐसा सिद्ध होता है। कुट्टक गणित को आर्यभट ने कहा है जो विषय बहुत दिनों तक युरोप वालों को मालूम नहीं हुआ था।

भारत और युरोप देश के मध्य में अरब देश पड़ता है। अरबों ने दोनों देशवालों से बहुत कुछ सीखा तथा दोनों देशों के विद्वानों के साथ आदान-प्रदान किया। अर्थात् जो कुछ हिन्दुओं से सीखा उसे युरोपवालों को दिया तथा युरोपवालों से जो कुछ सीखा उसका कुछ अंश भारत को दिया। युक्लिड की रेखागणित पहले अरबी में अनूदित हुई। पीछे पण्डित जगन्नाथ ने शिवाजी के समय में संस्कृत में उसका अनुवाद किया। रेखागणित नाम पहले-पहल उन्होंने ही रखा। इसके पहले प्रायः क्षेत्रमिति कहा जाता था।

ब्रह्मगुप्त का करण ग्रंथ खण्डखाद्य का अनुवाद बड़े आदर से अरबी में कराया गया। वहाँ से वह विद्या युरोप गई। अरब वाले स्वयं उसपर कुछ नवीन विषय नहीं सोचते थे, केवल आदान-प्रदान करते थे। इस विषय की खोज की आवश्यकता है कि कौन-कौन गणित भारत से अरबों के द्वारा युरोप गया। शून्य स्थान, दशमलव, बीजगणित तो भारत से ही गया यह उन विषयों के नाम से ही ज्ञात होता है जो अरबों ने इन विषयों के नाम रखे हैं।

आर्यभट के एक सौ वर्ष बाद ब्रह्मगुप्त हुए। उनका ग्रंथ ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त है। ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त को देखने से मालूम होता है कि गणित तथा सिद्धान्त दोनों विषयों में वे आर्यभट से बहुत अधिक विषयों को लिखा है। तथापि विशेष धन्यवादार्ह आर्यभट ही हैं जिन्होंने सर्वप्रथम गणित ज्योतिष पर पुस्तक लिखी तथा अनेक नवीन विषयों को कहा। सिद्धान्त में चाप और जीवा का सम्बन्ध सर्वत्र आता है। आर्यभट ने एक पाद के नव्वे अंश के भीतर पौने चार-चार अंश का चौबीस विभाग करके उनकी ज्याओं को जानने का प्रकार कहा है तथा उनका मान लिख दिया है। यह बहुत बड़ा काम आरम्भ में ही किया गया है।

पृथ्वी के अनेक मुख्य स्थानों का नाम, जैसे लंका, अवन्ती, मेरु, बड़वानल, यवकोटि, रोमक, सिद्धपुर दिया है तथा इन स्थानों में सूर्य के उदय-अस्त के बारे में कहा है। उज्जैन का अक्षांश भी २२° ३०′ होता है, ऐसा कहा है। उज्जैन की चर्चा से तथा वहाँ की अक्षांश देने से ऐसा मालूम पड़ता है कि उनके समय में उज्जैन ज्योतिष गणना का मुख्य स्थल था।

आर्यभट की चर्चा

आर्यभट ने अपने ग्रंथ में ब्रह्मा को छोड़कर और किसी ग्रंथकार की चर्चा नहीं की है। किन्तु सभी परवर्त्ती आचार्यो ने किसी न किसी प्रकार आर्यभट की चर्चा की है। लल्लाचार्य लिखते हैं :—

'विज्ञाय शास्त्रमलमार्यभटप्रणीतं तंत्राणि यद्यपि कृतानि तदीयशिष्यैः'। अर्थात् आर्यभट प्रणीत शास्त्र को अच्छी तरह से पढ़कर यद्यपि उनके शिष्यों ने ग्रंथ बनाये हैं। परमेश्वर भट-दीपिका टीका लिखने वाले के मत से लल्ल भी आर्यभट के शिष्य हैं।

वराहमिहिर ने आर्यभटप्रतिपादित भूभ्रमण का खंडन किया है। ब्रह्मगुप्त ने तो अनेक स्थानों में आर्यभट का खंडन किया है चाहे उनका कथन सत् या असत् हो। किन्तु अपने खण्डखाद्यकरण में आर्यभट के मत का ही अवलम्बन लिया है। भास्कराचार्य अपनी सिद्धान्तशिरोमणि में लिखते हैं, "अतोऽयुतद्वयव्यासे द्विकाग्न्यष्टयमर्तु मितः परिधिरार्यभटाद्यैरङ्गीकृतः"। इस प्रकार प्रायः सभी बड़े ज्योतिष के ग्रंथकार किसी न किसी रूप में आर्यभट की चर्चा करते हैं और ऐसा करना उचित भी है क्योंकि सर्वप्रथम ज्योतिष के आचार्य पौरुषग्रंथकारों में वही हुए हैं।

यद्यपि ब्रह्मगुप्त ने भी अपने सिद्धान्त की रचना ब्रह्मसिद्धान्त के आधार पर की है क्योंकि उन्होंने लिखा है :—

ब्रह्मोक्तं ग्रहगणितं महता कालेन यत् खिलीभूतम् ।
अभिधीयते स्फुटं तज्जिष्णुसुतब्रह्मगुप्तेन ।।

ब्रा० स्फु० सि०, पृ० ९, श्लो० २ ।

तथापि दोनों के ब्रह्मसिद्धान्त भिन्न हैं। आर्यभट ने तो अपने ग्रंथ के मंगलश्लोक में भी प्रथमतः ब्रह्मा को ही नमस्कार करते हैं। ब्रह्मा ही उनके देवता हैं—

ब्रह्मकुशशिबुधभृगुरविकुजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य ।

—आ० भ०, पृ० १२, श्लोक १ ।

यहाँ सबसे पहले ब्रह्मा का ही नाम है। इसी प्रकार —

'सदसज्ज्ञानसमुद्रात् समुद्धृतं देवताप्रसादेन' ।

यहाँ भी देवता का प्रसाद ब्रह्मा का ही प्रसाद है। ब्रह्मगुप्त अपने ग्रंथ के मंगलश्लोक में महादेव की प्रार्थना करते हैं—

जयति प्रणतसुरासुरमौलिरत्नप्रभाच्छुरितपादः ।
कर्त्ता जगदुत्पत्तिस्थितिविलयानां महादेवः ।।

—ब्रा० स्फु० सि०, मंगलश्लोक ।

इन दोनों बड़े ग्रंथकारों ने तो ब्रह्मसिद्धान्त को अपना आधार माना है किन्तु अन्य आचार्य भी किसी न किसी आचार्य के ज्यौतिष ग्रंथ को आधार मानकर स्वयं ग्रंथ रचना करते आये हैं। भास्कराचार्य ने तो स्पष्ट ही लिखा है, "अतएवातिप्राज्ञा गणकाः सांप्रतोपलब्ध्यनुसारिणं प्रौढ़गणकस्वीकृतं कमप्यागममङ्गीकृत्य ग्रहगणित आत्मनो गणितगोलयोर्निरतिशयं कौशलं दर्शयितुं तथान्यैर्भ्रान्तिज्ञानेनान्यथोदितानर्थांश्च निराकर्त्तुमन्यान् ग्रन्थान् रचयन्ति। ग्रहगणित इति कर्त्तव्यतायामस्माभिः कौशलं दर्शनीयं। यथात्र ग्रन्थे ब्रह्मगुप्तस्वीकृतागामोऽङ्गीकृत इति"। अर्थात् प्राचीन बुद्धिमान गणक वर्त्तमान काल में दृग्गणितैक्य करनेवाला किसी प्रौढ़ गणक के द्वारा स्वीकृत किसी आगम को स्वीकार कर ग्रहगणितगोल में अपना प्रवुद्ध कौशल दिखाने के लिये तथा दूसरे आचार्यों ने भ्रम से जो अशुद्ध विषयों को कहा है उस भ्रम ज्ञान को हटाने के लिये ग्रंथ की रचना करते हैं। ग्रहगणित में मुझे भी अपना कौशल दिखलाना है। इसलिये इस अपने ग्रंथ में ब्रह्मगुप्त के द्वारा स्वीकार किया हुआ आगम स्वीकार किया गया है। इस प्रकार भास्कर के ग्रंथ सिद्धान्तशिरोमणि का मूल आधार ग्रंथ ब्रह्मगुप्त का बनाया हुआ ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त है। इसी तरह अन्य ग्रन्थकार भी किसी आचार्य के ग्रंथ को आधार मानकर पूर्वकथित प्रयोजनों से ग्रंथों की रचना करते हैं। कुछ लोग जगत् के उपकार के लिये, कोई आत्मसुख के लिये ग्रंथों का निर्माण करते हैं। आर्यभट ने भी कुसुमपुर में जो अभ्यर्चित ज्ञान को कहा है उसका भी अभिप्राय लोगों के उपकार के लिये है।

चूंकि वराहमिहिर ने शक ४२७ में पंचसिद्धान्तिका लिखी और आर्यभट ने शक ४२१ में आर्यभटीय इसलिये दोनों करीब-करीब एक ही समय के हैं। चूंकि वराहमिहिर ने

आर्यभट की चर्चा की है, आर्यभट के ग्रंथविषय का खंडन किया है और छै वर्ष के अन्दर उन्हें आर्यभट के ग्रंथ का विषय मालूम हो सका जिसका उन्होंने खंडन किया है, इसलिये टीकाकार का अनुमान है कि वे दोनों एक ही नगर के रहनेवाले थे। वराहमिहिर को मगध की राजधानी पटना में होने का और भी अन्य कारण है। प्रथम यह है कि वराहमिहिर के पंचसिद्धान्तिका को छोड़कर प्रायः अन्य सभी ग्रंथों पर टीका लिखने वाले महापंडित भट्टोत्पल (८८८ शक) ने वृहत् संहिता की टीका में वराहमिहिर को मगधद्विज या मगद्विज कहा है। अर्थात् ये मगध के ब्राह्मण या शाकद्वीपीय ब्राह्मण थे। इनके शाकद्वीपीय होने में एक प्रमाण यह भी है कि ये सूर्योपासक थे। अपने सभी ग्रंथों के मंगलश्लोक में श्री सूर्यनारायण की ही इन्होंने स्तुति की है। इनके पिता का नाम सूर्यदास था। अपने नाम के अंत में सूर्य (मिहिर) लगाया था। सूर्य की ही उपासना से सब कुछ मिल सकता है ऐसा इनका विश्वास था। इसलिये वे शाकद्वीपीय थे। बिहार राज्य मे शाकद्वीपीय ब्राह्मण बहुत देखे जाते हैं। जीविका की दृष्टि से पीछे उज्जैन चले गये थे। उनके पटने के होने का कारण यह भी जान पड़ता है कि उस समय ग्रीक लोग पटना में थे। क्योंकि पटनानगरी उस समय एक महान साम्राज्य की राजधानी थी। यहीं वराहमिहिर को यवनों से संपर्क हुआ होगा और उनसे कुछ बातें लिये होंगे। वे अपनी बृहत् संहिता में लिखते है—

म्लेच्छा हि यवनास्तेषु सम्यक् शास्त्रमिदं स्थितम्।
ऋषिवत्तेऽपि पूज्यन्ते किं पुनर्ब्रह्मविद्द्विजाः॥

बृ० सं० I, पृ० ७९, श्लो० १४

इस प्रकार आर्यभट और वराहमिहिर दोनों पटना (बिहार) के थे। उनके उज्जैन जाने के प्रसंग में ऐसा भी सोचा जा सकता है कि आर्यभट की प्रख्याति से वे यहाँ रहकर जीविकोपार्जन में कठिनाई का अनुमान किये होंगे और अपना कर्मक्षेत्र स्थानान्तर करने का निश्चयकर उज्जैन गये होंगे।

आर्यभट के समय में ज्योतिष के और विद्वान नहीं थे ऐसी बात नहीं है। विद्वान लोग भी थे और उनके कुछ ग्रंथ भी थे। कारण आर्यभट के समकालीन वराहमिहिर ने जिन पाँच सिद्धान्तों पर विचार किया है सभी ग्रंथ दूसरे विद्वानों के ही थे और उस समय उपलब्ध भी थे। परन्तु आर्यभट को उन ग्रंथो पर आस्था थी ही नहीं। इसलिये उन्होंने उन ग्रन्थों की चर्चा तक नहीं की। उनको ब्रह्म सिद्धान्त का आदर था। उसमें भी कालान्तर से दोष आ गया था जिसको छोड़कर ब्रह्मसिद्धान्त का शुद्ध स्पष्ट मत लेकर अपनी सूक्ष्म बुद्धि के योग से उन्होंने आर्यभटीय ग्रंथ को लिखा। यद्यपि यह ग्रंथ छोटा है तथापि ज्योतिष का तत्त्वभूत सार है। प्रसिद्ध बातों को छोड़ दी गई है। केवल कठिन विषयों को कहा गया है और वह कथन भी इतना संक्षेप और ऐसी भाषा में है कि एकबार पढ़ते ही कोई नहीं समझ सकता। जब ध्यानपूर्वक पढ़ेगा तभी उसका तत्त्व समझ में आ सकेगा। बिना उपपत्ति जाने सूत्रों का अर्थ करना कठिन विषय है।

ऐसा भी प्रश्न लोगों के मन में उठ सकता है कि प्रकाशित दो टीकायें, नीलकण्ट का भाष्य तथा परमेश्वर की भटदीपिका, प्राप्त रहने पर भी अन्य टीका लिखने की क्या आवश्यकता थी। इस प्रसंग में टीकाकार का यही उत्तर है कि उपलब्ध टीकायें संस्कृत गद्यों से भरे हुए है। थोड़ी सी बातें बहुत आडम्बर से कही गयी हैं। आर्यभट एवं

ब्रह्मगुप्त के अनन्तर जो समय आया उसमें वैज्ञानिक विषयों पर अल्प ध्यान दिया गया। संस्कृत साहित्य का प्रदर्शन अच्छी तरह से होने लगा। इसलिये शक १५८० में ज्योतिष के एक बड़े विद्वान कल्पक कमलाकरभट्ट ने कहा कि इस ज्योतिष शास्त्र में युक्ति दिखलानी चाहिये। पदलालित्य संस्कृत गद्यों का भरमार इस शास्त्र में अपेक्षित नहीं है। उन्होंने कहा है —

"भृङ्गारपदलालित्यग्रन्थासाक्त्या विषं त्विदम्।
वासनाशास्त्रमज्ञानां चामृतं तद्विदां सताम् ।। १९ ।।
प्राचीनरीतिभिन्नेऽस्मिन् मूर्खो निन्दां करिष्यति।
न दुःखं तेन मे यस्माद् ज्ञातारो बहवो भुवि ।।२०।।

—सिद्धान्ततत्त्वविवेक, पृ० ४०८।

अर्थात् जिन्हें शृङ्गार पदलालित्य में आसक्ति है उनके लिये युक्तिमूलक जो यह ज्योतिष शास्त्र है वह विष के समान है। चाहे कैसी ही भाषा में क्यों न हो सयुक्तिक विषय को देखकर उसके वेत्ता को वह अमृत तुल्य मालूम पड़ता है। कमलाकर कहते हैं कि प्राचीन रीति से भिन्न रीति इस ग्रंथ (सिद्धान्त तत्त्व विवेक) में अपनाई गई है। इसलिये मूर्ख लोग उनके इस ग्रंथ 'सिद्धान्त तत्त्व विवेक' की निन्दा करेंगे इससे उनको दुःख नहीं है क्योंकि विद्वान जानकार लोग भी संसार में बहुत हैं।

म० म० पं० सुधाकर द्विवेदी के समय से भारतीय गणित ज्योतिष भी नवीन युरोपीय संकेत से अल्प शब्दों में लिखे जाने लगे हैं जिससे अल्प श्रम से बिषय समझने में आ जाता हैं, क्षेत्र लिखकर भी विषय स्पष्ट किया जाता है। इसलिये नवीन संकेत क्षेत्र आदि देकर विषय की स्पष्टता की गई है। और सकल साधारण को आर्यभट की विशेषता मालूम हो इस दृष्टि से राष्ट्रभाषा हिन्दी में भी अच्छी तरह से व्याख्या तथा युक्ति प्रदर्शित की गई है। इससे ग्रंथ का आकार भी छोटा एवं समझने योग्य स्पष्ट हो गया है। इन सभी दृष्टियों से भी नवीन संस्करण की आवश्यकता थी जिस कार्य को बिहार रिसर्च सोसाइटी ने करवाया है। वर्त्तमान टीकाकार को अत्यधिक आनन्द होगा यदि कोई विद्वान् इस पुस्तक की और अच्छी टीका लिख दें। टीकाकार कैलाशवासी म०म० पं० सुधाकर द्विवेदी जी के अल्प दिन का शिष्य है। इनकी भी इच्छा थी कि आर्यभटीय की और अच्छी पाण्डुलिपि प्राप्त कर इसमें सुधार कर एक नवीन संस्करण हो। किन्तु बहुत दिन तक प्रतीक्षा करने पर भी जब कोई पाण्डुलिपि नहीं मिली तो मुद्रित पुस्तक को ही आधार मान कर यथासाध्य उसकी व्याख्या की गई है। जितने भी प्राचीन ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं चाहे वह वराहमिहिर की पञ्चसिद्धांतिका हो या ब्रह्मगुप्त का ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त या लल्ल का शिष्यधीवृद्धिद हो अथवा श्रीपतिभट्ट का सिद्धान्त शेखर सभी ग्रंथों में कुछ न कुछ त्रुटियाँ है, तथापि संपादकों ने उन पुस्तकों को प्रकाशित किये हैं। इसी प्रकार यह आर्यभटीय भी है। जो कुछ मिल सका उसी को भित्ति बनाकर चित्र लिखा गया है। कहा जाता है कि म०म० बापूदेव शास्त्री जी ने भास्कराचार्य की सिद्धान्त शिरोमणि को शुद्ध करके छपवाया इसलिये वे संशोधक होकर विख्यात हो गये। इस कार्य से उन्हें बहुत यश मिला। शास्त्री जी को शुद्ध संस्करण प्रकाशित करने में मुनीश्वर की मरीचिटीका तथा नृसिंह दैवज्ञ की वासना

वार्तिक टीका से बड़ी सहायता मिली होगी। अतः बिना आधार का किसी विषय में निर्णय करना कठिन होता है।

ज्योतिष शास्त्र का तीन स्कन्ध है। प्रथम गणित सिद्धान्त है, द्वितीय संहिता जिस में प्राकृतिक घटनाओं पर विचार है, और तृतीय फलित जिसे जातक भी कहते हैं। किन्तु संहिता तथा जातक प्रथम स्कन्ध अर्थात् गणित सिद्धान्त पर ही निर्भर करता है इसलिये इस विभाग की ही मुख्यता है। भास्कराचार्य ने अपनी सिद्धान्तशिरोमणि में सिद्धान्त विभाग की प्रशंसा में कहा है कि जातक और संहिता को जानने वाले ज्योतिषी अगर सिद्धान्त ज्योतिष को नहीं जाने तो उनकी शोभा उसी प्रकार नहीं होती है जिस प्रकार कि भित्ति पर चित्रित राजा या काठ का बनाया हुआ सिंह का चित्र, बिना हाथी के सेना की, आम्र वृक्ष के बिना उद्यान की, कमल के बिना सरोवरकी और नवीन विवाह हुए विदेशस्थ पतिवाली स्त्रीकी शोभा नहीं होती है। त्रिस्कन्ध ज्योतिष के जानकार प्राचीन काल में वराहमिहिर थे जिनका तीनों विभागों पर लिखे हुए ग्रंथ हैं। आर्यभट तो केवल गणित सिद्धान्त के उपासक थे इसलिये इसी विषय में उनकी प्रौढ़ि थी। ये इसी विषय को सर्वमान्य समझते थे। आर्यभट के अनन्तर लल्ल, ब्रह्मगुप्त श्रीधराचार्य आदि विद्वान इसी सिद्धान्त विभाग के बड़े विद्वान थे। इसलिये विज्ञान के लिये वह स्वर्ण युग था। पीछे फलित ज्योतिष का ही विशेष रूप से प्रचार हुआ जिसके बड़े सहायक वराहमिहिर थे। म०म० द्विवेदी जी का मत है कि फलित ज्योतिष के विशेष प्रचार होने के कारण ही सिद्धान्त ज्योतिष भारत में दब गया। अवश्य ही भास्कराचार्य, कमलाकरभट्ट, नारायण, गणेश दैवज्ञ आदि कुछ विद्वान परवर्त्ती काल में अपवाद स्वरूप हुए हैं किन्तु अधिकांश ज्योतिषी अपने समय को फलित ज्योतिष के जानने तथा उसके व्यवहार में लगाते थे। फलित ज्योतिष विद्या अर्थकरी है इसलिये लोगों की दृष्टि इधर जाती है। सिद्धान्त ज्योतिष का उपयोग तो ज्ञानार्जन के लिये, आत्मसुख के लिये अथवा वेधक्रिया के लिये नलिकादियंत्रों से ग्रहों को देखने में तथा उनकी गति स्थिर करने में था। आर्यभट ने जब २३ वर्ष की अवस्था में इस ग्रन्थ को लिखा है तो ऐसा अनुमान करना कि वे इसके पूर्व वेध करके ग्रहों का मान देखे होंगे, विश्वास नहीं होता। हाँ, पीछे उन्होंने वेध किया ऐसा परवर्त्ती विद्वान उनके बारे में कहते हैं। कुछ विद्वानों ने ऐसा कहा है कि उन्होंने नलिकादि यंत्रो से ग्रहों को देखकर स्फुटता की है। भास्कराचार्य ने गणिताध्याय में भगण की उपपत्ति करने में यह अच्छी तरह से बतलाया है कि वेध करने की युक्ति क्या है, कैसे बेध किया जाता है। इधर नवीन काल में उनीनवीं शतक में चन्द्रशेखर सामन्त ने उड़ीसा प्रदेश में वेध करके सिद्धान्त दर्पण नामक ग्रंथ की रचना की।

सिद्धान्त ज्योतिष का तीसरा उपयोग विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाना, उन्हें सिद्धान्तज्ञ बनाना और पञ्चाङ्ग का निर्माण करना था। इस सिद्धान्त का एक उपयोग यह भी था कि सभा में बैठकर शास्त्रार्थ करना। जो व्यक्ति सिद्धान्त नहीं जानते हैं वे सभा में वादी के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सकते तथा लज्जित होकर उपहास के विषय होते हैं। इस दृष्टि से भी सिद्धान्त ज्योतिष की पठन-पाठन रीति इस देश में प्राचीन काल से चली आ रही है। वस्तुतः इस विद्या का प्रयोग वेध कार्य में होना चाहिये। इस ओर लोगों की दृष्टि अबतक वर्त्तमान काल में भी नहीं गई है।

आर्यभट ने इस गणित ज्योतिष का क्या उपयोग किया कहना कठिन है। उन्होंने इसे अभ्यर्चित ज्ञान कहा है इससे तो उन्होंने आत्मसुखार्थ ही इस शास्त्र में अपनी बुद्धि का

प्रयोग किया है, ऐसा मालूम पड़ता है। द्वितीय, उन्होंने इस विद्या को पढ़ाया भी था, इसका प्रमाण है। तृतीय, सभी के उपकार के लिये उन्होंने ग्रंथ निर्माण किया है।

आर्यभट को अपने समय में बहुत यश था। उनके अच्छे शिष्य भी हुए। अन्य लोगों ने भी उनका यशोगान किया। तथापि परवर्ती समय में उनका सुयश उस प्रकार का नहीं रहा, इसके कुछ कारण है। एक तो उनका सिद्ध किया हुआ पृथ्वी भ्रमण सिद्धान्त के प्रतिपादन से भी उनकी लोकप्रियता अल्प हो गई। दूसरी बात यह हुई कि ज्योतिष शास्त्र में दो ही मत विशेषरूप से प्रसिद्ध हैं एक ब्राह्म और दूसरा सौर। ब्रह्म सिद्धान्त को मूल मानकर जो सिद्धान्त या करण ग्रंथ प्रचलित हुए वे ब्राह्ममत के हुए तथा सूर्यसिद्धान्त के आधार पर जो ग्रंथ बने वे सौरमत के हुए। यद्यपि आर्यभट भी अपने ग्रंथ को ब्रह्म सिद्धान्त संमत कहते हैं तथापि उनका पक्ष आर्यभटीय अर्थात् आर्यभट सिद्धान्त के अनुकूल कहलाता है। अर्थात् इस मत में आर्यभट ही मुख्य हो गये और ब्रह्म पीछे पड़ गये। उनका मत आर्यमत हो गया।

ब्रह्मगुप्त के ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त से ब्रह्म मत विशेष जाग्रत हुआ उन्होंने ग्रंथादि में ही स्पष्ट रुप से लिखा है—

ब्रह्मोक्तं ग्रहगणितं महता कालेन यत् खिलीभूतम्।
अभिधीयते स्फुटं तज्जिष्णुसुतब्रह्मगुप्तेन ॥२॥

—ब्रा० स्फु० सि०, पृ० ९।

अर्थात् ब्रह्म से कहा हुआ ग्रह गणित बहुत काल के अनन्तर सदोष हो गया, जिष्णु का लड़का ब्रह्मगुप्त उसको स्पष्ट करके कहता है। अर्थात् ब्रह्मगुप्त का सिद्धान्त ब्रह्म सिद्धान्त के आधार पर स्पष्ट करके कहा गया है। पीछे ब्रह्मगुप्त के सिद्धान्त को ही मूल मानकर भास्कराचार्य ने शक १०७२ में सिद्धान्त शिरोमणि की रचना की और उन्होंने अपने ग्रंथ में ब्रह्मगुप्त की बड़ी प्रशंसा की और कहा—

"कृती जयति जिष्णुजो गणकचक्रचूड़ामणिः"

ब्रह्मगुप्त को गणक समूहों में चूड़ामणि कहा और एक स्थान में लिखा :—

"यदा पुनर्महता कालेन महदन्तरं भविष्यति तदा ब्रह्मगुप्तसमानधर्माणि महामतिमन्त उत्पत्स्यन्ते, ते तदुपलब्ध्यनुसारिणीं गतिमुररीकृत्य शास्त्राणि करिष्यन्ति।"

अर्थात् अयनांश के साधन में बहुत समय के बाद जब बहुत अन्तर पड़ेगा तो ब्रह्मगुप्त के ऐसे बुद्धिमान लोग जन्म ग्रहण करेंगे और वे शुद्ध शास्त्र का निर्माण करेंगे।

फिर भास्कराचार्य के सिद्धान्त शिरोमणि को आधार मानकर मुनीश्वर ने शाहजहां बादशाह के समय में सिद्धान्त सार्वभौम लिखा। इस प्रकार ब्राह्ममत बढ़ा।

सूर्य सिद्धान्त के मत को सर्वत्र प्रसिद्ध करने में मकरन्द सारिणी ने भी बहुत काम किया है। समस्त उत्तरीय भारत में मकरन्दीय पञ्चांग चलता है। मकरन्द ने स्पष्ट ही लिखा है :

श्रीसूर्यसिद्धान्तमतेन सम्यक्
विश्वोपकाराय गुरुप्रसादात्।
तिथ्यादिपत्रं वितनोति काश्या-
मानन्दकन्दो मकरन्दनामा ॥

—मकरन्दसारिणी, मंगल श्लोक

अर्थात् संसार के उपकार के लिये गुरू की कृपा और श्री सूर्यसिद्धान्त के मत से काशी में मकरन्द नामक गणक तिथ्यादिपत्र को बनाते हैं।

आर्यभट दक्षिण में विशेषकर माध्व सम्प्रदाय में समादृत हैं। वे अपने विचार में स्वतंत्र हैं अर्थात् उन्हें जो विषय ठीक मालूम पड़ा है उसके कहने में कोई संकोच नहीं किया है। अन्य आचार्यों के मत से एक हजार महायुग का ब्रह्मा का एक दिन होता है। सत्युग, त्रेता, द्वापर, कलियुग चारों मिलाकर महायुग कहलाता है। किन्तु आर्यभट के मत से १००८ महायुग का ब्रह्मा का एक दिन होता है। अन्य आचार्यों के मत से कलियुग के प्रमाण से द्विगुण द्वापर, त्रिगुण त्रेता और चतुर्गुण सत्ययुग का प्रमाण होता है। किन्तु आर्यभट के मत से चारों युग बराबर अवधि के होते हैं। अन्य आचार्यों के मत से ७१ महायुगों के एक मन्वन्तर होता है किन्तु आर्यभट के मत से ७२ महायुग का एक मन्वन्तर होता है। अन्य आचार्यों के मत से दो मन्वन्तरों के बीच में सत्युग प्रमाण एक-एक संधिकाल होता है। आर्यभट में संधिकाल नहीं है। ये सब बातें विलक्षण हैं और उनके स्वातन्त्र्य सूचक हैं।

ब्रह्मगुप्त ने अपने ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त में आर्यभट के इन मन्तव्यों का खण्डन करके आर्यभट को दोषी कहा है। ब्रह्मगुप्त के अनन्तर बटेश्वर नामक ज्योतिष के एक ग्रंथकार हुए है। उन्होंने आर्यभट के मत का समर्थन तथा ब्रह्मगुप्त के विचार का खण्डन किया है। कौन विचार, कौन मत ठीक है इस विवेक में तो यही बात आती है कि जिस मत से दृग्गणितैक्य हो वही मत ज्योतिष शास्त्र में मान्य है। हाँ, यदि ऋषि-मुनि के वाक्य का आदर ही प्रामाण्य हो तो उस स्थिति में स्मृति-विरुद्ध बात अमान्य होगी किन्तु ज्योतिष तो प्रत्यक्ष शास्त्र है। इसमें जो युक्तिसंगत हो, जिससे प्रत्यक्षता हो वही मान्य है।

गुण ऐसा विषय है कि एक न एक दिन अवसर पाकर वह स्वयं प्रस्फुटित हो जाता है। भारत में अंग्रेजों के राज्य स्थापित होने तथा अंग्रेजी शिक्षा प्रचलित होने पर स्कूली लड़कों को भूगोल में यह पढ़ाये जाने लगा कि वह पृथ्वी जिसे हमलोग अचला कहते हैं, यथार्थ में चलती है और उदय-अस्त करनेवाले सूर्य स्थिर हैं तब लोगों के स्मरण में यह बात आयी कि आज से करीब १५०० वर्ष पहले आर्यभट नाम के एक भारतीय ज्योतिषी ने पटने में लिखा था कि पृथ्वी चलती है और तब से आर्यभट का नाम विख्यात हो गया।

इसी प्रकार श्रीधराचार्य ने वर्ग समीकरण में एक रीति दी है जिसकी चर्चा भास्कराचार्य ने अपने बीजगणित में की है। अंग्रेजी बीजगणित के भारतीय लेखकों ने श्रीधर की इस रीति को अपने-अपने बीजगणित में बड़े आदर से रखा है। इसलिये श्रीधराचार्य का नाम बहुत फैल गया। चूंकि उन पुस्तकों में ये विद्यायें थीं इसलिये एक दिन इनके यश फैले। इस तरह की विशेष बातें उनलोगों के ग्रन्थ में बहुत है किन्तु वे भी अब क्रमशः जैसे-जैसे अवसर आवेगा प्रकाश में आ जायगी। म. म. सुधाकर द्विवेदीजी, विभूतिभूषण दत्त और अवधेश नारायण सिंह का गणित का इतिहास यह दिखाते हैं कि हमलोगों के पूर्वजों ने गणित में कितनी उन्नति की थी।

संदेह

कुछ लोग यह देखकर कि जिस प्रकार यवन लोग अक्षरों के द्वारा अंकों का प्रकाशन करते थे उसी प्रकार आर्यभट ने भी अक्षरों से अंकों का प्रकाशन कर यवनों का अनुकरण किया है ऐसा कहते हैं। दूसरी बात, बहुत कठिन गणितों को बिना उपपत्ति का कहा है। इसलिये

इन गणितों को भी वे दूसरों से लेकर केवल रीतिमात्र लिख दिया है, इस प्रकार का आक्षप आर्यभट पर लाते हैं। इसके उत्तर में यह निवेदन है कि अक्षरों के द्वारा अंकों को समझने की रीति सर्वप्रथम जैमिनीय सूत्र में देखी जाती है। और मान लिया जाय कि अंकों को अक्षरों के द्वारा प्रकाशन करना यवनों का अनुकरण है तो फिर स्वरों के द्वारा वर्ग अवर्ग वाला अष्टादश स्थान के अंकों को जानना तो आर्यभट की ही स्वतन्त्र बुद्धि है। क्योंकि स्वर के द्वारा यवनों के यहाँ स्थानाङ्कों का न तो ज्ञान था और न उतने स्थान उनके यहाँ प्रचलित थे। युरोप में तो १५वीं शताब्दी तक दशलक्ष तक के स्थान का ही ज्ञान था।

जिन विशिष्ट गणित ज्ञान के बारे में यह कहा जाता है कि आर्यभट ने उन्हें दूसरों से लिये होंगे उस विषय में तो वे स्वयं कहते हैं कि उन्होंने ब्रह्मसिद्धान्त से लिया। अगर यह संशय किया जाय कि वे यवनों से ज्ञान प्राप्त किये तो यह असम्भव है क्योंकि आर्यभट प्रतिपादित अनेक गणित का ज्ञान युरोप में १५वीं शताब्दी तक नहीं हुआ था। इसलिये यह आक्षेप युक्तियुक्त नहीं है। यदि यवनों से किसी ने इस ज्ञान का लाभ किया तो इसकी सम्भावना विशेषकर वराहमिहिर में थी जिन्हें यवनों से विशेष सम्पर्क हुआ और जो यवनों के प्रशंसक हैं। इसलिये यह आक्षेप ठीक नहीं है। अगर इन विशिष्ट ज्ञान को आर्यभट अन्यथा प्राप्त करते तो आर्यभट का छिद्रान्वेषी ब्रह्मगुप्त उनके दोषों की गणना में इस दोष को भी अवश्य कहते किन्तु वे ऐसा कहीं नहीं कहते हैं। इस सम्बन्ध में पहले भी कहा गया है।

भारतीय रीति डिडक्टिभ है अर्थात् हमलोग पहले से ही जानते रहते हैं कि कल्प में या महायुग में ग्रहों के भगण कितने होते हैं अर्थात् मेषादि बारहों राशिका भोग कितने बार वे करते हैं। तब इष्ट समय में अहर्गण अर्थात् कल्पादि या युगादि से कितने दिन अबतक बीत चुके हैं उसे जानकर त्रैराशिक करते हैं कि यदि कल्पसावन दिन में कल्प-ग्रह भगण तो अहर्गण में क्या, इस प्रकार वर्त्तमानकालिक ग्रह को जानते हैं। यह रीति युरोपवालों की नहीं है इसलिये भगण हमलोगों ने उनसे लिये यह प्रश्न ही नहीं उठता। वे लोग तो प्रतिदिन वेध करके ग्रह ज्ञान करते हैं। उनलोगों की रीति इन्डक्टिभ है। इसलिये आर्यभट ने जो कुछ भी कहा है उसका आधार ब्रह्म-सिद्धान्त तथा उनकी चमत्कृत बुद्धि है यही विश्वास होता है। भला आर्यभट में तो अक्षरांक सादृश्य-सा दोष भी देते हैं किन्तु ब्रह्मगुप्त ने जो इतने विस्तारपूर्वक गणित ज्योतिष को कहा है उन्होंने किससे सीखा। वे भी तो यही कहते हैं कि उनका भी आधार ब्रह्मसिद्धान्त ही है।

खलीफा अलमन सूर के दरबार में बगदाद में ब्रह्मगुप्त का कोई शिष्य बुलाया गया था जो ब्रह्मगुप्त के सिद्धान्त को अच्छी तरह जानता था। वहाँ उनके द्वारा अरबी में ब्रह्मगुप्त के ग्रन्थों का अनुवाद कराया गया। फिर वहाँ से यह विद्या युरोप गयी। अगर युरोप में यह विद्या पहले ही से ज्ञात थी तो फिर अरबी से इस विद्या को लेने का क्या प्रयोजन था।

इतनी बात अवश्य सत्य है कि जिस प्रकार श्रीसूर्यनारायण का तेज सब देश, सब लोक पर एक प्रकार से प्रसारित होता है उसी देवता की ज्ञानरश्मि भी सब देश सब लोक में प्रसारित है। अतएव, सब ज्ञान चाहे गणित का हो या दर्शन का, साहित्य का हो या जिस किसी विषय का हो सब को प्राप्त करने का अधिकार है और सब प्राप्त करते हैं :—

जो ढ़ूंढ़ा तिन पाइयां गहरे पानी पैठि।
वे बपुरी क्या पाइयां रही किनारे बैठि ।।

कबीरदास का यह कथन बिल्कुल उपयुक्त है। सभी देश के लोग अपनी-अपनी आवश्यकता तथा सम्बन्ध के अनुसार गणित ज्योतिष में भी यत्न करते हैं या किये होंगे। यह कहना केवल पक्षपात है कि मेरे अनुकरण में अमुक ने ऐसा किया। यूरोप में एक सौ वर्ष तक यह झगड़ा चलता रहा कि जर्मन लेवनिज ने अंग्रेज न्यूटन साहब के तात्कालिक सिद्धान्त को देखकर तब लिखा है। पश्चात् यही निश्चय हुआ कि दोनों विद्वान् इस गणित के आविष्कार में स्वतंत्र थे। इसी प्रकार ईश्वर प्रदत्त बुद्धि से सभी देश के लोग अपने-अपने नये आविष्कार को कहते हैं। इसलिये अनुकरण का दोष लगाकर किसी के शुभ्र यश में कालिमा लगाना उचित नहीं।

सभी देश के विद्वान जिन्होंने अपने-अपने ग्रंथों में नयी बात को लिखी है जिन्होंने अपने विशिष्ट ज्ञान से संसार को उपकृत किया है वे धन्य हैं। हमलोगों की बुद्धि इस विषय की खोज में लगाना व्यर्थ है कि किसने किसकी विद्या चुरायी है। जन्मतः तो कोई पंडित होता नहीं। किसी किसी में पूर्वजन्म का विशिष्ट संस्कार रहता है। फिर भी विद्या पढ़कर ही लोग विद्वान होते हैं। विद्या पढ़ने का ध्येय यही है कि पूर्व विद्वानों के संचित ज्ञान को प्राप्त करना। अतएव, कोई भी दूसरों का ज्ञान न ले तो वह स्वयं ही विद्वान कैसे बनेगा। अतः प्रत्येक पठनशील व्यक्ति पूर्वजों के ज्ञान का ऋणी है चाहे वे पृथ्वी के जिस किसी कोण को अपने जन्म से अलंकृत किये हों।

अभ्यर्चितं ज्ञानम्

"आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्" इस पद का अर्थ भटदीपिका टीका लिखने वाले परमेश्वर इस प्रकार लिखते हैं "कुसुमपुरे कुसुमपुराख्ये ऽस्मिन् देशे अभ्यर्चितं ज्ञानं कुसुमपुरनिवासिभिः पूजितं ग्रहगतिज्ञानसाधनभूतं तत्र आर्यभटो निगदति" अर्थात् ग्रहगतिसाधनभूत जो यह ज्ञान है जिसे कुसुमपुर के लोग बहुत ही पूजित समझते थे ऐसा कहा है।

प्रथम भास्कर जिन्होंने सबसे पहले आर्यभट की टीका लिखी है "कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम्" की व्याख्या इस प्रकार करते हैं "अयं किल स्वायंभुव सिद्धान्तः कुसुमपुरनिवासिभिः कृतिभिः पूजितः सत्स्वपि पौलिशरोमकवासिष्ठ सौर्येषु तेनाह कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानमिति" अर्थात् पौलिशरोमक वशिष्ठ सूर्यसिद्धान्त के रहने पर भी कुसुमपुर के विद्वानों ने ब्रह्मसिद्धान्तमूलक इसी सिद्धान्त का बहुत आदर किया था।

भारतवर्ष में सर्वमान्य पुस्तक चारो वेद हैं। यह विवाद अवश्य विद्वानों में है कि वेद स्वयं प्रादुर्भूत है या किसी के द्वारा कहा गया है। मीमांसा शास्त्र स्वतः प्रमाण एवं न्याय शास्त्र परतः प्रमाण वेद शास्त्र को मानते हैं। इस पूजित वेद शास्त्र के छः अङ्गों में ज्योतिष एक अङ्ग है। अङ्गों में भी प्रधान अङ्ग नेत्रस्वरूप है। अतएव ज्योतिषशास्त्र वेदाङ्गत्वेन परमपूजित विद्या है किन्तु ग्रहगणित वेध सिद्ध है इसलिए दृग्गणितैक्य करने वाला ज्योतिष ग्रन्थ ही पूज्य मान्य है।

आर्यभट के समय में ज्योतिष के अन्य सिद्धान्त भी रहे होंगे किन्तु वे दृग्गणितैक्य करने वाले नहीं थे। दृग्गणितैक्य का अर्थ है कि शास्त्र के द्वारा गणित से ग्रह का मान लावें अगर प्रत्यक्ष दृष्टि द्वारा वह देखने में तदनुरूप प्रतीत हो तो वह दृग्गणितैक्य हुआ। चूंकि "प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रम्" ज्योतिष शास्त्र प्रत्यक्ष है इसलिए जिस ग्रन्थ की विधि से गणित के द्वारा लाया हुआ ग्रह प्रत्यक्ष देखने में आवे वही मान्य है। ऐसा बोध होता

है कि आर्यभट के समय में जो भी ज्योतिष के ग्रन्थ रहे हों उनके द्वारा लाये हुए ग्रहादि प्रत्यक्ष सिद्ध नहीं होते थे। तभी तो वराहमिहिर ने पञ्चसिद्धान्तिका लिखकर पांच आचार्यों के मत का विवेचन किया था। ऐसी ही स्थिति में ब्रह्मसिद्धान्त को मूल मानकर अपनी बुद्धि से उसमें संस्कार देकर आर्यभट ने जो आर्यभटीय लिखा तदनुसार बने ग्रह ठीक प्रत्यक्ष होने लगे इसलिए इनका ग्रन्थ पटने के विद्वानों के द्वारा मान्य हो गया। आर्यभटीय को मान्य होने में दो कारण है। एक यह कि यह समूलक बह्म सिद्धान्त के आधार पर है इसलिए मान्य है। दूसरी मान्यता इसलिए है कि इसके द्वारा बनाये हुए ग्रह ठीक मिलते हैं इसलिए यह ग्रन्थ कुसुमपुर में मान्य हो गया। फलतः २३ वर्ष के एक नवयुवक ने उच्चकोटि के विद्वानों में अपना स्थान पाया।

ज्योतिषशास्त्र के प्रतिपाद्य विषयों में ग्रहण का साधन भी एक विषय है। ग्रहण बनाने का क्या प्रयोजन है इस विषय में भास्कराचार्य ने यही कहा है—

"बहु फलं जपदानहुतादिके स्मृतिपुराणविदः प्रवदन्ति हि।
सदुपयोगि जने सचमत्कृति ग्रहणमिन्द्विनयोः कथयाम्यतः ॥

अर्थात् ग्रहण काल में जप, दान, होम आदि करने से बहुत फल मिलता है ऐसा धर्मशास्त्रकारों ने कहा है। इसका प्रयोजन भी बहुत है और लोगों में एक चमत्कार भी उत्पन्न करता है इसलिये चन्द्र सूर्य का ग्रहण कहा जाता है।

ज्योतिष के एक बड़े आचार्य कमलाकरभट्ट ने ग्रहण का प्रयोजन यही लिखा है।

"भूमेर्दूरभवं दिव्यं ज्ञानं चार्केन्दुसंभवम्।
भविष्यं पूर्वमुक्तं चेच्चमत्कृतिकरं नृणाम्।

—सि० त० वि० पे० ३३६ श्लोक २८०

अर्थात् पृथिवी से बहुत दूर में सूर्य चन्द्रमा से उत्पन्न आकाशीय भविष्यज्ञान (ग्रहणसमय) पहले ही कहा जाय तो इससे लोगों में बड़ा चमत्कार उत्पन्न होता है।

ऐसे जो चमत्कार कारक ग्रहण पहले बनाए जाते थे वे विलकुल ठीक नहीं होते थे क्योंकि वैज्ञानिक रीति से युक्तिमूलक रीति से ग्रहण नहीं बनाये जाते थे और न ग्रहण का वास्तविक कारण ही मालूम था। यह तो सर्वप्रथम आर्यभट ही हैं जिन्होंने अपने ग्रन्थ में ग्रहण का ठीक कारण बतलाया तथा उसके साधन की विधि भी लिखी। इसी कारण आर्यभट इतने शीघ्र पटने के लोगों के लिए प्रिय हो गये। अतएव वहां के लोग इनके ज्ञान को अभ्यर्चित ज्ञान कहने लगे।

आर्यभटीय बहुत छोटा ग्रन्थ है थोड़े शब्दों में ज्यादे अर्थ भरे हुए हैं, जैसे गागर में सागर भरा हो। यह विषय कुछ उदाहरण देकर स्पष्ट किया जाता है। महायुग की चर्चा करते हुए गीतिका पाद के तृतीय श्लोक मे कहते हैं "गुरू दिवसाच्च भारतात्पूर्वम्"। परमेश्वर इसकी टीका करते हैं "भारता युधिष्ठिरादयः तैरूपलक्षितो गुरूदिवसो भारत गुरू दिवसः। राज्यचरतां युधिष्ठिरादीनामन्त्यो गुरू दिवसो द्वापरावसानक इत्यर्थः। तस्मिन् दिने युधिष्ठिरादयो राज्यमुत्सृज्य महाप्रस्थानंगता इति प्रसिद्धिः। तस्माद्गुरू दिवसात्पूर्वं कल्पादेरारभ्य गता मन्वादय ह्युक्ताः।"

अर्थात् भारत का युधिष्ठिरादि का अन्त गुरू दिवस में हुआ था अर्थात् द्वापरान्त बृहस्पति वार को हुआ था। उसके पूर्व के समय की यह गणना है। अर्थात् थोड़े ही शब्दों में कितने अर्थ ग्रथित हैं। शब्द है "गरू दिवसात् भारतात्पूर्वम्" अर्थ हुआ कि गुरू दिवस में भारत का अन्त हुआ अर्थात् द्वापरान्त हुआ उसके पूर्व की यह मन्वादि गणना कल्पादि से हुई। इसी प्रकार 'भवांशेऽर्कः' यह शब्द उसी गीतिका पाद में है जिसका अर्थ है कि भ नक्षत्रों की कक्षा का जो व अंश अर्थात् साठवाँ भाग वह अर्क सूर्य की कक्षा होती है। दूसरे आचार्य ने लिखा है 'अर्को भषष्ट्यंशः' नक्षत्र कक्षा का साठवाँ हिस्सा सूर्य कक्षा है।

स्थलजलमध्याल्लङ्का भूकक्ष्याया भवेच्चतुर्भागे ।
उज्जयिनी लङ्कायास्तच्चतुरंशे समोत्तरतः ।।

—आ० भ० पृ० ८५, श्लोक २४

स्थल अर्थात् मेरू जल बड़वानल इन दोनों स्थानों से पृथ्वी कक्षा के चतुर्थ भाग में अर्थात् ९० अंश पर लंका है तथा लंका के ठीक उत्तर दिशा में अर्थात् याम्योत्तर रेखा में ९० अंश के चतुर्थांश अर्थात् २२°/३०′ पर उज्जयिनी अवन्ती है। मेरू से ९० अंश पर होने के कारण तथा पूर्वापर याम्योत्तर रेखा के संपात विन्दु में निरक्ष देश में लंका होने के कारण लंका की प्रसिद्धि तो समुचित ही है किन्तु लंका के सदृश ही पृथ्वी पर प्रधान स्थान एक उज्जैन भी था जिसकी सूचना आर्यभट हमलोगों को देते हैं क्योंकि पृथ्वी पर अक्षांश वाले स्थानों में उन्होंने उज्जयिनी की ही चर्चा की है। जैसे लंका रावण की राजधानी थी उसी प्रकार विक्रमादित्य राजाओं का भी स्थान उज्जैन था। यह भी स्थान स्थिर याम्योत्तर वृत्त के धरातल में है तथा एक समय में लंका ज्योतिष गणना का प्रथम स्थान रही हो तो उज्जैन भी बहुत समय तक ज्योतिष गणना का प्रधान स्थान रह चुका है। इसलिये आर्यभट उज्जयिनी की चर्चा कर इस नगर का भी प्राधान्य स्थापित किये हैं।

मूलफलं सफलं कालमूलगुणमर्धमूलकृतियुक्तम् ।
मूलं मूलार्धोनं कालहृतं स्यात् स्वमूलफलम् ।।

—आ० भ०, पृ० ४८, श्लोक २५

व्याज सम्बन्धी एक प्रश्न का यह उत्तर सूत्ररूप में है। यहाँ यह जानते हैं कि कितने रुपये सूद पर दिए गये परन्तु सूद की व्यवस्था नहीं जानते केवल कितने समय तक ऋण रहा सो जानते हैं तथा इष्ट समय में जो सूद मिला उससे युत प्रथम सूद अर्थात् मिश्रधन जानते हैं तो सूद अर्थात् दिए हुए धन का सूद बताने की विधि है।

यहाँ मूलफल माने मूलधन का व्याज उसमें व्याज का व्याज जोड़कर मिश्रधन है तो उसको दिये हुए काल से तथा मूलधन से गुणा करें, मूलधन के आधे का वर्ग उसमें जोड़ द, उसका मूल लें, मूल का आधा उसमें घटा दें फिर काल से भाग दें तो मूलधन का व्याज मिलता है।

जैसे कल्पना किया कि मूलधन एक सौ रुपये है तो एकमास में इसका जो सूद होगा उस सूद का छै महीने में जो व्याज हो वह मिश्रधन १६ रुपए हैं तब उपर्युक्त

विधि से सोलह को छै से तथा सौ से गुणा कर दिया=९६०० इसमें मूलधन के आधे का वर्ग ५०²=२५०० जोड़ दिया=१२१०० इसका मूल लिया तो ११० हुआ उसमें मूलधनार्ध ५० घटा दिया तो ६० बचा इसको काल छै से भाग दिया तो १० यह मूलधन का व्याज मिला।

बिना वर्ग समीकरण के ज्ञान का इस प्रश्न का उत्तर नहीं हो सकता है।

आर्यभट का स्वातन्त्र्य

ब्रह्मगुप्त ने आर्यभट के सम्बन्ध में बहुत से दोष दिए हैं उनमें एक दोष यह है कि युग मन्वन्तर, कल्प जैसे शास्त्र में है ऐसा आर्यभट ने नहीं कहा है इसलिये इनका ग्रन्थ स्मृतिवाह्य है।

न समा मनुयुगकल्पाः कल्पादिगतं कृतादियातं च।

स्मृत्युक्तैरार्यभटो नातो जानाति मध्यगतिम्॥

ब्रा० स्पु० सि०, पृ० १५०, श्लोक १०

शास्त्रों में स्वतन्त्र शास्त्र वास्तव में केवल ज्योतिष ही है जो युक्ति को मानता है प्रमाण को नहीं। 'स्वार्भानुर्हि आसुरः तमसा सूर्यं विव्याध' राहु नामक राक्षस अपने अन्धकारों से सूर्य को छाद दिया ऐसा वेदवाक्य है। फिर भी आर्यभट कहते है 'छादयति शशी सूर्यं शशिनं च भूछाया' सूर्य को चन्द्रमा तथा चन्द्रमा को पृथ्वी छाया छाद लेती है। पुराण में लिखा है पृथ्वी दर्पण के पेट की तरह समान है।

"आदर्शोदरसन्निभा भगवती विश्वम्भरा कीर्त्यते" किन्तु आर्यभट कहते हैं :—

यद्वत् कदम्ब पुष्प ग्रन्थिः प्रचितः स मन्ततः कुसुमैः।

तद्वद्धि सर्वसत्वैर्जलजैः स्थलजैश्च भूगोलः॥

—आ० भ०, पृ० ८२, श्लोक ७

अर्थात् कदम्ब पुष्प के ऐसा पृथ्वी गोल है। यहाँ आर्यभट ने पुराण के वाक्य की परवाह नहीं की।

पीछे आने वाले एक बड़े ज्योतिषी कमलाकरभट्ट ने अपने सिद्धान्ततत्त्वविवेक में कहा :—

"तद्धि व्यासोदितं चापि दुष्टं ज्ञेयं विजानता।

नान्यन्मुनीन्द्रोक्तमपीह यस्मात्प्रत्यक्षसिद्धौ न हि वाक् प्रमाणम्")

—सि० त० पृ० ९७ श्लोक १३४

अर्थात् व्यास मुनि की भी बात हो तथापि वह मान्य नहीं है। जहाँ प्रत्यक्षता है वहाँ वाक्प्रमाण क्या होगा अर्थात् ज्योतिष में युक्तियुक्त विषय ही मान्य है। आर्यभट ने ग्रहण का वैज्ञानिक कारण दिया और पृथ्वी की गोलाई का प्रमाण दिया। इसलिये किसी ने आर्यभट में यह दोषारोपण नहीं किया है कि उसने शास्त्र विरुद्ध कहा है इसलिये मान्य नहीं है। हाँ पृथ्वी चलन बात लेकर कुछ गणकों ने उनको दोष दिया है चूँकि ज्योतिषियों में अब तक भी यही विश्वास है और तदनुसार गणना भी कर रहे है कि पृथ्वी स्थिरा है और सूर्यनारायण ही चलते हैं। किन्तु ग्रहण और पृथ्वी के गोलत्व में किसी ने दोष नहीं

दिया। आर्यभट के अनन्तर सब ज्योतिषी इस सिद्धान्त पर अटल हो गये कि सूर्य के ग्रहण में चन्द्रमा और चन्द्र के ग्रहण में पृथ्वी की छाया कारण होती है। पृथ्वी चलन को आर्यभट विरोधी किसी ने स्वीकार नहीं किया इसलिये इस स्वातन्त्र्य का दोष दिया।

कहा जाता है कि यूरप देश में पहले लोगों का यही विश्वास था कि सूर्य चलते हैं पृथ्वी स्थिरा है किन्तु इटली देश के विख्यात ज्योतिषी गालीलियों ने पृथ्वी को चला कहा इस कारण उन्हें जेल यातना दी गई। इस अर्थ में आर्यभट भाग्यवान् थे जिन्हें कोई शारीरिक क्लेश अपने स्वातन्त्र्य विचार प्रकाशित करने के कारण नहीं दिया गया। ब्रह्मगुप्त जिस कारण से आर्यभट के कथन को स्मृतिवाह्य कहते हैं यह बात विचारणीय है कि किस युक्ति के द्वारा आर्यभट ने युगमन्वन्तर और कल्प के मान में परिवर्त्तन किया है। महायुग का वर्ष प्रमाण यदि एक ही हो केवल चारो युगों के वर्षमान में भिन्नता हो तथा ७१ महायुगों के स्थान में ७२ महायुग का ग्रहण है किन्तु सन्धि मान नहीं कहा है इस प्रकार यदि कल्प सौर वर्ष या कल्पसावन दिन में विशेष अन्तर न हो तो यह सत्य भी हो सकता है तथापि आर्यभट की युक्ति अपेक्षित है कि उन्होंने ये सब स्वतन्त्र मान क्यों कहा है।

विचार में आर्यभट स्वतन्त्र हैं और स्वतन्त्र ही नहीं बहुत अर्थ में युक्तियुक्त मान्य हैं यह कहने की आवश्यकता नहीं हैं। विशेष संभावना यही की जाती है कि आर्यभट अपने मान के अनुसार गणना करके ग्रहादिओं का साधन किया और वे दृक् प्रत्यय में आये इसलिये इन्होंने अपने प्रमाण को ठीक समझा।

यद्यपि आर्यभट ने अपने ग्रंथ को स्पष्ट शब्द में ब्राह्म कहा "आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत्" तथापि इस सिद्धान्त की गणना ब्राह्म सिद्धान्त में न होकर आर्य-सिद्धान्त ही में हुई। ऐसा होने में दो मुख्य कारण प्रतीत होते हैं। प्रथम यह कि स्वयं आर्यभट ने इसका नाम ब्राह्म के सम्बन्ध का न रखकर अपने नाम से आर्यभटीय रखा ब्रह्मगुप्त की तरह ब्रह्मा के नाम पर नहीं रखा। ब्रह्मगुप्त ने अपने सिद्धान्त का नाम ब्राह्मस्फुत सिद्धान्त रखा है अर्थात ब्रह्म ही के सिद्धान्त को स्पष्ट किया गया है।

ऐसा आभास मिलता है कि इस आर्यभटीय में आधार रूप से ब्रह्मसिद्धान्त की बात हो किन्तु अधिकांश आर्यभट की बुद्धि की उपज ही है इसी कारण से उन्होंने इसको ब्राह्म न कहकर आर्यभटीय कहा है इसी नाम के कारण परवर्ती लोगों ने इसे आर्यसिद्धान्त कहने लगे।

गणेशदैवज्ञ ने शक १४४४ में ग्रहलाघव की रचना की है। उस समय में उन्होंने वेध करके तत्कालीन तीन मूल सिद्धान्तों की परीक्षा की है। वे हैं सौर, ब्राह्म और आर्य। कौन ग्रह किस सिद्धान्त के अनुसार दृकतुल्यता को प्राप्त करता है इस विषय को वे डिण्डिम घोष से प्रचलित करते हैं :—

"सौरोऽर्कोऽपि विधूच्चमङ्कुकलिकोनाज्वो गुरुस्त्वार्यजोऽ सृग्राहू च कजं ज्ञकेन्द्रकमथार्ये सेषुभागः शनिः। शौक्रं केन्द्रमजार्य मध्यगमितीमे यान्ति दृकतुल्यतां सिद्धैस्तैरिह पर्वधर्म नयसत्कार्यादिकं त्वादिशेत्" अर्थात् सूर्यसिद्धान्त के अनुसार सूर्य तथा चन्द्रोच्च ठीक होते हैं। चन्द्रमा में नौ कला घटा देने पर तथा वृहस्पति आर्य सिद्धान्त के अनुकूल ठीक पड़ता है, मंगल और राहु तथा बुधकेन्द्र ब्रह्मसिद्धान्त के अनुसार ठीक होते हैं। शनि में पांच अंश जोड देने

पर आर्य सिद्धान्त के अनुकूल सिद्ध होता है शुक्रकेन्द्र ब्राह्म तथा आर्य दोनों के मध्य में ठीक होते है अर्थात् शुक्र केन्द्र दोनों मत से ब्रह्मआर्य से लाकर दोनों का योगार्ध ठीक शुक्र केन्द्र होता है । इस प्रकार से ग्रह दृक्तुल्यता को प्राप्त करते हैं। दृक्तुल्य सिद्धग्रह पर से ही पर्व धर्म नीति सत्कार्य आदि करना चाहिये। अर्थात् दृक्तुल्य सिद्धग्रह ही वास्तव पारमार्थिक ग्रह हैं।

यहाँ पर गणेश दैवज्ञ ने आर्यमत से आर्य सिद्धान्त का ही ग्रहण किया है।

आर्यभटीय को ब्राह्मसिद्धान्त में गणना न होने का दूसरा प्रधान कारण यह है कि ये स्वतन्त्र मत के संस्थापक हैं। केवल शास्त्र पुराण के अनुसार ही चलने वाले नहीं हैं इस कारण से भी आर्यभटीय का आधार ब्रह्मसिद्धान्त होने पर भी लोगों ने इस सिद्धान्त को आर्य सिद्धान्त ही कहा है। उचित भी यही है।

आर्यभट ने आर्यभटीय शक ४२१ में लिखा और भास्कराचार्य ने शक १०७२ में गणिताध्याय लिखा। दोनों का अन्तर ६५५ वर्ष का है। यद्यपि आर्यभट के द्वारा व्यास परिधि के सम्बन्ध को ही भास्कराचार्य ने स्वीकृत किया है तथापि इस सम्बन्ध को उन्होंने दूसरे अचार्यों के कथन पर स्वीकार किया है, साक्षात् उन्होंने आर्यभटीय ग्रन्थ को नहीं देखा था इस विषय का ज्ञान इस आधार पर होता है कि उन्होंने अपने गोलाध्याय के वासनाभाष्य में एक जगह लिखा है :—

"यत पुनः क्षेत्रफलमूलेन क्षेत्रफलं गुणितं घनफलं
स्यात्तत् प्रायश्चतुर्वेदाचार्यः परमतमुपन्यस्तवान् ।"

—सिद्धान्त शिरोमणि, गोलाध्याय पृ० २६४, पं० १५

अर्थात् वृत्तक्षेत्रफल को क्षेत्रफल के मूल से गुण दें तो वृत्तक्षेत्र का घनफल हो चतुर्वेदाचार्य ने जो यह मत कहा है वह प्रायः दूसरे का मत है। ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त पर चतुर्वेदाचार्य की टीका है। चतुर्वेदाचार्य का दूसरा नाम पृथूदक स्वामी भी है। उसी टीका में भास्कराचार्य ने इस विचार को देखा होगा। वास्तव में आर्यभटीय में घनफल साधन की यही रीति है। यह स्थूल है। यदि भास्कराचार्य आर्यभटीय को देखे हुए होते तो इसको परमत नहीं कहते स्पष्ट लिखते कि यह आर्यभट के मत को चतुर्वेदाचार्य ने कहा है।

पृथ्वीचलन का भी खण्डन भास्कराचार्य ने अपने गोलाध्याय में किया है किन्तु वह खण्डन आर्यभट का नहीं किन्तु बौद्धों के भूभ्रमण का खण्डन किया है। बौद्ध लोग यह विचार रखते थे कि पृथ्वी नीचे की ओर जाती है उसका खण्डन भास्कराचार्य ने इस प्रकार से किया है :—

भूः खेऽधः खलु यातीति बुद्धिबौद्ध मुधा कथम् ।
यातायातं तु दृष्ट्वापि खे यत् क्षिप्तं गुरु क्षितिम् ।।

—सिद्धान्त शिरोमणि, गोलाध्याय, पृ० २५१, श्लोक ९

भास्कराचार्य बौद्धों से कहते हैं कि हे बौद्ध तुम्हें ऐसी वृथा बुद्धि कहाँ से आई कि पृथ्वी नीचे की ओर जाती है जबकि तुम ने देखा होगा कि आकाश में फेंकी हुई गुरुवस्तु शीघ्रता से गिरती है और लघुवस्तु तदपेक्षया विलम्ब से। पृथ्वी बहुत गुरु है। शर आदि जो ऊपर फेंके जाँय तो उसका पृथ्वी के साथ पुनः योग नहीं होगा इसलिये पृथ्वी नीचे की ओर नहीं जा रही है। और उन्होंने कहा—"समे समन्तात् क्व पतत्वियं खे" पृथ्वी की चारो ओर तो आकाश ही है तो फिर यह कहाँ गिरे।

टीकाकार का ऐसा अनुमान है कि बौद्धों का यह विचार कि पृथ्वी नीचे की ओर जाती है आर्यभट की बुद्धि में पृथ्वी भ्रमण का सिद्धान्त उपस्थित किया यद्यपि उनकी युक्ति भूभ्रमण में दूसरी है तथा भ्रमण भी दूसरे प्रकार का है। भास्कराचार्य को ब्रह्मगुप्त के ग्रन्थ के द्वारा आर्यभट का भूभ्रमण मालूम था फिर भी खण्डन के लिये उन्होंने विधर्मी बौद्धों के ही मत का खण्डन किया। साक्षात् रूप से उन्होंने कहीं आर्यभट का खण्डन नहीं किया है यद्यपि ब्रह्मगुप्त के ग्रन्थ में अनेक स्थान में आर्यभट के मत का खण्डन देखा होगा। एक बात और विचारणीय यह है कि ब्रह्मगुप्त आर्यभट के बारे में लिखते हैं :—

जानात्येकमपि यतो नार्यभटो गणितकालगोलानाम् ।
न मया प्रोक्तानि ततः पृथक् पृथक् दूषणान्येषाम् ।।
आर्यभटदूषणानां संख्या वक्तुं न शक्यते यस्मात् ।
तस्मादयमुद्देशो बुद्धिमताऽन्यानि योज्यानि ।।

—ब्रा० स्फु० सि०, पृ० १६४, श्लोक—१३, १४

अर्थात् "गणितपाद, कालपाद, गोलपाद किसी को आर्यभट नहीं जानते इसलिये अलग-अलग उनके दोषों को मैंने नहीं कहा। आर्यभट के दोषों की संख्या नहीं हो सकती इसलिये जिन दोषों को मैंने कहा है उसी से बुद्धिमान् लोग अन्य दोषों को जाने।"

इसकी टीका करनेवाले चतुर्वेदाचार्य कहते है "राजाज्ञेयम्" यह राजाज्ञा है। जैसे राजा को जो मन आवे आज्ञा देता है उसी प्रकार की यह आज्ञा है इसमें कुछ तत्व नहीं हैं। द्विवेदीजी अपनी टीका में कहते है "इति सर्वमनर्गलवाक्यमाचार्यस्य' आचार्य ब्रह्मगुप्त का यह सब कथन अनर्गल बिना आधार का है। अच्छा, यहाँ अपने ब्राह्मस्फुट सिद्धान्त में तो आर्यभट के बारे में इस प्रकार कहा— जब वे तीस वर्ष वयस के थे किन्तु अपने परिणत वयस में जब वे ६९ वर्ष के हुए तब खण्ड-खाद्य करण ग्रन्थ लिखने बैठे तो प्रारंभ में ही कहते हैं :—

वक्ष्यामि खण्डखाद्यकमाचार्यार्यभटतुल्यम्
प्रायेणार्यभटेन व्यवहारः प्रतिदिनं यतोऽशक्यः
उद्वाहजातकादिषु तत्समफलं लघुतरोक्तिरतः ।।

अर्थात् "आचार्य आर्यभट के तुल्य इस खण्डखाद्य को कहूँगा क्योंकि आर्यटीय के द्वारा प्रतिदिन व्यवहार का कार्य होना कठिन है विवाह जातकादि में उसी के सदृश फल होगा इसलिए थोड़े में इसको मैं कहूँगा।" यहाँ आर्यभट को आचार्य की उपाधि दी और "उन्हीं के ग्रन्थ के अनुसार इस ग्रन्थ को लिखता हूँ जिससे इस ग्रन्थ से भी विवाहादि कर्म में काम करने पर वही फल होगा जो आर्यभट के ग्रन्थ के द्वारा कार्य करने पर होगा।"

इस प्रकार ब्रह्मगुप्त के विचार का परिवर्त्तन होने का अवश्य कारण होगा। एक स्पष्ट कारण तो यह है कि पहला ग्रन्थ ३० वर्ष वयस में लिखा जब वे बहुत जोश में थे। ६९ वर्ष की अवस्था में जब उन्होंने खूब पढ़ा-लिखा और गंभीर विचार के हुए तब ऐसा विचार उनका हुआ। दूसरा कारण यह हो सकता है कि इतने दिन में आर्यभट का यश बहुत फैल गया था। उन्होंने आर्यभट की जो निन्दा की उसकी निन्दा हुई होगी और यह भी देखा होगा कि आर्यभट के विरोधी करणग्रन्थ होने से उसका कोई आदर नहीं करेगा इस भय से इस करणग्रन्थ में उन्होंने आर्यभट की प्रशंसा की। वास्तव में जैसा उन्होंने कहा वैसा नहीं किया है। किया है अपने मनलायक ही किन्तु आर्यभट का आश्रय ले लिया है।

और जिस प्रकार ब्रह्मगुप्त ने अपने सिद्धान्त ग्रन्थ में आर्यभट की निन्दा की है उसी प्रकार आर्यभट के समर्थक वटेश्वराचार्य ने अपने ग्रन्थ में आर्यभट का समर्थन और ब्रह्मगुप्त का खण्डन किया है जैसे :—

खब्रह्मोक्त्या घटते न जिष्णुसुतोक्तं युगादि किञ्चिदपि ।
यस्मान्मृषैव तस्माद् ब्रह्मोक्तिमिति यच्चकार तदसच्च ।।

अर्थात् आकाशस्थ ब्रह्मा का कहा हुआ युगादि सब घटता है, ब्रह्मगुप्त का कहा हुआ नहीं घटता है इसलिये उन्होंने अपने कथन को ब्रह्मोक्त कहा है, वह मिथ्या है और असत् अमान्य भी है। इस प्रकार युक्त अयुक्त अनेक खण्डन ब्रह्मगुप्त का बटेश्वर ने अपने ग्रन्थ में किया है। SANS 133.5 ARY

बटेश्वर सिद्धान्त हाल ही में दिल्ली से प्रकाशित हुआ है उसमें 'द्वित्रा: शब्दा:' कह कर बाबू संपूर्णानन्दजी ने अपने विचार प्रकाशित किये हैं वह विचारणीय है। वे लिखते हैं "बटेश्वर सिद्धान्त में पूरा एक अध्याय, ब्रह्मगुप्त के खण्डन में दिया गया है। उसका शीर्षक ही है 'अन्य दूषणानि'। यह हो सकता है कि भू-भ्रमण आदि किन्हीं विषयों पर ग्रन्थकार को आर्यभट के मत में स्वारस्य हो और ब्रह्मगुप्त के मत में वैरस्य; परन्तु ब्रह्मगुप्त को मूर्ख सिद्ध करने का प्रयास अशोभन है। कहीं वह कहते हैं 'रविशशिनोरज्ञानात् तिथेर्न पंचाँगमपि वेत्ति'। कहीं उनके लिये 'बिनष्टमत्र' जैसे विशेषण का प्रयोग किया गया है। जब किसी विद्या की उन्नति का प्रवाह रुक जाता है तभी प्राचीन ग्रन्थों को सर्वोपरि प्राथमिकता दी जाती है। उनको देवों व ऋषिओं की कृतिमात्र कहा जाने लगता है और उनसे लघुमात्र भी भिन्न बात कहना अज्ञान का ही द्योतक नहीं प्रत्युत एक प्रकार से पाप समझा जाने लगता है। आज हमारे यहाँ ज्योतिष व वैद्यक में यही हो रहा है। उपज्ञा का मार्ग बन्द सा हो गया है। ब्रह्मगुप्त के सम्बध में बटेश्वर की यह आपत्ति है कि 'जिष्णुसुतो निजबुद्ध्य दिव्यशास्त्रमपहाय अन्यद् प्राह' अर्थात् ब्रह्मगुप्त ने देवादि रचित शास्त्रों को छोड़कर अपनी बुद्धि से उनसे भिन्न कहा है। जो प्रशंसा की बात होनी चाहिये थी वही दोष बन गई। कहीं-कहीं तो दोषदर्शन के नशे में ऐसा तर्क दे गये हैं जिस पर हंसी आती है। कम से कम मेरी बुद्धि में यह बात नहीं बैठती।

व्यक्ते भूव्यासार्धे सहस्रप्रसंमिते गणितसौक्ष्म्यात् ।
कर्त्तव्यं व्यासार्धे खनवमुनिरतस्त्वति गणित जाड्यमिदम् ।।

—बटेश्वर सिद्धान्त

"पृथ्वी का व्यासार्ध एक हजार मानना चाहिये क्योंकि इसमें गणित की सूक्ष्मता है ब्रह्मगुप्त ने जो ७९० स्वीकार किया है इसमें गणित जाड्य है। पृथ्वी का व्यास वस्तुस्थिति का अंग है। यह न तो ठीक-ठीक १००० है और न ७९० ही। ब्रह्मगुप्त ने गणना करने में भूल की तो वह भूल बतलानी चाहिए। सूक्ष्मता व जड़ता अप्रासंगिक है।"

आर्यभट की जयन्ती का समय

कुछ लोगों के मन में यह सन्देह उत्पन्न हो सकता है कि मेषसंक्रान्ति वर्षारंभ का दिन ही आर्यभट की जयन्ती का दिन क्यों माना गया।

आर्यभट ने स्वयं "गुरूभगणा राशिगुणास्त्वाश्वयुजाद्या गुरोरब्दा:" अर्थात् गुरूभगण को बारह से गुण दें तो अश्वयुक् आदि (साठ) गुरु के वर्ष होते हैं। इससे स्पष्ट है कि साठ वर्ष वाला एक चक्र गुरु वर्ष का है। अब आर्यभट अपने ग्रन्थ लिखने के समय के बारे में

IGNCA RAR
ACC. No.

कहते हैं "षष्ट्यब्दानां षष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादाः। त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीताः" साठ वर्ष वाले मण्डल का जब साठ बीत चुका था अर्थात् ६०×६०= ३६०० वर्ष कलियुग के बीत चुके थे। यहाँ यह मण्डल गुरुवर्ष का है। गुरुवर्ष सौरवर्ष के साथ-ही-साथ चलता है। मेषसंक्रान्ति से आगे पीछे कुछ घटियों पर गुरुवर्ष का प्रारंभ होता है इसलिये सर्वविदित पुण्यप्रद मेषसंक्रान्ति के दिन को ही आर्यभट का प्रादुर्भाव माना गया है। प्रकाशिका टीकाकार ने भी वर्षादि दिन ही आर्यभट की उत्पत्ति माना है। आर्यभट के अन्यान्य ग्रन्थ के संबन्ध में भी लोगों की धारणा है कि उनका कोई करणग्रन्थ भी था। कोई इसी आर्यभटीय के दशगीतिका को एक ग्रन्थ तथा गणितपाद, कालपाद, गोलपाद, को दूसरा ग्रन्थ मानते हैं क्योंकि दोनों में मंगल श्लोक विभिन्न हैं। कदाचित अन्य ग्रन्थ भा आर्यभट के हों किन्तु उन सवों की सूचना अब तक प्राप्त नहीं हैं।

"आर्यभटस्त्विह" निगदति में जो तु शब्द है जिसका अर्थ फिर कहना होता है वह इसलिये है कि पहले तो ब्रह्मा ने ब्रह्मसिद्धान्त को कहा है। अब उसीको शुद्ध करके आर्यभट फिर कहते हैं क्योंकि आचार्य ने स्वयं कहा है "आर्यभटीयं नाम्वा प्रथमं स्वायंभुवं सदा सद्यत्" अर्थात् पहले जो शुद्ध ब्रह्मसिद्धान्त था उसीको आर्यभटीय के नाम से फिर कह रहा हूँ। इसलिये तु शब्द चरितार्थ होता है। कहीं पर तु शब्द पादपूर्ण में भी आता है।

बिहार रिसर्च सोसाइटी आर्यभट की विशेषताओं से इतनी आकृष्ट हुई कि उसके माननीय मन्त्री महोदय ने मुझे एक पत्र लिखा कि मैं आर्यभटीय पर एक सुन्दर टीका लिखकर सोसाइटी को दूँ जो उस पुस्तक को प्रकाशित करेगी। मैंने मन्त्री जी का अनुरोध मान तो लिया किन्तु जब इस काम को करने के लिये प्रस्तुत हुआ तो कठिनता सामने उपस्थित हुई। मैं इस ग्रन्थ के परिष्कार करने का योग्य अपने को नहीं समझता फिर भी यथामति पहले की टीकाओं को आधार मान कर जितना समझ में आया स्पष्टता की है। जो स्पष्टता न हो सकी है या जहाँ मैं चूक गया हूँ ऐसे स्थानों को विद्वान् लोग स्पष्ट कर देगें। मेरे गुरुदेव म. म. पं. सुधाकर द्विवेदी जी ने इस पर इसलिये टीका नहीं लिखी कि उन्हें कोई अच्छी पाण्डूलिपि आर्यभटीय की नहीं मिली। टीकाकारों के पाठ पर उनका विश्वास नहीं था।

उनको संसार छोड़े ५३ वर्ष हो गये। अब तक न कोई पाण्डूलिपि आर्यभट की मिली और न किसी नवीन विद्वान् ने इस पर टीका लिखी। सोसाइटी के कर्तृपक्ष का आग्रह देख कर छपी हुई पुस्तक के पाठ ही को आधार मानकर नवीन रीति से मैंने व्याख्या की है तथा उपपत्ति भी दी है। सबलोगों की सुविधा के लिये हिन्दी व्याख्या भी अच्छी तरह से कर दी है।

मैं कह नहीं सकता कि सोसाइटी के कर्तृपक्ष को इस कार्य से संतोष होगा या नहीं। मुझ से जितना बन पड़ा मैंने यत्न किया है।

निवेदक

१३-४-१९६६ **श्रीबलदेवमिश्र**

श्रीगणेशाय नमः

प्रणिपत्यैकमनेकं कं सत्यां देवतां परं ब्रह्म ।
आर्यभटस्त्रीणि गदति गणितं कालक्रियां गोलम् ॥१॥

यं स्मरामि सदा शंभुं चित्तसन्तोषदायकम् ।
नत्वा तं विवृतिं कुर्वे सदार्यभटनिर्मितेः ॥१॥

श्रीधराख्यो वासुदेवः सोहनीति विचक्षणः ॥
आनन्दं लभतां येन तथा यत्नो विधीयते ॥२॥

कं ब्रह्माणं कथंभूतं एकं कारणरूपेण, अनेकं क्रियारूपेण, देव एव देवता तां सत्यां देवतां सर्वथा पूजनीयां, परं ब्रह्म जगतः कारणभूतत्वात् एवं विशिष्टं देवं प्रणिपत्य प्रणिपातपूर्वकं नमस्कृत्य गणितं, कालक्रियां, गोलं इति त्रीणि ज्योतिषसिद्धान्तस्य विभागात्मकानि आर्यभटः एतन्नामा ग्रन्थकारः गदति कथयति ।

Indira Gandhi Nati

अस्य ग्रन्थस्य मूलं ब्रह्मसिद्धान्तः अतएव प्रथमं ब्रह्माणमेव स्तौति । उक्तं च ग्रन्थान्ते ग्रन्थकारेण "आर्यभटीयं नाम्ना पूर्वं स्वायम्भुवं सदा सद्यत् ।"

भा०

ब्रह्मा जो कारण रूप से एक तथा कार्यरूप से अनेक हैं जो सत्य देवता हैं जो पर ब्रह्म हैं संसार के मूल कारण हैं उनको नमस्कार कर आर्यभट गणित, कालक्रिया, गोल तीनों वस्तु रूप (ज्योतिष सिद्धान्त) को कहते हैं अर्थात् आर्यभटीय नामक ग्रन्थ को तीन भागों में कहते हैं, पहला गणित दूसरा कालक्रिया तीसरा गोल । ये ही तीन अध्याय इस ग्रन्थ के हैं । ब्रह्मा की स्तुति से यह भी सूचित होता है कि ब्रह्मा प्रतिपादित ज्योतिष सिद्धान्त ब्रह्मसिद्धान्त ही इस ग्रन्थका आधार है ।

वर्गाक्षराणि वर्गेऽवर्गेऽवर्गाक्षराणि कात्ङ्मौ यः ।
खद्विनवके स्वरा नव वर्गेऽवर्गे नवान्त्यवर्गे वा ॥२॥

ककारादीनि मान्तानि वर्गाक्षराणि वर्गे वर्गस्थाने ज्ञेयानि । कखगघङ कवर्गः, चछजझञ चवर्गः, टठडढण टवर्गः, तथदधन तवर्गः, पफबभम पवर्गः

एतानि वर्गाक्षराणि पञ्चविंशति संख्यकानि वर्गाङ्के एकशतायुतादिस्थाने ज्ञेयानि। अवर्गाक्षराणि यकारादीनि हान्तानि अवर्गे अवर्गस्थाने दश, सहस्र, लक्षादि स्थाने स्थाप्यानि। कात् संख्या वेद्या अर्थात् क इत्यनेन एकः, ख=२, ग=३ इत्यादि ङमौ ङकार मकारयोर्योगेन पञ्च पञ्चविंशतिसंख्ययोर्योगेन त्रिंशत्तुल्येन यः य वेद्यः। खद्विनवके शून्योपलक्षकाष्टादशस्थाने वर्गे अवर्गे च नव स्वराः स्थाप्याः अर्थात् क्+अ=क=१, क्+ई=कि=१००,क्+उ=कु=१००००. एवम् ३०=य,३०००=यि, ३०००००=यु। वा नवान्त्यवर्गे नवानां वर्गस्थानानामन्त्ये ऊर्ध्वगते वर्गस्थाननवके तथा नवानामवर्गस्थानानामन्त्ये ऊर्ध्वगते अवर्गस्थाननवके एते एव स्वराः प्रयुज्यन्ते। केनचिदनुस्वारादिविशेषेण संयुक्ताः प्रयोज्या इत्यर्थः

भा०

एक, शत, दसहजार आदि वर्गस्थान हैं इनके स्थान में क से लेकर म तक वर्गाक्षरों को स्थापन करना चाहिए। इसी प्रकार दस, हजार, लाख आदि अवर्गस्थान है इन स्थानों में य से लेकर ह तक का स्थापन करना चाहिये। क ककारादि से संख्या जाननी चाहिए। जैसे क=१, ख=२, ग=३, घ=४, ङ=५, च=६, छ=७, ज=८, झ=९, ञ=१०, ट=११, ठ=१२, ड=१३, ढ=१४, ण=१५, त=१६, थ=१७, द=१८, ध=१९, न=२०, प=२१, फ=२२, ब=२३, भ=२४, म=२५। ङ कार मकार पांच और पचीस के योग से य होता है अर्थात् य=३० इसी प्रकार र=४०, ल=५०, व=६०, श=७०, ष=८०, स=९०, ह=१००। नौ स्वर वर्गाक्षर तथा अवर्गाक्षर में मिलकर अठारह स्थान के प्रदर्शक होते हैं जैसेः—

क्+अ=क=१
क्+इ=कि=१००
क्+उ=कु=१००००
क्+ऋ=कृ=१००००००
क्+ऌ=क्लृ=१००००००००
क्+ए= के=१००००००००००
क्+ऐ= कै=१००००००००००००
क्+ओ=को=१००००००००००००००
क्+औ=कौ=१००००००००००००००००

एवं य्+अ= य=३०

य्+इ= यि=३०००

य्+उ=यु =३०००००

य्+ऋ=यृ=३००००००००

य्+ऌ=यॢ=३००००००००००

य्+ए=ये =३००००००००००००

य्+ऐ= यै =३००००००००००००००

य्+ओ=यो =३००००००००००००००००

य्+औ=यौ=३००००००००००००००००००

इसी प्रकार ख्+अ=ख=२

ख्+इ=खि=२००

ख्+उ=खु+२००००

एवं र्+अ=र=४०

र्+इ=रि =४०००

र्+उ=रु=४०००००

यहाँ ह्रस्व और दीर्घ स्वर में कोई भेद नहीं है यथा खि=२००, खी=२०० स्वर को प्रत्येक अक्षर से संयुक्त संयुक्ताक्षर में जाना जाता है जैसे, ख्यु=खु+यु।

युगरविभगणाः ख्युघृ शशि चयगियिङुशुछ्लृ कु ङिशिबुण्लृ ख्षृ ।
प्राक् शनि ढुङ्विघ्व गुरु ख्रिच्युभ कुज भद्लिझ्नुखृ भृगुबुधसौराः ॥३॥

युगो महायुगे चतुर्युगे रविभगणाः ख्युघृ = खुयुघृ,

खु=	२००००
यु=	३०००००
घृ=	४००००००
∴ ख्युघृ=	४३२००००

शशि शशिनश्चन्द्रस्य भगणाः चयगियिङु शु छ्लृ

च =	६
य =	३०
गि =	३००
यि =	३०००
ङु =	५००००
शु =	७०००००
छ्ृ =	७००००००
लृ =	५०००००००
	५७७५३३३६

कु भूमेः भगणाः ङि शि बु स्लृ खृषृ

ङि =	५००
शि =	७०००
बु =	२३००००
स्लृ =	१५०००००००
खृ =	२००००००
षृ =	८०००००००
	१५८२२३७५००

शनेः ढु ङ्िव घ्व भगणाः

ढ़ु =	१४००००
ङि =	५००
वि =	६०००
घ =	४
व =	६०
	१४६५६४

गुरुभगणाः खिच्युभ

खि =	२००
रि =	४०००
चु =	६००००
यु =	३०००००
भ =	२४
	३६४२२४

कुजस्य भद्लिभ्रुनुखृ भगणाः

भ =	२४
दि =	१८००
लि =	५०००
भ्रु =	६००००
नु =	२०००००
खृ =	२००००००
	२२६६८२४

चन्द्रोच्चं ज्रुष्खिध सुगुशिथृन भृगु जषबिखुछृ शेषार्काः ।
बुफिनच पातविलोमा बुधाह्न्यजार्कोदयाच्च लङ्कायाम् ॥४॥

चन्द्रोच्च ज्रुष्खिध

जु =	८००००
रू =	४०००००
षि =	८०००
खि =	२००
ध =	१६
	४८८२१६

बुधशीघ्रोच्चभगणाः सुगुशिथृन

सु =	६०००००
गु =	३००००
शि =	७०००
थृ =	१७००००००
न =	२०
	१७६३७०२०

भृगोश्शीघ्रोच्चभगणाः जषबिखुछृ

ज =	८
ष =	८०
बि =	२३००
खु =	२००००
छृ =	७००००००
	७०२२३८८

शेषाणां भौमगुरुमन्दानां शीघ्रोच्चभगणाः आर्काः सूर्यभगणतुल्या भवन्ति ।

चन्द्रपातभगणाः बुफिनच	बु=	२३००००
विलोमाः विलोमगतिकाः	फि=	२२००
पश्चिमगतिकाः भवन्ति ।	न=	२०
	च=	६
		२३२२२६

लंकायां बुधाहन्यजार्कोदयात् कृतयुगादौ बुधवासरे अर्कोदयात अजात् मेषादिमारभ्य भगणाः कथिताः ।

काहो मनवो ढ़ मनुयुग श्ख गतास्ते च मनुयुगछ्ना च ।
कल्पादेर्युगपादा ग च गुरुदिवसाच्च भारतात्पूर्वं ॥५॥

काहो मनवो ढ़ क कस्य ब्रह्मणः अहः अह्नि दिवसे मनवो ढ़ चतुर्दश भवन्ति । मनुयुगश्ख एकैकस्य मनोः काले युगानि चतुर्युगानि श्ख । श सप्ततिः ख द्वयं द्वासप्ततिरित्यर्थः । कल्पादेः गतास्ते मनवः च षट् । मनुयुगछ्ना च वर्त्तमानस्य सप्तमस्य मनोः अतीतानि चतुर्युगानि छ्ना । छ सप्त ना विंशतिः सप्तविंशतिरित्यर्थः । ह्रस्वदीर्घयोर्न विशेषः । अकार सदृश एव आकारः । युगपादाः गताः ग त्रयः सत्यत्रेताद्वापररूपाः । भारतात् द्वापरान्तात् यदा भारतयुद्धमभवत् गुरुदिवसात् पूर्वमेते गताः । एतेन द्वापरान्ते गुरुवार आसीदिति कथितम् । अर्थात् शुक्रवारतः कलियुगप्रारंभः ।

शशि राशयष्ठ चक्रं तेंऽशकला योजनानि यवञ गुणाः ।
प्राणेनैति कलां भूः खयुगांशे ग्रहजवो भवांशेऽर्कः ॥६॥

शशि शशिनः चक्रं भगणाः ठ द्वादशगुणिताः राशयः भवन्ति । ते राशयः यवञ गुणाः अंशकलायोजनानि भवन्ति । अर्थाद्राशयः य त्रिंशद्गुणाः तदा अंशाः भवन्ति ते अंशाः व षष्टिगुणास्तदा कलाः भवन्ति । ताः कलाः ञ दशगुणास्तदा योजनानि आकाशकक्षायोजनानि भवन्ति । भूः प्राणेन उच्छ्वासतुल्यकालेन कलां कलापरिमितं प्रदेशं एति गच्छति । एष पाठः ब्रह्मगुप्तस्वीकृतः । भटदीपिकाकार परमेश्वरकृतः पाठः भं इति तस्मिन् पाठे नक्षत्रमण्डलं प्राणेन कलाप्रदेशं गच्छतीत्यर्थः । खयुगांशे खस्य आकाशकक्ष्यायाः युगांशः युगचक्रांशः ग्रहजवः अर्थात स्वचक्रै विह्नता खकक्षा तस्य ग्रहस्य कक्षायोजनानि भवन्ति । परमेश्वरस्यायमर्थः

वस्तुतः आकाशकक्षा युगकुदिनैर्हृता ग्रहजवः योजनात्मकस्तुल्यो सर्वेषां ग्रहाणां भवति। भवांशेऽर्कः भ नक्षत्रकक्षायाः वांशे षष्ट्यंशे अर्कः सूर्योऽस्तीति।

नृषि योजनं ञिला भूव्यासोऽ र्केन्द्वोर्घ्रिना गिण क मेरोः।
भृगुगुरुबुधशनिभौमाश्शशिङञणनमांशकास्समार्कसमाः ॥७॥

नृषि योजनं नृ नरप्रमाणानां (नरहस्तानां) षि अष्टसहस्रं योजनं योजन प्रमाणं भवति। ञिला भूव्यासः ञि सहस्रं ला पञ्चाशत् पञ्चाशत् सहितं सहस्रं एतानि भुवः पृथिव्याः व्यासः। अर्केन्द्वोः घ्रिना गिण। घि = ४००, रि = ४०००, ना = १० अर्थात् ४४१० अर्कमण्डलस्य व्यासप्रमाणं। गि = ३००, ण = १५ अर्थात् ३१५ चन्द्रव्यासः, मेरोः व्यासप्रमाणं क = १ योजनं।

भृगुगुरुबुधशनिभौमाः शशि शशिनः ङ ञणनमांशकाः अर्थात् चन्द्रस्य पञ्चमांशः भृगुः दशमांशो गुरुः पञ्चदशांशो बुधः विंशांशः शनिः पञ्चविंशत्यंशो भौमः एतेषां विम्वानीति। समार्कसमाः। ते युगार्कभगणतुल्या भवन्ति।

भापक्रमो ग्रहांशाश्शशिविक्षेपोऽपमण्डलात् झार्धं।
शनिगुरुकुज खकगार्धं भृगुबुध खस्चाङ्गुलो घ हस्तो ना ॥८॥

भापक्रमो ग्रहांशा। भ = २४ अंशाःग्रहस्य सूर्यस्य अपक्रमः परमापक्रम इत्यर्थः। अपमण्डलात् क्रान्तिमण्डलात् शशिविक्षेपः चन्द्रपरमविक्षेपः झार्धं नवार्धं ४/३० अंशाः भवन्ति। शनिगुरूकुज खकगार्धं शनेः ख द्वयं गुरोः क एकं कुजस्य गार्धं त्रयाणामर्धं परमविक्षेपः। भृगुबुध ख भृगुबुधयोः विक्षेपः ख द्वयं अंशद्वयं। स्चाङ्गुलो। स नवतिः च षट् अर्थात्षण्णवत्यङ्गुलानि घ चत्वारः घ हस्तो चतुर्हस्तो ना पुरुषो भवति।

बुधभृगुकुजगुरूशनि नवरषहा गतांशकान्प्रथमपाताः।
सवितुरमीषाञ्च तथा द्वा ञखि सा हृदा ह्मय खिच्य मन्दोच्चं ॥९॥

बुधभृगुकुजगुरूशनि नवरषहा अर्थात् बुधस्य न विंशतिः भृगोः व षष्टिः कुजस्य र चत्वारिंशत् गुरोःष अशीतिः शनेः ह शतम्। गतांशकान्प्रथमपाताः उक्तानेतान् गतांशकान् मेषादितः प्रथमपाताः स्युः। सवितुः सूर्यस्य तथा अमीषां पूर्वोक्तानां ग्रहाणां द्वा ञखि सा हृदा ह्मय खिच्य मन्दोच्चं भवति। अर्थात् सूर्यस्य-मन्दोच्चं द्वा दा = १८ वा = ६० अर्थात् अष्टसप्ततिः। बुधस्य मन्दोच्चं ञखि ञ = १०, खि = २०० अर्थात् २१० भृगोः मन्दोच्चं सा नवतिभागाः।

कुजस्यमन्दोच्चं हृदा हा=१००, दा अष्टादश अर्थात् ११८ गुरोः मन्दोच्चं ह्लय ह=१००, ल=५०, य=३० अर्थात् १८० शनेः मन्दोच्चं खिच्य खि=२००, च=६, य=३० अर्थात् २३६।

झार्धानि मन्दवृत्तं शशिनश्छ गछघढ़छझ यथोक्तेभ्यः।
झ ग्ड ग्लझ्ल द्ड तथा शनिगुरुकुजभृगुबुधोच्चशीघ्रेभ्यः ॥१०॥

झार्धानि नवार्धानि तः सार्धचतुर्भि रपवर्त्तितं मन्दवृत्तं शशिनः मन्दवृत्तं छ सप्त, यथोक्तेभ्यः ग्रहेभ्यः ग छ घ ढ़ छ झ अर्थात् रवेः मन्दवृत्तं ग त्रीणि, बुधस्य छ सप्त, भृगोः घ चत्वारि, कुजस्य ढ़ चतुर्दश, गुरोः छ सप्त, शनेः झ नव।

शनिगुरुकुजभृगुबुधोच्चशीघ्रेभ्यः झ ग्ड ग्ल झ्ल द्ड भवन्ति अर्थात् शनेः झ नव, गुरोः ग त्रीणि, ड त्रयोदश षोडशेत्यर्थः। कुजस्य ग्ल ग त्रीणि, लपञ्चाशत् त्रिपञ्चाशादित्यर्थः। भृगोः झ्ल झ नव, ल पञ्चाशत् एकोनषष्टिः, बुधस्य द्ड द अष्टादश ड त्रयोदश एकत्रिंशादित्यर्थः शीघ्रवृत्तानि भवन्ति। प्रथम तृतीय पदयोरिति चोक्तं भवति।

मन्दात् ङ खदजडा वक्रिणां द्वितीये पदे चतुर्थे च।
जा ण क्लछ्ल झ्नोच्चात् शीघ्रात् गियिङश कुवायुकक्ष्यान्त्या ॥११॥

वक्रिणां तेषमेव ग्रहाणां मन्दात् मन्दगतिवशात्, द्वितीये चतुर्थे च पदे ङ ख द ज डा मन्दवृत्तानि भवन्ति। बुधस्य ङ पञ्च, भृगोःख द्वे, कुजस्य द अष्टादश, गुरो जा अष्टौ, शनेः डा त्रयोदश। पूर्वोक्तानां शनिगुरुकुजभृगुबुधानां शीघ्रोच्चाद् वृत्तानि जादीनि शनेः जा अष्टौ, गुरोः ण पञ्चदश, कुजस्य क्ल क एकं ल पञ्चाशत् एकपञ्चाशादित्यर्थः, शुक्रस्य छल छ सप्त, ल पञ्चाशत् सप्तपञ्चाशादित्यर्थः, बुधस्य झ्न झ नव न विंशातिः एकोनत्रिंशत्।

कुवायोः अन्त्या कक्ष्या गियिङ श इति। गि शतत्रयं यि सहस्रत्रयं, ङ पञ्च, श सप्ततिः ३३७५ इति।

मखि भखि फखि धखि णखि ञखि ङखि हस्क स्वकि किस्व
श्घकि किघ्व।
घ्लकि किग्र हक्य धाहा स्त स्ग श्झ ङ्व ल्क प्त फछ
कलार्धज्याः ॥१२॥

कलार्धज्याः कलात्मिकायाः अर्धज्या इह उक्ताःसन्ति। प्रथमजीवा मखि म=२५, खि=२०० अर्थात् २२५, द्वितीयज्या भखि भ=२४, खि=२००

अर्थात् २२४, तृतीयज्या फखि फ=२२, खि=२०० अर्थात् २२२ एवं धखि २१६, सखि २१५ नखि २१०, कखि २०५ हस्फ, ह=१०० स ६०, फ=६ अर्थात् १६६।

स्वकि १६१ किसा १८३ शघकि १७४ किछ्व १६४ छलकि १५४ किम १४३ हक्य १३१ धाहा ११६ सस १०६ सग ६३ शक ७६ जव ६५ लक ५१ म ३७ फ २२ छ ७

भा०

सत्ययुग, द्वापर, त्रेता, कलियुग चारो मिलाकर युग (महायुग) कहलाता है। अब एक महायुग में सूर्यादिग्रहों के भगणादि को कहते हैं

एक युग में सूर्य भगण	४३२००००
चन्द्र भगण	५७७५३३३६
पृथ्वी भगण	१५८२२३७५००
शनि भगण	१४६५६४
गुरु भगण	३६४२२४
कुज भगण	२२६६८२४
चन्द्रोच्च भगण	४८८२१६
बुधशीघ्रोच्च भगण	१७६३७०२०
शुक्रशीघ्रोच्च भगण	७०२२३८८
चन्द्रपात भगण	२३२१२६

ब्रह्मा के एक दिन में १४ मनु होते हैं तथा एक मनु में ७२ महायुग होते हैं। वर्तमान ब्रह्मा के दिन में ६ मनु बीत गये हैं, सातवे मनु में २७ महायुग बीत गये हैं। अठाइसवें महायुग में सत्ययुग, त्रेता, द्वापर तीन युग बीत गये हैं। द्वापर के अन्त में कलियुग के प्रारंभ के पूर्व गुरुवार था अर्थतः शुक्रवार से कलि युग का प्रारंभ हुआ है।

चन्द्र भगण को बारह से गुणदेने पर राशि, राशि को ३० गुणदेने पर अंश, अंश को ६० गुण देने पर कला और कला को दश से गुण देने पर आकाश कक्षायोजन का प्रमाण होता है। अर्थात् ५७७५३३३६ × १२ × ३० × ६० × १० = १२४७४६२०५७६००० = आकाश कक्षायोजन हैं। पृथिवी, एक उछ्वासकाल में एक कला तुल्य चलती है। आकाशकक्षा को ग्रहभगण से भाग देने पर लब्धि उस ग्रह के कक्षा योजन तुल्य होती है। नक्षत्र कक्षा के साठवें हिस्से में सूर्य हैं। अर्थात् पूर्वरीति से साधित सूर्यकक्षा को साठ से गुण देने पर नक्षत्र कक्षा हो जायगी।

मनुष्य के हाथ का आठ हजार प्रमाण एक योजन होता है। एक हजार पचास १०५० योजन पृथिवी व्यास का प्रमाण है। सूर्य का व्यास योजन ४४१० तथा चन्द्रमा का व्यासयोजन ३१५ और मेरू का व्यास प्रमाण एक योजन है। शुक्र का बिम्बव्यास ६२ गुरू का ३१$\frac{१}{२}$ बुध का २१ शनि का १५$\frac{३}{४}$ और मंगल का १२$\frac{३}{४}$ योजन बिम्बव्यास होता है।

विषुवद्वृत्त से सूर्य उत्तर या दक्षिण जितने अंशों से हटे हुए रहते हैं उसे क्रान्त्यंश कहते हैं। सूर्य की परम क्रान्ति २४ अंश है। चन्द्रमा का परम शर साढ़े चार अंश है। शनि का परम शर दो अंश गुरु का एक अंश कुज का डेढ़ अंश, बुध, शुक्र का दो-दो अंश परम विक्षेप होता है। क्रान्तिमण्डल से चन्द्रादि ग्रह जितने उत्तर या दक्षिण रहते हैं उसको शर कहते हैं। मनुष्य का प्रमाण ९६ अङ्गुल या चार हाथ होता है फलतः २४ अङ्गुल का एक हाथ होता है। सूर्य जिस मण्डल में घूमते हैं उसको क्रान्तिमण्डल तथा चन्द्रादि ग्रह जिस वृत्त में घूमते हैं उसे विमण्डल कहते हैं। इन दोनों वृत्तों का योग पात कहलाता है। ग्रन्थ रचना के समय में मेषादि विन्दु से ये पात इतने अंश हटे हुए थे। बुध का २० अंश, शुक्र का ६० मंगल का ४० गुरु का ८० शनि का १०० अंश हटा हुआ था। इस पात की गति विलोम पश्चिमाभिमुख है। सूर्य का मन्दोच्च ७८ अंश, बुध का २१०, शुक्र का ९०, मंगल का ११८ गुरु का १८०, शनि का २३६ अंश है।

चन्द्रमा का मन्दपरिधिभाग ३१½ सूर्य का १३½ बुध का ३१½ शुक्र का १८ मंगल का ६३ गुरु का ३१½ शनि का ४०½ इतने अंश हैं। इसी प्रकार शनि का शीघ्र परिधि भाग ४०½, गुरु का ७२, मंगल का २३८½, शुक्र का २६५½, बुध का १३९½ अंश है। ये मन्द शीघ्र परिधि ओजान्त अर्थात् प्रथम पद तथा तृतीय पद के पठित हुए हैं। सम पदान्त अर्थात् द्वितीय चतुर्थ पद में कुछ भिन्न होते हैं जैसे मंगल की मन्दपरिधि ८१ अंश बुध की २२½ गुरु की ३६ शुक्र की ९ और शनि की ४८½ अंश है। इसी प्रकार समपदान्त में मंगल की शीघ्र परिधि २२९½ अंश बुध की १३०½ गुरु की ६७½ शुक्र की २५६½ शनि की ३६ अंश है। भूवायुकक्षा ३३७५ है।

एक पाद में ९० अंश के भीतर पौने चार अंश की जीवा तथा जीवा खण्ड निम्नलिखित होते हैं :—

चापखण्ड	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अर्ध ज्या०	२२५	२२४	२२२	२१९	२१५	२१०	२०५	१९९	१९१	१८३	१७४	१६४
चापखण्ड	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
अर्ध ज्या०	१५४	१४३	१३१	११९	१०६	९३	७९	६५	५१	३७	२२	७

दशगीतिकासूत्रमिदं भूग्रहचरितं भपञ्जरे ज्ञात्वा ।
ग्रहभगणपरिभ्रमणं स याति भित्वा परं ब्रह्म ॥१३॥

भूग्रहचरितं इदं दशगीतिकासूत्रं भपञ्जरे ज्ञात्वा सः ग्रहभगणपरिभ्रमणं भित्वा परं ब्रह्म याति । साक्षाद्ब्रह्मस्वरूपो भवतीत्यर्थः ।

भा०

पृथिवी तथा ग्रह का चरित चलनरूप इस दशगीतिका सूत्र को जानकर वह गणितवेत्ता ग्रह भगण परिभ्रमण को भेद कर अर्थात् उन लोकों को होते हुए परब्रह्म में लीन हो जाता है अर्थात् मुक्त हो जाता है ।

श्री गणेशाय नमः

ब्रह्मकुशशिबुधभृगुरविकुजगुरुकोणभगणान्नमस्कृत्य ।
आर्यभटस्त्विह निगदति कुसुमपुरेऽभ्यर्चितं ज्ञानम् ॥१॥

ब्रह्मादि भगणान्तान्नमस्कृत्य इह कुसुमपुरे पाटलिपुत्रनगरे अभ्यर्चितं अतिशयेन पूजितं ज्ञानं ज्योतिषसिद्धान्तविषयकं आर्यभटो निगदति कथयति । यतोऽयं सिद्धान्तः ब्रह्मसिद्धान्तानुसार अतएव ब्रह्मा पूज्यः ग्रहाः नक्षत्राणि पूज्यानि यतस्तेषां संबन्धिनं ज्ञानम् । पृथिवीत ऊर्ध्वमूर्ध्वं यथा ग्रहाणां स्थितिः तदनुसारेणैव तेषां प्रणतिरत्राचार्येण विहिता । अर्थात् पृथिवीत उपरि चन्द्रः ततो बुधः ततः शुक्रः ततो रविरेवं ग्रहाणां स्थितिः, सर्वत उपरि दूरे भचक्रम् । अतो मङ्गलश्लोक एव आचार्येणेदं प्रदर्शितं यदाकाशे ग्रहाणां भगणानाञ्च स्थितिः कीदृशी । तेन प्रथमो ब्रह्मा ततः कु पृथिवी शशी चन्द्रः बुधः भृगुः शुक्रः रविः कुजः गुरुः कोणः शनिः भगणान् नक्षत्रगणान् नमस्कृत्य ज्योतिष-सिद्धान्तज्ञानं विज्ञानमतएव कुसुमपुरनिवासिभिः परमपूजनीयमिदंज्ञानं । यत इदं ज्ञानं ब्रह्मसिद्धान्तमूलकमतो विशेषतः पूजनीयं । अतएवास्य ज्ञानस्यार्हत्वम् । इह कुसुमपुरे इह शब्दः सूचयति यदार्यभटः कुसुमपुरनिवासी आसीत् ।

तत्र प्रथमं गणितपाद एवोच्यते

एकं दश च शतं च सहस्रायुतनियुते तथा प्रयुतम् ।
कोट्यर्बुदं च वृन्दं स्थानात्स्थानं दशगुणं स्यात् ॥२॥

एकं, दश, शतं, सहस्रं, अयुतं, नियुतं प्रयुतं कोटिः, अर्बुदं वृन्दमेतानि दश स्थानानि एकस्मात् द्वितीयं दशगुणं अर्थात् एकतो दशगुणं दश दशतो दशगुणं शतं शताद्दशगुणं सहस्रं, सहस्राद्दशगुणं अयुतं, अयुताद्दशगुणं नियुतं

लक्षं तस्माद्दशगुणं प्रयुतं, प्रयुताद्दशगुणं कोटिः, कोटेर्दशगुणं अर्बुदं अर्बुदाद्दश-गुणं वृन्दम्। एतानि दशगुणोत्तरस्थानानि सन्ति।

एकं	१
दश	१०
शतं	१००
सहस्रं	१०००
अयुतं	१००००
नियुतं	१०००००
प्रयुतं	१००००००
कोटिः	१०००००००
अर्बुदं	१००००००००
वृन्दं	१०००००००००

वर्गः समचतुरस्रः फलञ्च सदृशद्वयस्य संवर्गः।
सदृशत्रयसंवर्गो घनस्तथा द्वादशास्रःस्यात् ॥३॥

समचतुरस्रः समाः चत्वारो भुजाः कोणाश्च यत्र चतुर्भुजे क्षेत्रे भवन्ति तादृशक्षेत्रस्य नाम वर्गः वर्गाख्यः। तस्य क्षेत्रस्य फलं अर्थात् क्षेत्रफलं सदृशद्वयस्य समानभुजद्वयस्य संवर्गः गुणनं भवति। अर्थाद्वर्गक्षेत्रफलं तुल्ययोर्भुजद्वयोर्घातसमंभवति।

एवं सदृशत्रयभुजैर्निर्मितं क्षेत्रं घनक्षेत्रं भवति अर्थात् यत्र दैर्ध्यं, विस्तृतिः पिण्डंच समानं कोणाश्च समाख्याः तादृशं क्षेत्रं चतुर्भुजघनक्षेत्रं तत्र फलं समान-भुजत्रयस्य गुणनसमंभवति। एतादृशो घनः क्षेत्रसंज्ञकः द्वादशास्रः द्वादश कोणा-त्मकोभवति। दीर्घ विस्तृत्योर्योगेनैकः दीर्घपिण्डेनापरः द्वितीयः एवं विस्तृतिपिण्डेन तृतीयः। अत एकस्मिन् कोणे त्रयः कोणाः एवं चतुर्षु कोणेषु भवन्ति तेन द्वादश समकोणाः घनक्षेत्रे भवन्ति।

अत अनेन श्लोकेन वर्गक्षेत्र घनक्षेत्र स्वरूपं तयोः फलं च कथितमाचार्येण। अत्र ग्रन्थे योगान्तरं, गुणनभजनं च प्रसिद्धत्वात् सुगमत्वाच्च न कथितम्।

अथ वर्गमूलानयनम्

भागं हरेदवर्गान्नित्यं द्विगुणेन वर्गमूलेन।
वर्गाद्वर्गे शुद्धे लब्धं स्थानान्तरे मूलम् ॥४॥

यस्य वर्गराशेर्मूलमभीष्टं तत्र प्रथमं वर्गं विशोध्य वर्गमूलेन द्विगुणेन तेन नित्यं सर्वदा शेषात् अवर्गात् भागं हरेत् लब्धेर्वर्गात् वर्गे शुद्धे लब्धं पुनः स्थानान्तरे नियोज्यं एवं कृते अन्ते वास्तवं मूलं प्राप्यत इति शेषः।

अत्रोपपत्तिः

समद्विघातः कृतिरुच्यते इति परिभाषया कल्प्यते

$(ब+क)^2=(ब+क)(ब+क)=ब^2+कब+कब+क^2=ब^2+२=कब\ ब^2$
अत्र मूलानयने प्रथमं ब वर्गं विशोध्य शेषादवर्गात् ततो द्विगुणेन मूलेन ब संज्ञकेन विभजेत पुनः तत्र क लब्धेर्वर्गं तत्र विशोधयेत्तदा क ; ब मूलं प्राप्यते अत उपपन्नम्।

अघनाद्भजेत् द्वितीयाद् त्रिगुणेन घनस्य मूलवर्गेण।
वर्गस्त्रिपूर्वगुणितः शोध्यः प्रथमाद् घनश्च घनात् ॥५॥

यस्याङ्कस्य घनमूलमभीष्टं तत्र प्रथमस्थानं घनसंज्ञं द्वितीय तृतीये अघनसंज्ञके। चतुर्थं घनसंज्ञं पञ्चमषष्ठे अघनसंज्ञे एवं। तत्रान्त्यात् घनात् घनं विशोध्य द्वितीयाद् अघनात् घनस्य मूलवर्गेण अर्थाल्लब्धघनमूलवर्गेण त्रिगुणेन भजेत्। पुनः भागलब्धस्य वर्गः त्रिभिः पूर्वघनमूलेन गुणितस्तत्र शोध्यः ततः परं प्रथमाद् घनात् घनः शोध्यः एवं कृते घनमूलं प्राप्यते। अत्र प्रथमो घनः अन्त्यसंज्ञकः द्वितीयश्चाद्यसंज्ञकः।

अत्रोपपत्तिः

समत्रिघातश्च घनः प्रदिष्ट इति परिभाषया तावद्घनः

$(घ+अ)^3=(घ+अ)(घ+अ)(घ+अ)=(घ^2+अघ+अघ+अ^2)(घ+अ)$

$=घ^3+अघ^2+अघ^2+घअ^2+अघ^2+अ^2घ+अ^2घ+अ^3$

$=घ^3+३अघ^2+३घअ^2+अ^3$ अत्रापि मूलानयने

प्रथमं घनं विशोध्य शेषादघनात् द्वितीयाद् घनस्य मूलवर्गेण त्रिगुणेन भजेत् तदात्र लब्धिर्या तस्या वर्गः त्रिभिः पूर्वघनमूलेन च संगुण्य तत्र शोध्यः पुनः प्रथमाद् घनात् घनः शोध्यः शेषं पूर्ववत् तदा घनमूलं भवति।

$$\therefore \text{या} = \frac{\text{मू} - \frac{\text{मूध}}{२}}{\text{का}} \quad \text{इत्युपपन्नम्}$$

भा०

मूलधन के फल व्याज में फिर व्याज का व्याज जोड़ दें। ऐसा मिश्रधन जानकर व्याज लाने का उपाय यह है कि उस मिश्रधन को मुलधन और काल से गुणन करें तथा मूलधन के आधे का वर्ग जोड़ दें। उसका मूल लें उसमें भूलधन का आधा घटा दें तथा काल से भाग दें तो मूलधन का एक महीने का व्याज प्राप्त हो जाता है।

उदाहरण :—एक सौ रूपये का एक महीना में जो सूद हुआ वह सूद छः महीने में अपने सूद सहित १६) रूपये होते हैं तो सूद की दर क्या थी ?

अब इस निश्रधन १६ को मूलधन और काल से गुणा किया १६ × १०० × ६ = ६६०० इसमें मूलधन के आधे ५०) का वर्ग २५०० जोड़ दिया = ६६०० + २५०० = १२१०० हुआ। इसका वर्गमूल ११० हुआ। इसमें मूलधन का आधा ५०) घटा दिया = ११० − ५० = ६० हुआ। इसको काल ६ से भाग दिया = $\frac{६०}{६}$ = १० यह सूद आया। अब सूद का सूद $\frac{१० \times १०}{१००}$ = १) रू० अर्थात् १० रू० का एक महीन में १) रू० सूद हुआ ६: महीने में ६) रू०। इसमें पहला व्याज १०) रू० जोड़ दिया तो ६ + १० = १६) रू० मिश्रधन हुआ

त्रैराशिकफलराशिं तमथेच्छाराशिना हतं कृत्वा ।
लब्धं प्रमाणभाजितं तस्मादिच्छाफलमिदं स्यात् ॥ २६ ॥

त्रैराशिके यः फलाख्योराशिः तं त्रैराशिकफलराशिं इच्छाराशिना हतं कृत्वा गुणयित्वा प्रमाणेन भाजितं प्रमाणभाजितं तस्माद्यल्लब्धं तदिदं इच्छाफलं स्यात् ।

त्रैराशिके त्रीणि वस्तूनि भवन्ति इच्छा, प्रमाणं तथा फलराशिः प्रमाणफलं येन इच्छाफलं प्राप्यते ।

अत्र $\frac{\text{प्रमाणफल}}{\text{प्रमाण}} = \frac{\text{इच्छाफल}}{\text{इच्छा}}$

अतः $\frac{\text{प्रमाणफल} \times \text{इच्छा}}{\text{प्रमाण}}$ = इच्छाफल इत्युपपन्नम् ।

भा०

त्रैराशिक गणित में फलराशि को इच्छा राशि से गुणन कर दें तथा प्रणाम से भाग दें तो लब्ध वस्तु इछाफल होती है ।

तीन राशि जिस गणित में हो उसे त्रैराशिक कहेंगे । ये तीन राशियां हैं प्रमाण, प्रमाणफल और इच्छा, जैसे एक सौ पैसे में १० आम मिलते है तो साठ पैसे में कितने आम मिलेंगे ? यहाँ सौ पैसे प्रमाण है, दश आम प्रमाणफल है और साठ पैसे इच्छा है । साठ पैसे का जो आम मिलेगा वह इच्छाफल । इस त्रैराशिक में प्रमाण और इच्छा एक जाति की होती है, जैसे एक सौ पैसे प्रमाण एवं साठ पैसे इच्छा । प्रमाणफल भिन्न जाति का होता है, जैसे यहाँ दश आम । इच्छा ६० को प्रमाणफल १० से गुणन किया तो ६०० हुआ । इसको प्रमाण १०० से भाग दिया तो इच्छाफल ६ आन मिला ।

छेदाः परस्परहता भवन्ति गुणकारभागहाराणाम् ।
छेदगुणं सच्छेदं परस्परं तत्सवर्णत्वम् ॥ २७ ॥

गुणकारभागहाराणां गुण्य गुणकानां भाजकानां वा गुणन्ने छेदाः हराः परस्परहता परस्परगुणिता भवन्ति फलतोंऽशाः स्वत एव परस्परगुणिता भवन्ति । सछेदं सहरराशिं छेदगुणं हरांशौ परस्पर छेदगुणौ तदा तत्सवर्णत्वं सजातीयत्वं भवति । सजातीयतायां योगवियोगः सुखेन भवति ।

अत्रोपपत्तिः

कल्प्यते $य = \frac{अ}{क}$, $र = \frac{च}{छ}$ तदा $यक = अ$, $र.छ = च$

$\therefore\ य.क.र.छ = अ.च\ \therefore\ य.र = \frac{अ.च}{क.छ}$

एवं $\frac{य.क}{र.छ} = \frac{अ}{च}$ वा, $\frac{य}{र} = \frac{अ.छ}{क.च}$

इत्युपपन्नं प्रथमार्धम्।

कल्प्यते $रा = \frac{अ}{क}$, $रा' = \frac{ख}{ग}$

तदा $रा + रा' = \frac{अ}{क} + \frac{ख}{ग} = \frac{अ.ग}{क.ग} + \frac{ख.क}{क.ग} = \frac{अ.ग + ख क}{क.ग}$

इत्युपपन्नं परार्धम्

भा०

गुणन भजन में छेद को परस्पर गुण दें अर्थात् भिन्न राशि के गुणन में छेद को छेद से गुण दें फलतः अंश को अंश से गुण दें तब गुणनफल होता है। भागहार भजन में छेद का परस्पर गुणन अर्थात् एक के छेद से दूसरे के अंश को तथा दूसरे छेद से प्रथम अंश को गुणकर तब भाग क्रिया हो ऐसा अर्थ भासित होता है।

छेद सहित राशि अर्थात् भिन्न राशि में अंशहर दोनों को दूसरे के छेद से गुणन कर देने पर उनमें सवर्णत्व अर्थात् सजातीयता आती है तब सुखेन योग वियोग होता है।

गुणकारा भागहरा भागहरा ये भवन्ति गुणकाराः।
यः क्षेपसमोऽपचयोऽपचयः क्षेपश्च विपरीते॥ २८॥

विपरीते गणिते गुणकाराः गुणनाङ्काः भागहराः छेदाः कल्प्याः ये भागहरास्ते गुणकाराः कार्याः। यः क्षेपः योगः स अपचयः ऋणात्मकः। यः अपचयः स च क्षेपो योगो भवति तदा राशेः सिद्धिर्भवति।

अत्रोपपत्तिः

$$\text{कल्प्यते } \frac{\text{रा. गु}}{\text{छे}} + \text{भा} - \text{भा}' = \text{द}$$

$$\text{तदा रा} = \frac{(\text{द} + \text{भा}' - \text{भा})\ \text{छे}}{\text{गु}} \quad \text{इत्युपपन्नम्}$$

भा०

विपरीत अर्थात् विलोमगणित में उदाहरण के गुणक भागहार और भाग्रहार गुणक हो जाता है तथा धन ऋण हो जाता है ऋण धन होता है।

उदाहरण :—ऐसी कौन-सी संख्या है जिसको तीन से गुण कर पाँच से भाग देते हैं, छः जोड़ देते हैं, उसका मूल लेते हैं तथा उस मूल में एक घटाकर वर्ग करते हैं तो चार हो जाता है?

यहाँ उलटी क्रिया है। इसलिये जहाँ अंत में वर्ग करना है वहाँ दृश्य चार का मूल लिया तो दो हुआ। जहाँ एक घटाना है वहाँ एक जोड़ दिया तो तीन हुआ। जहाँ मूल लेना है वहाँ वर्ग किया तो नौ हुआ। जहाँ छः जोड़ना है वहाँ छः घटा दिया तो तीन बचा। जहाँ पाँच से भाग देना है वहाँ पाँच से गुण दिया तो पन्द्रह हुआ। जहाँ तीन से गुणन है वहाँ तीन से भाग दिया तो पाँच आया। यही अभीष्ट राशि है।

राश्यूनं राश्यूनं गच्छाधनं पिण्डितं पृथक्त्वेन।
व्येकेन पदेन हृतं सर्वधनं तद्भवत्येव ॥२६॥

गच्छधनं राश्यूनं राश्यूनं पृथक्त्वेन पिण्डितं एकत्रीकृतं व्येकेन पदेन एकोनपदेन हृतं विभक्तं तदा सर्वधनं गच्छधनं भवत्येव।

अत्रोपपत्तिः।

अत्र कल्प्यते त्रयोराशयः प्र, द्वि, तृ।

कल्प्यते गच्छधनं = या = प्र + द्वि + तृ

$$\text{तदा या} - \text{प्र} = \text{द्वि} + \text{तृ} = \text{व्य}$$

$$\text{या} - \text{द्वि} = \text{प्र} + \text{तृ} = \text{व्य}'$$

$$\text{या} - \text{तृ} = \text{प्र} + \text{द्वि} = \text{व्य}''$$

$$\text{पक्षयोर्योगे कृते पया} - (\text{प्र} + \text{द्वि} + \text{तृ}) = \text{व्य} + \overset{|}{\text{व्य}} + \overset{||}{\text{व्य}}$$

$$\text{वा, प'या} - \text{या} = \text{या}(\text{प} - १) = \overset{|}{\text{व्य}} + \overset{||}{\text{व्य}} + \text{व्य}$$

$$\therefore \ \text{या} = \frac{\text{व्य} + \overset{|}{\text{व्य}} + \overset{||}{\text{व्य}}}{\text{प} - १} \quad \text{इत्युपपन्नम्}$$

भा०

गच्छधन में अलग अलग राशि घटा दें। पुनः सभी का योग करें तथा व्येक पद से भाग दें तो सर्वधन गच्छधन हो जाता है।

उदाहरण :—एक वन में वाज, कङ्क और हंसों का समूह है। समूह में हर दो को घटा देने से १२, १४ और १६ संख्या होती हैं तो समूह की संख्या वतलाओ।

राश्यून संख्यायें हुई १२, १४ तथा १६। इन सवका योग ४२ हुआ। पद तीनपक्षी है। व्येक किया तो दो बचा। इससे भाग दिया। $\frac{४२}{२} = २१$ हुआ। यही समूह है। अतः २१ − १२ = ६, २१ − १४ = ७, २१ − १६ = ५ यही पक्षी संख्या है।

एकवर्णसमीकरणम्

गुलिकान्तरेण विभजेद् द्वयोः पुरुषयोस्तु रूपकविशेषम्।
लब्धं गुलिकामूल्यं यद्यर्थकृतं भवति तुल्यम् ॥३०॥

गवादिद्रव्यं गुलिका शब्देनोच्यते रूपकं स्वर्णादिधनम्। यदि द्वयोः पुरुषयोः अर्थकृतं सर्वांशेन धनं तुल्यं समं तदा तयोः पुरुषयो रूपविशेषं अर्थात् स्वर्णादिधनयोरन्तरं गुलिकान्तरेण गवादिद्रव्ययोरन्तरेण विभजेत् लब्धं गुलिका मूल्यं भवतिः।

अत्रोपपत्तिः।

कल्प्यते गवादिमूल्यं वा एकस्याः गुलिकायाः मूल्यं = या

$$\text{तदा या}\cdot\text{गु} + \text{रू} = \text{या}\cdot\overset{|}{\text{गु}} + \overset{|}{\text{रू}}$$

पक्षान्तरे कृते $\text{या}\cdot\text{गु} - \text{या}\overset{|}{\text{गु}} = \overset{|}{\text{रू}} - \text{रू}$

वा, $\text{या}\,(\text{गु} - \overset{|}{\text{गु}}) = \overset{|}{\text{रू}} - \text{रू}$

$$\therefore \text{या} = \frac{\overset{|}{\text{रू}} - \text{रू}}{\text{गु} - \overset{|}{\text{गु}}}$$ इत्युपपन्नम् ।

भा०

यह एक-वर्ण समीकरण की विधि है। दोनों रूपयों के अन्तर को द्रव्यान्तर से भाग दें तो द्रव्य का मूल्य आ जाता है। यदि दोनों आदमियों का धन समान हो।

उदाहरण :—दो वणिक् बराबर धन के हैं। एक के पास छः गायें और एक सौ रूपये हैं तथा दूसरे के पास आठ गायें और साठ रूपये हैं तो गाय का मूल्य बताओ। यहाँ दोनों के रूपयों का अन्तर १०० − ६० = ४० है। इसमें द्रव्यान्तर ८ − ६ = २ से भाग दिया तो $\frac{४०}{२}$ = २० यही गाय का मूल्य हुआ।

भक्ते विलोमविवरे गतियोगेनानुलोमविवरौ द्वौ ।
गत्यन्तरेण लब्धौ द्वियोगकालावतीतैष्यौ ॥३१॥

द्वयोर्ग्रहयोर्मध्ये यद्येकः क्रमगतिरन्यश्च वक्रः तदा तयोः विलोमविवरे विरुद्धान्तरे गतियोगेन भक्ते। अनुलोमयोर्द्वयोः वक्रिणोरवक्रिणोर्वा द्वे विवरे अन्तरे गत्यन्तरेण लब्धौ भक्ते अतीतैष्यौ द्वियोगकालौ द्वयोर्ग्रहयो र्योगकालौ भवतः। यदि शीघ्रगतिग्रहोऽग्रे तदा योगो गतः यदि मन्दगतिर्ग्रहोऽग्रे तदा योग एष्य इति।

अत्रोपपत्तिः ।

गतियोगेन वा गत्यन्तरेणैकं दिनं तदा ग्रहयोरन्तरेण किं लब्धं दिनाद्यं गतं एष्यं वा भवति।

भा०

यदि एक ग्रहमार्गी और एक वक्री है तो दोनों के अन्तर को गतियोग से भाग दें और यदि दोनों ग्रहमार्गी वा वक्री हो तो दोनों के अन्तर को गत्यन्तर से भाग देने पर दोनों का गत और एष्य योगकाल आता है। अर्थात् शीघ्र गति-ग्रह आगे हों तो योग

काल गत हो चुका है, और यदि मन्दगतिग्रह आगे हो तो योगकाल एष्य होने वाला है, ऐसा समझना चाहिये।

कुट्टकः।

अधिकाग्रभागहरारं छिन्द्यादूनाग्रभागहारेण।
शेषपरस्परभक्तं मतिगुणमग्रान्तरे क्षिप्तम् ॥३२॥
अध उपरि गुणितमन्त्ययुगनाग्रच्छेदभाजिते शेषम्।
अधिकाग्रच्छेदगुणं द्विच्छेदाग्रमधिकाग्रयुतम् ॥३३॥

यत्र कश्चिद्राशिः एकेन हरेण छिन्नः एकं शेषं तथा द्वितीयेन हरेण भक्तः सन् अपरं शेषमुत्पादयति तथाविधराशेरानयनाय एषः प्रयत्नः कृतोऽस्ति। यत्र एकेन हरेण छिन्नः शेषं महदवशिष्यते अपरेण हरेण छिन्नः सन्नल्पं शेषमुत्पद्यते तत्र प्रथम अधिकाग्रहारः द्वितीयश्च ऊनाग्रभागहारः कथ्यते। अतोऽवश्यं अधिकाग्रभागहारः ऊनाग्रभागहारापेक्षया महान् तेन अधिकाग्रभागहारं ऊनाग्र भागहारेण छिन्द्यात् भजेत्। शेषपरस्परभक्तं अर्थात् शेषेण ऊनाग्रभागहारं विभजेत् सदा यदवशिष्यते तेन प्रथमशेषं विभजेदेवं कर्म कर्त्तव्यं अन्त्ये यच्छेषं तन्मतिगुणं अर्थात् स्वबुद्ध्या केनचिदिष्टेन गुणितं अग्रान्तरे अधिकाग्र न्यूनाग्रयोरन्तरे योज्यं येन सचाङ्कः पूर्वहरेणापवर्त्तनीयो भवेत्। अतएव मतिगुणं प्रयुक्तम्। तत्पूर्वहरं लब्धिं च वल्ल्यधः संस्थाप्य ततः पुनः क्रिया कार्या। अर्थात् उपान्तिमेन उपरि-गुणितं अन्त्ययुग् एवं तावत् क्रिया कार्या यावद्राशिद्वयमवशिष्यते तत्रोर्ध्वस्थं-ऊनाग्रच्छेदेन भाजिते शेषं अधिकाग्रच्छेदगुणं तत्र अधिकाग्रयुतं तदा द्विच्छेदाग्रं राशिर्भवति। अर्थाद्येकराशौ छेदशद्वयं शेषद्वयं च भवति। तादृशो राशिः सिद्धः स्यात्।

अत्रोदाहरणम्

चतुस्त्रिंशद्धतो द्व्यग्रः पंक्त्यग्रो विश्वभाजितः।
तं राशि शीघ्रमाचक्ष्व यदि जानासि कुट्टकम् ॥

अत्र ३४ हरस्य शेषम् २, १३ हरस्य शेषम् १०। अतोऽधिकाग्रभागहारः =१३, ऊनाग्रभागहारः=३४। अनेनाधिकाग्रभागहारे शेगम्=१३ परस्परहृते न्यासः।

१३) ३४ (२
    २६
    ८) १३ (१
        ८
        ५) ८ (१
            ५
            ३) ५ (१
                ३
                २

फलवल्ली	
२	३६
१	१४
१	८
१	६
२	
४	

अत्र प्राप्तं शेषं २ अत्राभीष्टं मानं २ अनेन गुण्यते तदा गुणनफलं=४ इदं क्षेपान्तरेणानेन ८ युक्तं=१२ इदं तद्धरेणा उनेन भक्तं लब्धं निरग्रं=४ अतः फलानामधो गुणकस्तदधो लब्धं च स्थापयित्वा उपान्तिमेन स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते तदन्त्यं त्यजेदित्यादिना जातं ३६। अयं ऊनाग्रच्छेदेना ३४ नेन हृतं शेषम्=२ इदमधिकाग्रभागहारहतं जातं २×१३=२६ अधिकाग्र १० युतं जातो राशिः ३६।

अत्रोपपत्तिः

कल्प्यतेऽधिकाग्रम्$=\text{शे}_1$ तद्धरश्च$=\text{ह}_1$ ऊनाग्रम्$=\text{शे}_2$ तद्धरश्च ह_2 तदाऽऽलापानुसारेण राशिः$=\text{ह}_1\,\text{का}+\text{शे}_1$ यदि लब्धिः$=$ का, पुना राशिः$=\text{ह}_2\,\text{नी}+\text{शे}_2$ यदि लब्धिः नी तदा $\text{ह}_1\,\text{का}+\text{शे}_1=\text{ह}_2\,\text{नी}+\text{शे}_2$ अतः समशोधनादिना

$$\text{नील कमानम्}=\frac{\text{ह}_1.\text{का}+(\text{शे}_1-\text{शे}_2)}{\text{ह}_2}$$

अत्र ह_1, ह_2 भाज्यहारौ शे_1, शे_2 क्षेपकं प्रकल्प्य कुट्टकविधिना गुणः कालकमानं भवति।

कल्प्यते अ· या+क्षे=व, का अत्र या गुणः, का लब्धिः तथा अ, व दृढ़ाङ्कौ तदा

$$\frac{\text{अ}}{\text{व}}=\text{ल तथा शे}=\text{शे तदा}$$

व) अ (ल
वल

।

शे) व (ल

।

शे ल ।।

शे$_1$) शे$_1$ (ल

।।

शे$_1$ ल

।।।

शे$_2$) शे$_1$ (ल

।।।

शे$_2$ ल

अतः अ = वल + शे

व = शे ल + शे$_1$

।।

शे = शे$_1$ ल + शे$_2$

।।।

शे$_1$ = शे$_2$ ल = शे$_3$

अतोऽत्र स्पष्टं दृश्यते उपान्तिमेन स्वोर्ध्वे हतेऽन्त्येन युते इति ।

गणितपादः समाप्तः ।

भा०

यह एक प्रकार शंश्लिष्ट कुट्टक के लिये विधि है जिसमें एक ही राशि को भिन्न दो हरों से भाग देने पर दो शेष बनते हैं। जहाँ हर बड़ा है वहाँ शेष छोटा है, जहाँ हर आपेक्षिक छोटा है वहाँ शेष बड़ा है। ऐसी राशि को जानना है। यहाँ बड़े शेष वाले भाजक को अधिकाग्र भागहार तथा अल्प शेष वाले भाजक को ऊनाग्रभागहर कहते है। अधिकाग्र भागहार को ऊनाग्रभागहार से भाग दें। शेष को परस्पर भाग दें। अन्त्यशेष को किसी इष्ट से गुणकर अग्रान्तर में जोड़ दें। वल्ली में उपान्तिम से उसके ऊपर के अङ्क को गुण दें। उसमेंअन त्य अङ्क को जोड़ दें। इस प्रकार क्रिया करने पर ऊनाग्रच्छेद से भाग दें। शेप को अधिकाग्रच्छेद से गुण दें तथा उसमें अधिक शेष जोड़ दें तो दो छेद वाली राशि सिद्ध हो जाती है।

उदाहरण गणित के साथ उपर में दिया हुआ है। मणितपाद पूर्ण हो गया।

वर्षं द्वादशमासास्त्रिंशद्दिवसो भवेत्स मासस्तु ।
षष्टिर्नाड्यो दिवसः षष्टिस्तु विनाडिका नाड़ी ॥१॥

द्वादशमासाः वर्षं भवति अर्थादेकस्मिन् वर्षे द्वादश मासाः भवन्ति । स मासस्तु त्रिंशत् दिवसो भवेत् । षष्टिः नाड्यः दिवसो भवति तथा षष्टिः विनाडिका एका नाड़ी भवति अर्थात् षष्टिभिर्विनाड़िकाभिरेकानाड़ी भवती त्यर्थः । सौरगणनानुसारेणैषा परिभाषा । भास्कराचार्येणाप्युक्तं "क्षेत्रे समाद्येन समा विभागाः स्युश्चक्रराश्यंशकलाविलिप्ताः" अर्थात् समाद्येन समाः विभागाः तुल्याः विभागाः क्षेत्रे क्रान्तिवृत्ते चक्रराश्यंशकलाविलिप्ताः स्युः । वस्तुतश्चक्रराश्यंशकलाविलिप्तानां समाः वर्षमासदिननाड़ीविनाड़िकाः विभागाः स्युः ।

भा०

बारह महीने का एक वर्ष, तीस दिन का एक महीना, साठ घरी का एक दिन और साठ पल की एक घटी होती है । सूर्य का बारहो राशियों में एक बार भ्रमण ही एक वर्ष है, बारहो राशि बारह महीने हैं एक राशि का तीस अंश एक महीने में तीस दिन है एक अंश की साठ कला एक दिन की साठ घटी है और एक कला की साठ विकला एक घटी का साठ पल है ।

भास्कराचार्य ने गणिताध्याय में लिखा है कि वर्ष मास दिनादि के तुल्य ही विभाग क्रांतिवृत में चक्र, राशि, अंश, कला विकला है । यथार्थ में चक्र, राशि, अंश कला, विकला के ही आधार पर उसी के तुल्य वर्ष, मास दिन आदि की गणना मानी गई ।

गुर्वक्षराणि षष्टिर्विनाडिकार्क्षी षडेव वा प्राणाः ।
एवं कालविभागः क्षेत्रविभागस्तथा भगणात् ॥ २ ॥

गुर्वक्षराणि षष्टिः विनाडिका भवति अर्थाद्यावता कालेन षष्टिः गुर्वक्षराण्युच्चारितानि भवन्ति तावान् कालः आर्क्षी नक्षत्रसंबन्धिनी विनाडिका । वा षडेव प्राणा आर्क्षी विनाडिका । अर्थात् प्रशस्तेन्द्रियपुरुषस्य षट् श्वासोच्छ्वासान्तर्वर्ती कालः एका विनाडिका भवति । यथा काल विभागः कृतः तथैव भगणात् क्षेत्रविभागो ज्ञेयः अर्थादेकस्य वर्षस्य यथा द्वादश मासाः एकस्य मासस्य त्रिंशद्दिनानि इत्यादि एवं भगणस्य द्वादश राशयो भवन्ति तथैकस्मिन् राशौ त्रिंशदंशा भवन्ति तथा एकस्मिन्नंशे षष्टिः कलाः भवन्ति तथा एकस्यां कलायां षष्टिः विकलाः भवन्ति ।

भा०

साठ गुरू अक्षरों की एक विनाडिका होती है अर्थात् साठ गुरू अक्षरों के उच्चारण करने में जितना समय लगता है वह एक विनाड़िका है अथवा छः प्राणों के तुल्य एक विनाडिका होती है अर्थात् स्वस्थ पुरूष को छः बार श्वास लेने में जितना समय लगाता है वह एक विनाडिका है। यह विनाडी आर्क्षी अर्थात् नक्षत्र सम्बन्ध की है।

जिस प्रकार काल विभाग कहा गया है अर्थात् बारह मास का एक वर्ष एक महीने में तीस दिन एक दिन में साठ घटिका इत्यादि इसी प्रकार भगण से क्षेत्र अर्थात् क्रान्तिवृत्त में विभाग है। अर्थात् एक वर्ष के तुल्य सूर्य का एक भगण, पुनः एक भगण का बारह राशि तथा एक राशि के तीस अंश इत्यादि।

भगणा द्वयोर्द्वयोर्ये विशेषशेषा युगे द्वियोगास्ते।
रविशशिनक्षत्रगणास्संमिश्राश्च व्यतीपाता:॥ ३॥

द्वयोः द्वयोः ग्रहयोर्ये विशेषशेषाः भगणाः अर्थात् द्वयोः भगणयोरन्तरे कृते शिष्टा : भगणसंख्यका ये ते युगे महायुगे (चतुर्युगे) द्वियोगाः द्वयोः ग्रहयोः परस्परयोगसंख्यकाः। अधिकभुक्तिग्रहः अल्पेन कालेनैकं पर्ययं कुरुते अल्पगति ग्रहश्च अधिककालेन भगणं पूरयति। अनयोर्भगणयोरन्तरमेव तयोर्योगाः। रविशशनक्षत्रगणाः रविशशिनोर्भगणाः संमिश्राश्च व्यतीपातयोगाः भवन्ति। रविशशिनोर्योगो यदा चक्रं भवति तदा व्यतीपातयोगो भवति। तेनानयो र्भगणयोगतुल्या व्यतीपाताः युगे भवन्ति। एवं रविशशिनोर्योगो यदा भार्ध षड्राशितुल्यं भवति तदा वैधृतयोगो भवति।

अर्थात् विभिन्नायनस्थितयोः रविचन्द्रयोः क्रान्तिर्यदा तुल्या तदा व्यतीपाताख्यो योगः एवमेकायने क्रान्त्योः समत्वे वैधृताभिधो योगो भवति। एवं यदा भवति तदा तयोर्योगश्चक्रार्धप्रमाणं भवति। व्यतीपाते तु रविचन्द्र-योर्योगः भगणसमो द्वादशराशितुल्यो भवति।

भा०

दो ग्रहों के भगणों के अन्तर जितने होते हैं उतने ही बार उन दोनों ग्रहो के योग अर्थात् मिलन होते हैं। रवि चन्द्रमा के भगण के योग तुल्य व्यतीपात योग होता है। रवि चन्द्र का योग एक भगण होने पर अर्थात् दोनों की क्रांति की तुल्यता होने पर व्यतीपात योग होता है। एवं एक अयन में रवि चन्द्र का योग छः राशि के तुल्य होने पर क्रान्ति की तुल्यता होने पर वैधृत योग होता है।

स्वोच्चभगणाः स्वभगणैर्विशेषिताः स्वोच्चनीचपरिवर्त्ताः ।
गुरूभगणा राशिगुणास्त्वाश्वयुजाद्या गुरोरब्दाः ॥४॥

ग्रहस्योच्चभगणा स्वभगणैर्विशेषिताः ऊनीकृताः स्वोच्चनीचपरिवर्त्ताः स्वोच्चनीचपरिभ्रमणानि भवन्ति।

गुरूभगणा राशिगुणा द्वादशगुणाः तदा अश्वयुजाद्याः गुरोः अब्दा षष्टिवर्षात्मकाः भवन्ति।

भा०

ग्रह भगण को उनके उच्च भगण में घटा देने से उच्चनीच परिवर्त्तन हो जाता है। अर्थात् उतनी वार उच्चनीचवृत्त का परिभ्रमण होता है।

गुरूभगण को राशि अर्थात् वारह से गुणा करें तो अश्वयुक् आदि गुरू के वर्ष हो जाते हैं। गुरू वारह वर्ष में एक भगण की पूर्ति करते हैं एक वर्ष में एक राशि का भोग करते हैं अतः भगण को वारह से गुणा करने पर गुरू वर्ष होते हैं। गुरू का षष्टिवर्षात्मक एक चक्र है। उन साठ वर्षों का नाम अश्वयुक् आदि है।

रविभगणा रव्यब्दा रविशशियोगा भवन्ति शशिमासाः ।
रविभूयोगादिवसा आवर्ताश्चापि नाक्षत्राः ॥५॥

रविभगणा एव रव्यब्दाः सूर्यस्य एक भगणपूर्तिरेव सूर्यवर्षम्। रविशशियोगा एव शशिमासा चान्द्रामासा भवन्ति। रविशशियोगास्तयोर्भगणान्तर तुल्याः भवन्ति।

रविभूयोगा रवेः भूयोगदिवसाः अर्थात् भूदिवसाः कुदिवसा सावन दिवसा वा तैः सावनदिवसैर्युताः रविभगणाः भानां नक्षत्राणां आवर्त्ताः भ्रमणं तदेव नाक्षत्राः नक्षत्रदिवसाः भभ्रमा इति।

अत्रोपपत्तिः।

चन्द्ररव्योरेकस्मिन्नेव विन्दौ योगो दर्शान्तः ततः परं स्वगत्या द्वावपि भ्रमतः यदा पुनर्द्वयोरन्तरं एकभगणतुल्यं भवति तदैव पुनस्तयोर्योगः अर्थात् अमान्तादमान्तं यावत् विधुमासश्चान्द्रमासो वा। यदा द्वयोरेकभगणतुल्ये गत्यन्तरे एकश्चान्द्रमासस्तदा तयोः युगभगणान्तरे किमिति जाताः युगे चान्द्र-

मासाः अथवा $\frac{\text{ए दि} \times \text{चक्रकला}}{\text{चंग} - \text{रग}}$ = एकचान्द्रमासान्तःपातीयदिनानि ।

पुनरन्योऽनुपातः यद्येभिः कुदिनैरेकश्चान्द्रमासस्तदा युगकुदिनैः किं जाताः

$$\text{युगे} \quad \text{चान्द्रमासाः} = \frac{\text{१ मा} \times \text{युग कु}}{\frac{\text{चक्रकला}}{\text{चग} - \text{रग}}} = \frac{\text{युकु (चं ग} - \text{र ग)}}{\text{चक्रकला}}$$

$$= \frac{\text{यु कुः चंग}}{\text{चक्रकला}} - \frac{\text{यु कु. रग}}{\text{चक्रकला}}$$ = युग चंभ − युरभ इत्युपपन्नं ते योगा भगणान्तर तुल्याः शशिमासाः ।

रविः केनचिन्नक्षत्रेण सह प्रागुदितः द्वितीयदिने गतिरहितं नक्षत्रं पुनरूदितं ततः पश्चात् यावता कालेन रविरूदितस्तेन कालेन युक्तो भाहः सावनाहो भवति । एवं प्रतिदिने रविगतिसम्बन्धिकालेन युक्तो भभ्रमः सावनाहो भवति । एवं वर्षान्ते सर्वकलानांयोगतुल्य एको रविभगणः तेन रविभगणयुक्ता भभ्रमाः एकस्मिन् वर्षे सावानाहाः । तेन सावनसंख्यात एकभगणाधिका भभ्रम संख्या भवति ।

अतः युगे रविभगणानां कल्पसावनदिवसानां च योगाः भभ्रमाः भवन्ति इत्युपपन्नम् ।

भा०

सूर्य का एक भगण ही एक सूर्यवर्ष है इसलिये युग में सूर्य भगण सूर्यवर्ष होगा ।

सूर्य चन्द्र जितने वार योग करते हैं युग में उतने ही चान्द्रमास होते हैं । यह योग सूर्य चन्द्र के भगणों के अन्तर तुल्य होते हैं ।

सूर्य के भगण में युग सावन दिन को जोड़ दें तो युग में भभ्रमसंख्या होती है ।

अधिमासका युगे ते रविमासेभ्योऽधिकास्तु ये चान्द्राः ।
शशिदिवसा विज्ञेया भूदिवसोनास्तिथिप्रलयाः ॥ ६ ॥

रविमासेभ्यो अधिका ये चान्द्राः चान्द्रमासाः ते युगे अधिमासका भवन्ति । तथा भूदिवसोनाः सावनदिवसोनाः शशिदिवसाः चान्द्रदिवसाः तिथिप्रलयाः तिथिक्षयाः विज्ञेयाः ।

युग में जितने चान्द्रमास हैं उनमें रविमास को घटा दें तो अधिमास हो जाते हैं क्योंकि युगादि से दोनो सौर और चान्द्र मास की प्रवृत्ति है। अमान्त से अमान्त तक चान्द्रमास होता है और सौरमास राशि के अन्त तक। इस सौर मास का अन्त अमान्त के बाद होता है। अमान्त तथा संक्रान्ति के बीच में जो शेष है उसे अधिशेष कहते हैं। यही अधिशेष बढ़ते बढ़ते प्रत्येक तैंतीसवें महीने पर एक चान्द्रमास के तुल्य हो जाता है। उस महीने में कोई संक्रान्ति नहीं पड़ती। एक संक्रान्ति एक अमान्त से पहले और उसके आगे की संक्रान्ति अग्रिम अमान्त के आगे पड़ती है। इसी चान्द्रमास को अधिमास कहते हैं। अधिमास याने अधिक मास अर्थात् सौर मास संख्या से ज्यादे मास। अतएव सौरमास संख्या से चान्द्रमास संख्या अधिकमास तुल्य विशेष होती है। इसलिये युगचान्द्रमास संख्या में युगसौरमास की संख्या घटा दें तो युग में अधिकमास संख्या हो जायगी। इसी प्रकार तिथ्यन्त सूर्योदय के मध्य में अवम शेष है। यह अवमशेष बढ़कर जब एक तिथि के तुल्य हो जाता है तो वह दो सूर्योदय के मध्य में पड़कर तिथिक्षय कहलाता है इसी को अवम कहते हैं। इसीलिए अवम तुल्य संख्या युग में सावन संख्या से अधिक चान्द्र संख्या होती है। अतएव युगचान्द्रदिन में युगसावनदिनसंख्या घटा देने से युग में तिथिप्रलय अर्थात् तिथि-क्षय होते हैं।

रविवर्षं मानुष्यं तदपि त्रिंशद्गुणं भवति पित्र्यम्।
पित्र्यं द्वादशगुणितं दिव्यं वर्षं समुद्दिष्टम् ॥ ७ ॥

रविवर्षं मानुष्यं मनुष्याणां वर्षम्। रविवर्षं त्रिंशद्गुणितं तदा पित्र्यं पितृसम्बन्धि वर्षं भवति। अर्थात् त्रिंशद्भिर्मनुष्यवर्षैः पितृणांवर्षं भवति। पित्र्यं द्वादशगुणितं तत् दिव्यं देवतासम्बन्धिनं वर्षं समुद्दिष्टम्। अर्थात् षष्ट्यधिकत्रिशतवर्षैर्मानुष्यैः देवानां वर्षं भवति।

विधूर्ध्वभागे पितरो वसन्ति। ते चन्द्रमधः आमनन्ति। अमावास्यायां यदा चन्द्रार्कौ एकस्मिन् सूत्रे भवतः तदा ते सूर्यं निजमस्तकोर्ध्वे पश्यन्ति तदेषां दिनार्धं। पौर्णमास्यां चन्द्रस्य भार्धान्तरत्वात् अधः स्वभागं पितरो न पश्यन्ति अतस्तदा तेषां निशीथः। अतोऽस्माकं चान्द्रमासः पितृणां दिनरात्रिप्रमाणं पूर्णदिनम्। कृष्णपक्षार्धे सार्द्धसप्तम्यां रविरूदेति शुक्लपक्षदले सार्धसप्तम्या-मस्तं याति। अतोऽस्माकमेकचान्द्रमासः पितृणामहोरात्रम्। त्रिंशद्भिर्दिनैर्मासो भवति द्वादशभिर्मासैर्वर्षमतोऽस्माकं त्रिंशद्भिर्वर्षैः पितृणांवर्षं भवति।

यदा सूर्यः उत्तरगोले तदा देवाः सूर्यं पश्यन्ति अतोऽस्माकं षण्मासः देवानां दिनं यदा सूर्यो दक्षिणगोले तदा तेषां रात्रिः अतोऽस्माकंषष्ट्यधिकत्रिशत् सौर वर्षैः देवानामहोरात्रं भवति।

देवाः मेरौ निवसन्ति येषां खस्वस्तिके उत्तरध्रुवः। ध्रुवान्नवत्यंश-व्यासार्धवृत्तमेव नाडीवृत्तं विषुवद्वृत्तं वा। यदा सूर्यः नाडीवृत्तादुत्तरे तदा देवानां क्षितिजोर्ध्वे सूर्यः अतएव ते देवाः षण्मासपर्यन्तं सूर्यं पश्यन्ति यावत्कालं सूर्यस्य स्थितिः नाडीवृत्तादुत्तरे भवति। यदा पुनः सूर्यो नाडीवृत्ताद्दक्षिणतो याति तदा बड़वानलस्थानां दैत्यानां षण्मासपर्यन्तं दिनं तदा देवानां रजनी अतो मानुष्यवर्षेणैकेन देवानां दैत्यानां चाहोरात्रम्। अतः षष्ट्यधिकशतत्रय मनुष्यवर्षैः देवानां वर्षमित्युपपन्नम्।

दिव्यं वर्षसहस्रं ग्रहसामान्यं युगं द्विषट्कगुणम्।
अष्टोत्तरं सहस्रं ब्राह्मो दिवसो ग्रहयुगानाम् ॥८॥

द्विव्यं वर्षसहस्रं द्विषट्कगुणं द्वादशगुणं तत् ग्रहसामान्यं युगं यत्र सामान्यरूपेण ग्रहाः एकस्था भवन्ति न पूर्णरूपेण। किन्तु अष्टोत्तरं सहस्रं अष्टाधिक सहस्रवर्षं ग्रहयुगानां ब्राह्मो दिवसो भवति अर्थात् तस्मिन् समये ग्रहा एकस्था भवन्ति। स एव समयः ब्राह्मः दिवसः ब्रह्मणो दिनं कल्प इति।

भा०

देवता के हजारवर्ष को बारह से गुणा दें तो ग्रहसामान्य महायुग होता है। अर्थात् सामान्य रूप से ग्रह एकत्र होते हैं, पूर्णरूप से नहीं। देवता का एक वर्ष मनुष्य के ३६० वर्ष के तुल्य होता है इसलिये १२००० × ३६० = ४३२०००० वर्ष के महायुग होते हैं। तथा देवता का १००८ वर्ष ग्रहयुग का ब्रह्मा का एक दिन होता है। इतने दिन में सभी ग्रह एकत्र हो जाते हैं। अन्य सिद्धान्तों में एक हजार महायुग का ब्रह्मा का दिन कहा है। किन्तु आचार्य एक हजार आठ मयायुग का ब्रह्मा का दिन इसलिये कहते हैं कि इनके मत से ७२ महायुगों का मनु और १४ मनु का ब्रह्मा का एक दिन होता है। इसलिये ७२ × १४ = १००८ महायुग का ब्रह्मा का एक दिन होता है।

भुवोऽतिदूरस्थः ब्रह्मा सर्वदा सूर्यं समुदितं पश्यति। कियन्मितैर्योजनैरूपरिस्थो द्रष्टा सर्वदार्कं पश्यतीति ज्ञानार्थं क्षेत्रम्।

धन्वन्ताहोरात्रवृत्तं यावत् दृश्यांशं प्रकल्प्य रवेः सकाशाद्भुवः स्पर्शरेखा कृता सा यत्रोर्ध्वाधरसूत्रे लग्ना तत्र द्रष्टा कल्पितः।

भूस्पय पदृ त्रिभुजे ∠ भूदृस्य = कोटि (दृश्यांश + कुछन्नक)

भूस्पया = भूव्यासार्द्धम्

भू दृ = दृष्टयुछ्रितिः

$$\text{तेन}\ \frac{\text{भूव्या}\,?\,\times\,\text{त्रि}}{\text{कोज्या (दृश्या + कुछ)}} = \text{भू दृ अत्र भूव्यासार्धं}$$

विशोध्यावशिष्टमुछ्रितिः।

अस्मादूर्ध्वं यस्य स्थितिः आकाशे स सर्वदा रविमुदितं पश्यति। ब्रह्मा तु अस्माद्बिन्दोर्महति दूरे स्थितस्तेन स सर्वदा स्वदिने रविं पश्यति।

भा०

ब्रह्मा का दिन बहुत बड़ा होता है इसका कारण यह है कि वे इतनी दूर में हैं कि वे सूर्य को सर्वदा देखतें ही रहते हैं। इसलिये उनका दिन ही बना रहता है क्योंकि जब तक सूर्यदर्शन हो वह दिन है। सूर्य का अदर्शन ही रात है।

जबतक विषुवद्वृत्त से उत्तर सूर्य रहते हैं देवताओं का दिन है। दक्षिण गोल में भी धनु के अन्त तक अगर कोई सूर्य कों देखता रहे तो वह सर्वदा सूर्य को उदित देखेगा। दिखाई हुई उपपत्ति से गणित करने से मालूम होता है कि ७६ योजन पृथिवी के उपर में जिसकी स्थिति है वह सर्वदा सूर्य को देखता रहेगा। चूंकि ब्रह्मा इससे भी अधिक योजन पृथिबी के उपर में हैं इसलिए सर्वदा सूर्य को देखते रहते हैं इसलिए उनका सर्वदा दिन ही रहता है जब सूर्य वगैगह को उपसंहार कर वे सो जाते हैं तब उनकी रात होती है।

उत्सर्पिणी युगार्धं पश्चादवसर्पिणी युगार्धम्वा।
मध्ये युगस्य सुषमादावन्ते दुष्षमेन्दूच्चात् ॥ ६ ॥

पूर्वं युगार्धं उत्सर्पिणी पश्चात् युगार्धं अवसर्पिणी अर्थात् पूर्वार्धे क्रमतोः- वृद्धिः पश्चात् क्षयः। युगस्य भागत्रयं कृत्वा मध्ये सुषमा आदौ अन्ते च

दुष्षमेति इदं इन्दूच्चादपि ज्ञेयं। इन्दूच्चात् सादृश्यं यथार्थतो न घटते तेन गणक-तरङ्गिण्यां पाठशोधनं कृतमस्ति। मध्ये युगस्य सुषमादावन्ते दुष्षमाग्न्यंशात्। एषः पाठः साधुः प्रतिभाति। अग्न्यंशात् तृतीयांशादिति। प्रथमांशे युगादिः द्वितीयांशे युगमध्यं तृतीयांशे युगान्तः।

मन्मते इन्दूच्चं इन्दोः पूर्णताप्राप्तिः पूर्णान्तं। पूर्णान्ते चन्द्रः सुषमः पूर्णो भवति। अस्मात् पूर्वमुत्सर्पति क्रमशो वृद्धिमाप्नोति। पश्चात् पूर्णिमान्तात् परं अवसर्पिणी क्रमशः क्षयत्वमाप्नोति एवं युगमध्ये स्थितिः सुषमा युगादावुत्सर्पिणी क्रमशो वृद्धिं गता पश्चादवसर्पिणी क्षयत्वं गता स्थिति-र्भवतीति। चन्द्रेण सह समवेति।

भा०

युग का तीन भाग करके प्रथमभाग को उत्सर्पिणी, तृतीयभाग को अवसर्पिणी और मध्यभाग को सुसमा कहते हैं। चन्द्रोच्च से भी इसी प्रकार जानना चाहिए। यहाँ चन्द्रोच्च से कोई बात नहीं बैठती इसलिए म. म. द्विवेदी जी ने इन्दूच्चात् के स्थान पर अग्न्यंशात् पाठ किया है जो शुद्ध प्रतीत होता है अर्थात् युग का समान तीन भाग करके तीनों संज्ञा पठित की गई है।

मेरे विचार में ऐसा मालूम पड़ता है कि इन्दूच्चात् का अर्थ चन्द्रमा की उच्चता परिपूर्णता पूर्णिमा से है। अर्थात् चन्द्रमा पूर्णिमा से पहले क्रमशः बढ़कर पूर्णसम होते हैं। एवं पूर्णिमा के अनन्तर क्रमशः घटने लगते हैं इसीलिये पूर्णिमा से पहले उत्सर्पिणी पूर्णिमा के बाद अवसर्पिणी और मध्यमे पूर्णिमा में सुसमा पूर्णगोल रहते हैं। यही स्थिति युगादि में बढ़ने की ओर, युगान्तमे घटने की ओर तथा मध्यमे बराबर स्थिति रहती है।

षष्ट्यब्दानां षष्टिर्यदा व्यतीतास्त्रयश्च युगपादाः।
त्र्यधिका विंशतिरब्दास्तदेह मम जन्मनोऽतीताः ॥१०॥

षष्ट्यब्दानां गुरूवर्षाणां षष्टिः वारं यदा व्यतीताः युगपादाः त्रयः सत्यत्रेताद्वापरयुगपादाः यदा व्यतीताः तदेह मम जन्मनः त्र्यधिका विंशतिः त्रयोविंशतिः २३ अब्दाः वर्षाणि व्यतीताः अर्थात वर्तमानयुगे सत्यत्रेताद्वापर-द्वापरयुगपादे व्यतीते कलिपादस्य ६० × ६० = ३६०० षट्त्रिंशच्छतवर्षे गतेऽस्मिन्वर्तमानकाले मम जन्मनः २३ त्रयोविंशति वर्षाणि गतानि अर्थात् ३६००—२३ = ३५७७ कलेर्गते आचार्यस्य जन्माभूत्। कलेरारंभात् ३१७६

यदैतानि वर्षाणि गतानि तदा शकारम्भो जात : तेन ३५७७—३१७९=३९८ शके आर्यभटस्य जन्म अभूत् तथा ४२१ शके तेनार्यभटीयं पुस्तकं रचितमिति।

कलेरारंभात् स्वसमयख्यापनं सूचयति यत्तदा तत्र शकचर्चा नासीत् अन्यथा शकगणनयैव समयख्यापनमभवत्। तथा ऽऽचार्यस्य जन्म सौर वर्षादावेवाभवत् यतः मासानां तिथेश्त्र चर्चा जन्मसमयसम्बन्धे न कुत्राप्यस्ति अतएव सौरवर्षारम्भदिनएव आचार्यस्य जन्मदिवसकर्तव्यमुचितं प्रतीयते। तेन वर्षारम्भे मेषसंक्रान्तिदिन एव आचार्यस्य जन्मोत्सवः कर्त्तव्यः। एतत् दिनं सर्वदा एप्रिलमासस्य त्रयोदशतारिकायां भवति।

षष्ट्यब्दानां षष्टिरित्यनेन गुरुवर्षकल्पनया गुरुवर्षारम्भे आचार्यस्य जन्म। परन्तु गुरु वर्षान्तं रविवर्षान्तकालस्यासन्नकाल एव भवति तेन रविवर्षादावेवास्य जन्मजयन्त्युत्सवः।

भा०

इस महायुग में सत्य, त्रेता, द्वापर तीन युग के बीत जाने पर कलियुग के आरम्भ से साठ वर्ष वाले गुरू वर्ष का जब साठ बार भ्रमण हो चुका था अर्थात् ६०×६०=३६०० सौरवर्ष बीत चुके थे तब इस ग्रन्थ के लिखने के समय में उनकी आयु के २३ वर्ष बीत चुके थे। अर्थात् ३५७७ वर्ष बीतने पर उनका जन्म हुआ था। ३१७९ वर्ष कलि के बीतने पर शक का आरम्भ हुआ था। इसलिए ३५७७-३१७९=३९८ शक में आचार्य का जन्म हुआ था और ४२१ शकाब्द में उन्होंने आर्यभटीय ग्रन्थ को लिखा था।

कलियुग के प्रारंभ से उन्होंने अपनी गणाना कीहै इससे विदित होता है कि आर्यभट के समय में शक संवत् का प्रचार नहीं हुआ था। उन्हों ने अपनी आयु को पूरी वर्षगणाना में लिखी है इसलिये वर्षान्त या वर्षारंभ में उनका जन्म हुआ था। अत एव हमलोग वर्षारंभ १३ एप्रिल को प्रति वर्ष उनकी जन्मदिवसजयन्ती मनाते हैं।

युगवर्षमासदिवसास्समं प्रवृत्तास्तु चैत्र शुक्लादेः।
कालोऽयमनाद्यन्तो ग्रहभैरनुमीयते क्षेत्रे ॥११॥

चैत्रशुक्लादेः चैत्रशुक्लप्रतिपदादितः सममेककालावच्छेदेन युगवर्षमासदिवसाः प्रवृत्ताः। चैत्रशुक्लप्रतिपदारम्भ एव मेषादौ ग्रहाः स्थिता आसन यतस्तदैव वर्षस्य मासस्य दिवसस्य च प्रवृत्तिः। अयं कालोऽप्यनाद्यन्त इति

क्षेत्रे ग्रहभैरनुमीयते अर्थात् सर्वदा क्षेत्रे स्वमार्गे आकाशे ग्रहाणां नक्षत्राणां च चारः तेनानुमीयते यदयं कालः अनाद्यन्तः नास्य कुत्राप्यादिर्न चान्त इति ।

भा०

चैत्र शुक्ल प्रतिपत् से युग, वर्ष, मास, दिन सब एक ही समय में प्रवृत्त हुए। क्षेत्र में आकाश में ग्रह और नक्षत्र घूमते रहते हैं इससे अनुमान होता है कि काल अनादि और अनन्त है। काल को परिच्छिन्न करने वाले ग्रह नक्षत्र चूँकि सर्वदा चलते ही रहते हैं इसीलिये ऐसा अनुमान होता है।

षष्ट्या सूर्याब्दानां प्रपूरयन्ति ग्रहा भपरिणाहम् ।
दिव्येन नभःपरिधिं समं भ्रमन्तः स्वकक्ष्यासु ॥ ११ ॥

भवांशेऽर्कः एतत्पूर्वकथनस्यायं परिष्कारः। एकस्मिन्नब्दे सूर्यः स्वकक्षा योजनानि भ्रमति।

अतः सूर्याब्दानां षष्ट्या अर्थात् षष्टिसूर्यवर्षप्रचलितसूर्यकक्षयोजनैः ग्रहाः भपरिणाहं नक्षत्रकक्षापरिधिं प्रपूरयन्ति। तथा स्वकक्ष्यासु समं योजनमानेन भ्रमन्तः ग्रहाः दिव्येन चतुर्युगेन यावन्तं योजनात्मकं प्रदेशं गच्छन्ति तत्तुल्यमेव नभः परिधिं आकाशकक्षां प्रपूरयन्ति।

ग्रहभगणैर्विहृता खकक्षा तत्तद्ग्रहस्य स्वकक्षा भवति। यतो निज-कक्षिकायामजस्रं परिवर्त्तमानो ग्रहः स्वकक्षामितयोजनानि परिभ्रमति। परन्तु भकक्षामानं किं तदर्थं कथयति यत् षष्टिवर्षप्रमितकालैः सूर्यः यावन्ति योजनानि स्वकक्षायां भ्रमति तावन्त्येव योजनानि नक्षत्रकक्षेति। एवं दिव्यचतुर्युगेन यावन्तं योजनात्मकं प्रदेशं ग्रहाः गच्छन्ति तावन्त्येवाकाशक। क्षायोजनानि। सममित्यनेन ग्रहाणां योजनात्मिका गतिः समेति प्रतिपादिता।

भा०

साठ सूर्य वर्षों में अर्थात् साठ वर्ष में सूर्य अपनी कक्षा में जितने योजन चलते है उतने ग्रह सब नक्षत्र परिधि को पूरा करते है। दिव्य चतुर्युग में ग्रह जितने योजन

घूमते है वही आकाशकक्षा है और अपनी अपनी कक्षा में समान घूमते हुए ग्रह आकाश कक्षा को पूर्ण करते हैं। सब ग्रहों की दैनन्दिनी योजनात्मिका गति तुल्य है।

मण्डलमल्पमधस्तात् कालेनाल्पेन पूरयति चन्द्रः।
उपरिष्टात् सर्वेषां महच्च महता शनैश्चारी ॥१३॥

अधस्तात् सर्वेषामधः स्थितश्चन्द्रः अल्पं मण्डलं स्वीयं अल्पेन कालेन पूरयति। सर्वेषां उपरिष्टात् सर्वेषामुपरि स्थितः शनैश्चारी शनैश्चरः महत् स्वीयं मण्डलं महता कालेन पूरयति।

सर्वे ग्रहाः कल्पे खकक्षामितयोजनानि परिभ्रमन्ति अत एकस्मिन् दिने सर्वेषां योजनात्मिका गतिस्तुल्यैव ११८५८ ४५ एतानि योजनानि दैनिकगतिः।

सर्वाः कक्षाः चक्रलिप्ताङ्किताः अतोऽत्र कल्प्यते चन्द्रकक्षायां चन्द्रस्य योजनात्मिका गतिः = पर एवं बुध कक्षायां बुधस्य गतिः छव तथा शनैश्चर कक्षायां शनेर्योजनगतिः थस

परन्तु कलात्मिका चन्द्रगतिः ∠ पकेर,

बुधस्य कलात्मिका गतिः ∠ छ के व,

तथा शनेः कलात्मिका गतिः ∠ थ के स

अत इदं स्पष्टं दृश्यते यत् चन्द्रस्य कलात्मिका गतिः सर्वाधिका तथा शनेः कलात्मिका गतिः सर्वाल्पेति उपपन्नम्।

भा०

योजनात्मिका गति बराबर होने के कारण सबसे नीचे अपने छोटे मण्डल को चन्द्रमा बहुत अल्प काल में भोगते हैं और सबसे उपर बडी कक्षा वाला जो शनि है वह बहुत काल में अपने मण्डल का भोग करता है जैसा कि क्षेत्र में स्पष्ट है।

अल्पे हि मण्डलेऽल्पा महति महान्तश्च राशयो ज्ञेयाः ।
अंशाः कलास्तथैवं विभागतुल्या स्वकक्ष्यासु ॥१४॥

अल्पे हि मण्डले अल्पाः राशयः महति मण्डले महान्तश्च राशयः ज्ञेयाः अर्थात् मण्डलस्य अल्पत्वे राशिविभागे कृते एकस्य राशेः विभागः स्वल्पो भवति महति मण्डले महान् विभागो भवति एवमंशाः कला अपि अल्पास्तथा महान्तश्च भवन्ति । किन्तु स्वकक्ष्यासु विभागा तुल्याः भवन्ति । यद्यपि स्वरूपे लघु महद्वा किन्तु तस्य माने नास्ति काचित् क्षतिः मानं यथा लघुमण्डले तथा बृहन्मण्डलेऽपि भवति । अर्थात् स्वकक्षास्वपि द्वादश राशयः ३६०° अंशाः तथा २१६०° कलाः सन्ति ।

भा०

छोटे मण्डल में राशि विभाग छोटा और बड़े मण्डल में बड़ा विभाग होता है इसी प्रकार अंश, कला, विकला का विभाग छोटा बड़ा होता है । अपनी अपनी कक्षा में बारह राशि ३६० अंश तथा २१६०० कला है ।

भानामधश्शनैश्चरसुरगुरूभौमार्कशुक्रबुधचन्द्राः ।
तेषामधश्च भूमिर्मेधीभूता खमध्यस्था ॥१५॥

सर्वेषामुपरि भानां नक्षत्राणां मण्डलं तस्मादधः शनैश्चरस्ततः सुरगुरूः तस्मादधो भौमस्ततोऽधः रविः ततः शुक्रः ततो बुधः सर्वेषामधश्चन्द्रमण्डलमस्ति । सर्वेषां मण्डलानामधः भूमिः पृथिवी इयं स्वशक्त्या खमध्यस्था आकाशमध्ये स्थिता मेधीभूता तिष्ठति । यथा कणमर्दनार्थं स्थिरा मेधिः तस्य परितो वृषभाः भ्रमणं कुर्वन्ति शस्योपरि । एवमाकाशे पृथिवी मेधीभूता यस्याः परितो चन्द्रादारभ्य भानां मण्डलमपि भ्रमन्ति ।

सर्वेषां कर्णज्ञानं वेधरीत्या कृतं तत्र चन्द्रस्य कर्णः सर्वाल्पस्तथा शनेः कर्णः सर्वाधिकः सिद्धः तेन तेषां ग्रहाणां बिम्बानि अध ऊर्ध्वस्थानि यथा क्रमं सन्ति तद्बिम्बीयकर्णज्ञानं यथाः—

कल्प्यते

भू = भूके

वि = बिम्बकेन्द्र

भूवि = ग्रहकर्णो बिम्बीयः

पृर = उच्छ्रयः

प्रथमं पृस्थाने

रपृवि कोणमापनं कृत्वा

पुनः र बिन्दौ

सरवि कोणं मापयित्वा ततः

१८० – रपृवि = भूपृवि

तथा १८० – सरवि = पृरवि

१८० – (रपृवि + पृरवि) = पृविर

ततः $\frac{\text{पृर} \times \text{ज्या पृरवि}}{\text{ज्या पृविर}}$ = पृवि ततः भूपृवि त्रिभुजे भूपृ ।

पृवि भुजयोस्तदन्तर्गतकोणस्य च ज्ञानात् त्रिकोणमित्या बिम्बीय-कर्णज्ञानं सुगमम् ।

भा०

नक्षत्रों के नीचे शनि का तब गुरू तब मंगल उसके बाद सूर्य तत्पश्चात् शुक्र उसके अनन्तर बुध और तब चन्द्रमा की कक्षा है सब के नीचे आकाश मध्य में मेढ़ की तरह पृथिवी खड़ी है।

ग्रहों के विम्वीयकर्ण जानकर ऐसा मालूम हुआ कि चन्द्रकर्ण सबसे छोटा और शनिकर्ण सबसे बड़ा है इसी प्रकार कर्णज्ञान से यह अवगत हुआ कि किसके ऊपर कौन है। पृथिवी को मेधी कहने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि यहाँ पृथिवी स्थिर कही गही है। इस प्रकार आचार्य ने दोनों मतों का उल्लेख किया है। प्राचीन मत तथा स्वीय नवीनमत।

सप्तैते होरेशाश्शनैश्चराद्या यथाक्रमं शीघ्राः।
शीघ्रक्रमाच्चतुर्था भवन्ति सूर्योदयाद्दिनपाः ॥१६॥

शनैश्चराद्या एते सप्त ग्रहाः यथाक्रमं शीघ्राः अर्थात् शनैश्चरापेक्षया गुरुः शीघ्रगतिग्रहः तदपेक्षया कुजः तदपेक्षया रविः शीघ्रः एवमेते होरेशाः भवन्ति। शीघ्रक्रमात् चतुर्थः शीघ्रः दिनपतिः अर्थात् शनेश्चतुर्थः शीघ्रो रविः अतः प्रथमं दिनपतिः सूर्यः सूर्याच्चतुर्थः शीघ्रः चन्द्रः अतो द्वितीयो दिनपतिश्चन्द्रः। एवं श० गु० मं० र० शु० बु० च० एषु क्रमतश्चतुर्थो दिनपतिर्भवति। तेन रव्यादयो वाराः क्रमतः प्रचलितास्सन्ति। सूर्योदयात् दिनपाः भवन्ति।

भा०

शनैश्चर, सबसे मन्दगतिग्रह है। उसकी अपेक्षा शीघ्रतर गुरू, फिर मंगल तथा उसके बाद सूर्य है। येही होरा का स्वमी होते है। इन सातो ग्रहों में शनैश्चर से चतुर्थ यथाक्रम शीघ्रग्रह सूर्य प्रथम दिनपति वारेश होते हैं तदनन्तर चतुर्थ चन्द्र तदनन्तर चतुर्थ मंगल फिर बुध तब गुरू तब शुक्र तब शनि चतुर्थ चतुर्थ ग्रह वारेश होते हैं, वारेश के ही अनुसार सूर्यादि वारगणना प्रचलित है। सूर्योदय से दिनपति होते हैं। सूर्योदय से द्वितीय सूर्योदय तक वार है।

कक्ष्या प्रतिमण्डलगा भ्रमन्ति सर्वे ग्रहाः स्वचारेण।
मन्दोच्चादनुलोमं प्रतिलोमश्चैव शीघ्रोच्चात् ॥१७॥

कक्ष्यामण्डलगा तथा प्रतिमण्डलगाः सर्वेग्रहाः स्वचारेण भ्रमन्ति तत्र मन्दोच्चात् अनुलोमं भ्रमन्ति किन्तु शीघ्रोच्चात् प्रतिलोमं भ्रमन्ति।

अत्रोपपत्तिः

समायां भूमौ विन्दुं कृत्वा तां भूमिं प्रकल्प्य ततस्त्रिज्यामितेन कर्कटकेन कक्षामण्डलं लिखेत्। तद्भगणाङ्कितं कृत्वा मेषादेरारभ्य ग्रहमुच्चं च दत्वा तत्र चिह्ने कार्ये। ततो भूविन्दूच्चचिह्नयोरूपरि रेखा दीर्घा कार्या। सोच्चरेखोच्यते। तदुपरि लम्बरूपिणी अन्या रेखा कार्या। भूविन्दोरूपयन्त्यफलज्यामुच्चोन्मुखीं दत्वा तदग्रे त्रिज्यामित कर्कटेन प्रतिमण्डलं च कार्यम्। उच्चरेखया सह यत्र संपातस्तत्र प्रतिमण्डेऽप्युच्चं ज्ञेयम्। तस्मादुच्चभोगं विलोमं दत्वा तत्र प्रतिमण्डले मेषादिर्ज्ञेयः। ततो ग्रहमनुलोमं दत्वा तत्र चिह्नं कार्यम्। अथ प्रतिमण्डलमध्येऽन्या तिर्यग्रेखा कार्या। तिर्यग्रेखयोरन्तरमन्त्यफलज्यातुल्यमेव

सर्वत्र भवति। ग्रहोच्चरेखयोरन्तरं दोर्ज्या। ग्रहतिर्यग्रेखयोरन्तरं कोटिज्या। प्रतिमण्डलस्थग्रहाद्भूविन्दुगामि सूत्रं कर्णः। कर्णसूत्रस्य कक्षावृत्तस्य यत्र संपातस्तत्र स्फुटो ग्रहः। कक्षामण्डले स्फुटमध्ययोरन्तरं फलम्। तच्च मध्यग्रहात् स्फुटेऽग्रस्थे धनं पृष्ठस्थे ऋणमिति किल ग्रहसंस्थानम्।

कक्ष्यामण्डलतुल्यं स्वं प्रतिमण्डलं भवत्येषाम्।
प्रतिमण्लस्य मध्यं घनभूमध्यादतिक्रान्तम् ॥१८॥

कक्ष्यामण्डलतुल्यमेव एषां ग्रहाणां स्वं स्वं प्रतिमण्डलं भवति। यस्य प्रतिमण्डलस्य मध्यं केन्द्रं घनभूमध्यात् भूकेन्द्रात् अतिक्रान्तं अर्थाद्भू केन्द्रादन्यत्र तस्य प्रतिमण्डलस्य केन्द्रं भवति।

कक्षामण्डलस्य केन्द्रं भूकेन्द्रऽस्ति अतएव प्रतिमण्डलस्य मण्डलान्तरस्य केन्द्रं भूकेद्रादन्यत्र भवति अन्त्यफलज्यातुल्यान्तरे।

भा०

कक्षामण्डल के तुल्य ही इन ग्रहों के प्रतिमण्डल भी होते हैं। प्रतिमण्डल का केन्द्र भूकेन्द्र से भिन्न स्थान में होता है।

प्रतिमण्डलभूविवरं व्यासार्द्धं स्वोच्चनीचवृत्तस्य ।
वृत्तपरिधौ ग्रहास्ते मध्यमचारं भ्रमन्त्येव ॥१९॥

प्रतिमण्डलभूविवरं प्रतिमण्डलभूकेन्द्रयोरन्तरं अन्त्यफलज्यारूपं स्वोच्चनीचवृत्तस्य व्यासार्धं भवति। शीघ्रनीचोच्चवृत्तस्य व्यासार्धं शीघ्रान्त्यफलज्यातुल्यं मन्दनीचोच्चवृत्तस्य व्यासार्धं मन्दान्त्यफलज्यातुल्यमिति। ते ग्रहाः वृत्तपरिधौ मध्यमचारमेव भ्रमन्ति।

अत्रोपपत्तिः।

कक्षामण्डले मध्यमग्रहस्थानेऽन्त्यफलज्यामितकर्कटेन वृत्तं विलिख्य भूविन्दोर्मध्यग्रहोपरिगामिनी रेखा कार्या सा तत्रोच्चरेखा। तस्य वृत्तस्य रेखया सह योगौ तयोरूपरितन उच्चसंज्ञः। तद्रेखातोऽन्या तिर्यग्र वृत्तमध्ये रेखा कार्या।

तदपि वृत्तमुच्चप्रदेशादत्राभांशैरङ्कयम्। तत्रोच्चाच्छीघ्रकेन्द्रमनुलोमं देयम्। मन्दकेन्द्रन्तु विलोमं देयम्। तत्र शीघ्रकेन्द्राग्रे पारमार्थिको ग्रहः। मन्दाग्रे मन्दस्फुटः। अत्रापि ग्रहोच्चरेखयोरन्तरं भुजफलं ग्रहतिर्यग्रेखयोरन्तरं कोटिफलं ग्रहभूम्योरन्तरं कर्णः। अथ मकरादिकेन्द्रे त्रिज्योर्ध्वतः कोटिफलं दृश्यते। कर्क्यादौ तु तदधः। अतस्तदैक्यान्तरं स्फुटा कोटिः। भुजफलं तु तत्र भुजः तयोर्वर्गयोगपदं कर्ण इति।

भा०

प्रतिमण्डलकेन्द्र भूकेन्द्र का अन्तर अन्त्यफलज्यातुल्य अपने नीचोच्चवृत्त का व्यासार्ध होता है। ग्रह सब मध्यम गति से उस नीचोच्चवृत्त की परिधि में घूमते हैं।

यः शीघ्रगतिः स्वोच्चात् प्रतिलोमगतिः स्ववृत्तकक्ष्यायाम्।
अनुलोमगतिर्वृत्ते मन्दगतिर्यो ग्रहो भवति ॥२०॥

शीघ्रगतिग्रहः स्वोच्चात् स्ववृत्तकक्षायां अर्थात् शीघ्रनीचोच्चवृत्तकक्ष्यायां प्रतिलोमगतिः गच्छति विलोमगत्या भ्रमति। मन्दगतिः यः ग्रहः स वृत्ते अर्थात् मन्दनीचोच्चवृत्ते अनुलोमगतिर्भवति। क्रमगत्या गच्छति।

अतएव शीघ्रगतिग्रहः शीघ्रोच्चाद् पृष्ठतो भवति तेन ग्रहोनं शीघ्रोच्चं शीघ्रकेन्द्रं भवति। अतो मेषादितः कन्यान्तं यावत् प्रथम द्वितीयपदे मन्दस्पष्ट ग्रहस्य स्पष्टग्रहात् पश्चात्स्थिते शीघ्रफलं मन्दस्पष्टे धनं कृत्वा स्पष्टग्रहो भवति। तुलादिकेन्द्रे तु ऋणं कृत्वा स्पष्टग्रहो भवति।

एवं मन्दगतिग्रहः मन्दनीचोच्चवृत्ते क्रमगतिस्तेन मन्दोच्चोनोग्रहो मन्द-केन्द्रमतः मेषादितः कन्यान्तं यावत् मन्दस्पष्टग्रहः मध्यमग्रहात् पृष्ठतो भवति तेन मन्दफलं मध्यमग्रहे ऋणं कृत्वा मन्दस्पष्टो भवति। एवं तुलादिकेन्द्रे फलं धनं कृत्वा मन्दस्पष्टो भवति।

भा०

शीघ्रगतिग्रह अपने उच्च अर्थात् शीघ्रोच्च से अपनी शीघ्रनीचोच्चवृत्तकक्षा में प्रति-लोम अर्थात् विपरीत गति से चलते हैं। मन्दगति ग्रह अपने वृत्त में अर्थात् मन्दनीचोच्च वृत्तमें क्रमगति से चलते हैं।

ऋणधनधनक्षयाः स्युर्मन्दोच्चाद् व्यत्ययेन शीघ्रोच्चात्।
शनिगुरुकुजेषु मन्दादर्धमृणधनं भवति पूर्वे ॥२२॥

मन्दोच्चात् शीघ्रोच्चात् व्यत्ययेन ऋणधन धनक्षयाः स्युः। मन्दात् मन्दोच्चात् शनिगुरुकुजेषु अर्धं ऋणधनं पूर्वे पूर्वफले भवति। अर्थात् मन्दोच्च-वशतः मन्दोच्चोनग्रहतो यन्मन्दफलं तन्मेषादिकेन्द्रे ऋणं तथा तुलादिकेन्द्रे धनं भवति। एवं शीघ्रोच्चाद् व्यत्ययेन शीघ्रनीचोच्च वृत्तेभ्रमणात् ग्रहोनं शीघ्रोच्चं शीघ्रकेन्द्रं भवति तेन तत्र यच्छीघ्रफलं तत् मेषादिकेन्द्रे धनं तथा तुलादिकेन्द्रे ऋणं भवति। शनिगुरुकुजेषु विशेषः कथयति। एषु ग्रहेषु मन्दात् मन्दोच्चात् यत्प्रथम-फलं मन्दफलं तस्यार्धमेव प्रथमं मध्यमग्रहे संस्कार्यं। संस्कार विधिरेषः। अजादिकेन्द्रे ऋणं तुलादिकेन्द्रे धनं कार्यम्।

भा०

मन्दोच्च से जो फल होता है वह ऋण धन होता है अर्थात् मेषादिकेन्द्रमे ऋण और तुलादिकेन्द्र में धन होता है। शीघ्रोच्च से विपरीत अर्थात् शीघ्रोच्च में ही ग्रह को घटाकर शीघ्रकेन्द्र से जो शीघ्रफल होता है वह मेषादि केन्द्र में धन तथा तुलादिकेन्द्र में

ऋण होता है। शनि, गुरू, मंगल में विशेषबात यह है कि प्रथमतः मन्दोच्च पर से जो मध्दफल होता है उसका आधा ही पहले ऋण, धन संस्कार होता है।

मन्दोच्चाच्छीघ्रोच्चादर्धमृणधनं ग्रहेषु मंदेषु।
मन्दोच्चात् स्फुटमध्याश्शीघ्रोच्चाच्च स्फुटा ज्ञेयाः ॥२३॥

मन्दोच्चात् शीघ्रोच्चाच्च मन्देषु ग्रहेषु अर्धं ऋणधनं संस्कार्यं। मन्दोच्चात् स्फुटमध्याः ग्रहाः स्युः शीघ्रोच्चाच्च स्फुटाः ग्रहाः ज्ञेयाः। अत्र चत्वारि फलानि तत्र प्रथमं मन्दोच्चहीनात् मध्यमात् मन्दफलं संसाध्य तदर्धं तत्र ग्रहे मेषादौ ऋणं तुलादौ धनं कार्यं ततः मन्दफलार्धसंस्कृतमध्यमग्रहं शीघ्रोच्चादपास्य शीघ्रफलं साध्यं तदर्धमपि तत्र संस्कार्यं तदा स्फुटमध्यो भवति। ततः तस्मिन् ग्रहे मन्दोच्चं विशोध्य मन्दफलं साध्यं तेन संस्कृतः साधितस्फुटमध्यः तदा मन्दस्पष्टग्रहो भवति तं मन्दस्पष्टं पुनः शीघ्रोच्चादपास्य शीघ्रफलं साध्यं तेन संस्कृताः मन्दस्पष्टाः शनि गुरू कुजाः स्फुटास्ते भवन्ति।

भा०

ग्रहों का स्फुटीकरण एक प्रकार का नहीं, भिन्न भिन्न आचार्यों ने जिस प्रकार दृग्गणितैक्य देखा उसी प्रकार ग्रह साधन किया है। सूर्य, चन्द्रमा में एक ही मन्दफल का संस्कार होता है। भौमादि पंचग्रह मे शनि, गुरू, मंगल मन्दगति ग्रह के लिये इस ग्रंथ में पहले मंद फल लाकर उसका आधा मध्यमग्रह में संस्कार करें, तदनन्तर मन्दफलार्ध संस्कृत ग्रह से शीघ्र फल साधन कर उसका आधा मध्यग्रह में संस्कार कर तव पुन; उस ग्रह पर से मन्द फल साधन कर फलद्वय संस्कृत ग्रह में संस्कार करें तदनन्तर उस पर से शीघ्र फल का आनयन कर मन्दफल संस्कृत ग्रह में देना तव वास्तव स्पष्ट ग्रह होता है। यहाँ चार फल का संस्कार है।

शीघ्रोच्चादर्धोनं कर्त्तव्यमृणं धनं स्वमन्दोच्चे।
स्फुटमध्यौ तु भृगुबुधौ सिद्धान्मन्दात् स्फुटौ भवतः ॥२४॥

भृगुबुधयोस्तु शीघ्रोच्चान्मध्यमहीनादुत्पन्नं शीघ्रफलं तस्यार्धं स्वमन्दोच्चे ऋणं धनं मेषादौ धनं तुलादौ ऋणं कर्त्तव्य तदा सिद्धमन्दोभवति। एवं सिद्धात् मन्दोच्चात् मन्दफलं तेन सकलेन संस्कृतौ मध्यमौ भृगुबुधौ स्फुटमध्यौ मन्दस्पष्टौ भवतः ततः शीघ्रफलसंस्कारेण स्फुटौ वास्तवौ भृगुबुधौ भवतः।

शनिजीवभूवां साधने प्रथमं मन्दफलार्धं पुनः शीघ्रफलार्धमानीय मध्यमे संस्कृतं तस्मान्मध्यमग्रहात् वास्तवमन्दफलं संसाध्य तत्र पूर्वोक्तमध्यमे संस्कृतं इह बुधशुक्रयोः साधने प्रथमं केवलं चलफलमानीय तस्यार्धं मन्दोच्चे संस्कृतं ततः संस्कृतात् मन्दोच्चात् सकलं मन्दफलमानीय मध्यमग्रहे संस्कृतमिति विशेषः। एवं भिन्नरूपेण फलानयनं कथं क्रियते तत्रोपलब्धिरेव वासना। अर्थात् एतादृशे संस्कारे कृते गणितागतो ग्रहः दृक्तुल्यतामुपैति तेनैव कारणेन फलवासना विचित्रास्ति।

भा०

बुध शुक्र शीघ्रगतिग्रह के साधन में कुछ और विशेषता है। पहले मध्यमग्रह को शीघ्रोच्च में घटाकर शीघ्र फल लावें। उस शीघ्रफल का आधा मन्दोच्च में मेषादि में धन तुलादि में ऋण करें। इस प्रकार संस्कृत मन्दोच्च पर से मन्दफल का साधन करें। वह समस्त फल मध्यमग्रह में संस्कार करने से स्फुटमध्य वा मन्दस्पष्ट होता है। उसपर से शीघ्रफल साधन कर उस मन्दस्पष्ट में संस्कार करने से स्पष्ट बुध शुक्र हो जाते हैं। कुजगुरुशनि के साधन में मन्दफलार्ध शीघ्रफलार्ध संस्कृत मध्यम पर से मन्दफल साधन किया गया है किन्तु बुध शुक्र में केवल शीघ्रफलार्ध का संस्कार है वहभी मध्यमग्रह में नहीं मन्दोच्च में किया गया है तब संस्कृत मन्दोच्च पर से मन्दफलका साधन है। यह विचित्र फलवासना इसलिये है कि ऐसा करने पर ही दृक् प्रतीति होती है।

भूताराग्रहविवरं व्यासार्धहृतः स्वकर्णसंवर्गः।
कक्ष्यायां ग्रहवेगो यो भवति स मन्दनीचोच्चे ॥२५॥

स्वकर्णसंवर्गः व्यासार्धहृतः त्रिज्यया भक्तस्तदा भूताराग्रहविवरं अर्थात् भूकेन्द्रात् ताराग्रहपर्यन्तं विवरं अन्तरं अर्थात् कर्णतुल्यं अन्तरं भवति। कक्ष्यायां यः ग्रहवेगः ग्रहगतिः सः मन्दनीचोच्चवृत्ते भवति।

अत्रोपपत्तिः।

यदि त्रिज्या व्यासार्धे मन्दकर्णः कर्णस्तदा शीघ्रकर्णव्यासार्धे क इति लब्धं भूताराग्रहविवरं अर्थात् भूकेन्द्रात्ताराग्रहपर्यन्तमन्तरं।

इति कालक्रियापादः पूर्णः।

भा०

मन्दकर्ण शीघ्रकर्ण के गुणन को व्यासार्ध त्रिज्या से भाग देने पर पृथिवी केन्द्र से ताराग्रह केन्द्र तक का ज्ञान हो जाता है। कक्षा में जो ग्रहगति मध्यमागति है उसी गति से ग्रह मन्दनीचोच्च वृत्त में घूमते हैं।

मेषादेः कन्यान्तं सममुदगपमण्डलार्धमुपयातम् ।
तौल्यादेर्मीनान्तं शेषार्धं दक्षिणेनैव ॥ १ ॥

मेषादेः कन्यान्तं अपमण्डलार्धं क्रान्तिवृत्तार्धं समं उदग् अर्थाद्विषुवद्वृत्तत उत्तरमुपयातं गतम् । शेषार्धं क्रान्तिवृत्तस्येत्यर्थः तौल्यादेर्मीनान्तं दक्षिणेन एव अर्थाद्दक्षिण दिशि स्थितम् । आचार्यसमये अयनांशाभाव आसीत् अन्यथा सायनं मेषादिषट्कं उत्तरं तथा शेषं दक्षिणदिशि विषुवद्वृत्तस्य स्थितमस्तीति ।

भा०

क्रान्तिवृत्त (जिस वृत्त में सूर्य घूमते हैं) उसका आधा मेष के प्रारम्भ से लेकर कन्या के अन्ततक विषुदवद्वृत्त से उत्तर भाग में है । जिस समय अयनांश नहीं था उस समय की यह स्थिति है । आर्यभट्ट के समय में अयनांश उपलब्ध नहीं हुआ था इसलिए ऐसा कहा है । यथार्थ में सायन मेषादि ६ राशि विषुवद् वृत्त से उत्तर में है और शेष भाग क्रान्तिवृत्त का विषुवद् वृत्त से दक्षिण भाग में है । क्रान्तिवृत्त नाडीवृत्त के योग विन्दु सायन मेषदि को विषुव कहते हैं । यह आजकल २२ मार्च को होता है उसदिन दिन रात बराबर होती है किन्तु मेष संक्रान्ति प्रति वर्ष १३ एप्रिल को होती है । अर्थात् २२ दिन पहले ही मेष संक्रान्ति के दिन से दिनरात बराबर होती है । आर्यभट्ट के समय में दिनरात बराबर १३ एप्रिल को होती थी । ज्योतिष सूर्य सिद्धान्त के मत से अयनांश सत्ताइस अंश तक है फिर यह चक्र लौटता है मेषदि विन्दु में आकार पुन; २७ अंश पूरब जायगा फिर लौट कर मेषादि विन्दु में आवेगा इस प्रकार १०८ अंश का अयनांश भगण होता है ।

तारा ग्रहेन्दुपाता भ्रमन्त्यजस्रमपमण्डलेऽर्कश्च ।
अर्काच्च मण्डलार्धे भ्रमति हि तस्मिन् क्षितिच्छाया ॥२॥

तारा ग्रहेन्दुपाताः ताराग्रहाः ताराारूपाः ग्रहाः भौमादिपञ्चग्रहाः इन्दुश्चन्द्रस्तेषां पाताः एते सर्वे अपममण्डले क्रान्तिमण्डले अजस्रं सर्वदा भ्रमन्ति । अर्कश्च सूर्यश्च अत्र मण्डले क्रान्तिवृत्ते अजस्रं भ्रमति । तस्मिन्हि मण्डले क्रान्तिवृत्ते अर्कात् सूर्यात् मण्डलार्धे षड्राश्यन्तरे हि क्षितिछाया भूभा भवति ।

अत्रोपपत्तिः ।

सूर्यत एव विरूद्धदिशि छायोत्पद्यते । सूर्यकेन्द्राद्भूकेन्द्रगामि सूत्रं यत्र क्रान्तिवृत्ते लगति तदेव भूभा मध्यस्थानं । सूर्यः क्रान्तिवृत्ते क्रान्ति

वृत्तस्य केन्द्रं च भूकेन्द्रम्। अतः सूर्याद् भूकेन्द्रगामिसूत्रं क्रान्तिवृत्तस्य व्यासत्वाद्रवितो षड्भान्तरे क्रान्तिवृत्ते लगति तेन अर्कादर्धे मही च्छाया भ्रमती त्युपपन्नम्।

भा०

तारारूप ग्रह हुए भौमादिपञ्चग्रह तथा चन्द्रमा उनका पात अपम मण्डल में अर्थात् क्रान्तिमण्डल में घूमते हैं। सूर्य भी अपने क्रान्तिमण्डल में सदा घूमते हैं। और सूर्य से छः राशि पर उसी क्रान्तिवृत्त में पृथिवी की छाया भी घूमती है। प्रकाशवान् वस्तु को कोई अवरोध होने पर विरुद्ध दिशा में अन्धकार या छाया होती है। क्रान्तिवृत्त का जिसमें सूर्य घूमते हैं केन्द्र भूकेन्द्र है। पृथिवी के केन्द्र से सूर्य के केन्द्र में जानेवाला सूत्र दूसरे भाग में छः राशि पर लगेगा क्योंकि वह सूत्र क्रान्तिवृत्त की व्यास रेखा है और वही विन्दुपृथिवी छाया का केन्द्र भी है। इसलिये सूर्य से छः राशि पर पृथिवी छाया घूमती है।

अपमण्डलस्य चन्द्रः पाताद्यात्युत्तरेण दक्षिणतः।
गुरुकुजकोणाश्चैवं शीघ्रोच्चेनापि बुधशुक्रौ ॥३॥

अपमण्डलस्य पातात् अर्थात् क्रान्तिमन्डलस्थस्वपातात् चन्द्रः उत्तरेण दक्षिणतश्च याति। यदोत्तरेण याति तदोत्तरः शरः यदा दक्षिणतोयाति तदा याम्यःशरः। एवं गुरुकुजकोणाः गुरुमंगलशनैश्चरा अपि अपमण्डलादुत्तरतः दक्षिणतश्च यान्ति। बुधशुक्रौ शीघ्रोच्चेनापि भ्रमतः। उक्तं च भास्कराचार्येण "उक्ते तयोर्ये चलतुङ्गकक्षे तत्रैव तौ च भ्रमतोऽर्कगत्या' तयोरानयनार्थम र्कस्यैव कक्षा तयोः कक्षा कल्प्या। अनयोः शरानयनाय "ये चात्र पातभगणाः पठिता ज्ञभृग्वोरि" त्यादिना उपायः प्रदर्शितो भास्कराचार्येण।

भा०

क्रान्तिमण्डल विमण्डल का संपात ही पात है अर्थात् मेषादि से उसका मान ही पात है इसलिये चन्द्रमा का पात क्रान्तिमण्डल में ही घूमता है। क्रान्तिमण्डल से स्वविमण्डल में चन्द्रमा उत्तर या दक्षिण हटा हुआ रहता है वह उनका शर कहलाता है। गुरू, मंगल, शनि का भी विमण्डल जितना क्रान्तिमण्डल से उत्तर या दक्षिण हटा हुआ रहता है वह उनका शर कहलाता है। बुध शुक्र अपने शीघ्रोच्चों से उत्तर दक्षिण क्रान्ति मण्डल के रहते हैं। इन दोनों के शर साधन के लिए भास्काराचार्य ने "ये चात्र पात भगणा इत्यादि प्रकार कहा है। आर्यभट्ट ने स्वल्प में इतना ही कहा कि बुध शुक्र अपनी

कक्षा के अनुसार नहीं किन्तु शीघ्रोच्चकक्षा के अनुसार ही उत्तर दक्षिण होते हैं तब उनका शर साधन होता है।

चन्द्रोऽशैर्द्वादशभिरविक्षिप्तोऽर्कान्तरस्थितैर्दृश्यः ।
नवभिर्भृगुर्भृगोस्तैर्द्व्यधिकैर्द्व्यधिकैर्यथा श्लक्ष्णाः ॥४॥

अविक्षिप्तः शररहितः चन्द्रः द्वादशभिरंशैः अन्तरस्थितैः सूर्यादन्तरितैः दृश्यो भवति। भृगुः नवभिरंशैरन्तरितःदृश्यो भवति। भृगोस्तैरंशैः द्व्यधिकैः अर्थादेकादशभिरंशैः पुनः द्व्यधिकैः यथा श्लक्ष्णाः पठिता-स्तेग्रहाः गुरुबुध मन्दकुजाः दृश्याः भवन्ति।

अत्रोपलब्धिरेव प्रमाणं निश्चितमाचार्यैः।

भा०

विना शर के चन्द्रादिग्रह इतने अंशतक सूर्य से अन्तरित रहने पर दृश्य होते हैं। इससे अल्प अन्तर में दृश्य नही होते। इन अंशों को परवर्ती आचार्यों ने कालांश कहा है। सूर्य से चन्द्रमा १२ अंश तक, शुक्र नव ६ अंश, गुरू ११ अंश, बुध १३ अंश, शनि १५ अंश, मंगल १७ अंश अन्तरित होने पर दृश्य होते हैं। वेध कर के ऐसा देखा गया है यही प्रमाण है।

भूग्रहभानां गोलार्धानि स्वच्छायया विवर्णानि ।
अर्धानि यथासारं सूर्याभिमुखानि दीप्यन्ते ॥५॥

भूग्रहभानां भुवः पृथिव्याः ग्रहाणां भानां च गोलार्धानि सूर्याद्विरुद्धदिशि स्थितानि स्वच्छायया स्वशरीरच्छायया विवर्णानि तेजोरहितानि अन्धकार मयानि भवन्ति। सूर्याभिमुखानि अर्धानि गोलार्धानि यथासारं यथाबलं यथातेजः दीप्यन्ते प्रकाशिता भवन्ति।

अत्र प्राचीनानां धारणा स्थूला। वस्तुतोऽर्धाधिकं बिम्बं प्रकाशितं भवति।

अत्रोपपत्तिः

भूखशीध चतुर्भुजे सभूध कोणस्य समकोणद्वयाल्पत्वात् छायाभागः अर्धाल्प एवेति । तथा प्रकाशितभागः सूर्याभिमुखः विम्बार्धादधिको भवति ।

भा०

पृथिवी, ग्रह, नक्षत्र सबका सूर्याभिमुख आधा भाग प्रकाशित होता है तथा आधा भाग देखने में नहीं आता है जो सूर्य के विरूद्ध दिशा में पड़ता है। किन्तु प्रकाशित भाग सूर्याभिमुख आधे से ज्यादे तथा छाया रूप अन्धकार आधे से अल्प होता हैं। प्राचीन का विश्वास था कि आधा प्रकाश तथा आधा अन्धकार रहता है।

